| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79,441.45 |
| निफ्टी | 24,123.85 |
| सोना | 66,350 |
| चांदी | 91000 |
| डॉलर | 83.48 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
बुधवार 03 जुलाई 2024
आषाढ़ कृष्ण 12/13 विक्रम सम्वत 2081
वर्ष 15, अंक 281
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00


# सत्संग के बाद भगदड़, 122 की मौत

## शवों को देख हार्टअटैक से पुलिसवाले की मौत

हाथरस। उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के सिकंदराराऊ कस्बे के फुलरई गांव में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां भोले बाबा का सत्संग चल रहा था। बताया गया है कि सत्संग समाप्त होने के बाद यहां से जैसे भी भीड़ निकलना शुरू हुई तो भगदड़ मच गई। इस भगदड़ में महिलाएं और बच्चे बुरी तरह कुचलते चले गए। मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में कई लोगों की मौत होने की आशंका है। घायलों को मेडिकल कॉलेज एटा भेजा गया है, अब तक 27 लोगों की मौत की खबर है। जिनके शव एटा मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जबकि कुल मृतकों की संख्या 122 बताई जा रही है। जिनके शव अलीगढ़ भेजे गए हैं। 150 से अधिक घायल हैं। कई लोगों की हालत गंभीर है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। वहीं सीएम योगी ने भी हादसे का संज्ञान लिया है।

हादसे के बाद हालात इस कदर भयावह हो गए कि अस्पताल के बाहर शव जमीन पर बिखरे पड़े रहे। हादसे के बाद जैसे-तैसे घायलों और मृतकों को बस-टैंपो में लादकर अस्पताल ले जाया गया। घटना की जांच के लिए एडीजी आगरा और अलीगढ़ कमिश्नर की टीम बनाई है। हादसे को अपनी आंखों से देखने वाली युवती ने बताया कि सत्संग में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी। सत्संग समाप्त हुआ उसके बाद लोग वहां से जाने लगे। इसी दौरान निकलने की जल्दी में भगदड़ मच गई। लोग एक दूसरे को देख ही नहीं रहे थे। महिलाएं और बच्चे गिरते चले गए। भीड़ उनके ऊपर से दौड़ रही थी। कोई बचाने वाला नहीं था। चारों ओर चीख-पुकार मची हुई थी।



### लाशों को देखकर सिपाही को आया हार्टअटैक

एटा में मेडिकल कॉलेज में लाशों का ढेर देखकर ड्यूटी पर तैनात सिपाही को हार्ट अटैक आ गया। उसकी मौके पर मौत हो गई। वह क्यीआरटी अवागढ़ में तैनात था। उसे मेडिकल कॉलेज आपात ड्यूटी पर बुलाया गया। इतनी लाशें देखकर वह बर्दाश्त न कर सका। सिपाही मूल रूप से सिद्धार्थनगर का रहने वाला था।

### पीएम मोदी ने हाथरस की घटना पर दुख व्यक्त किया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के हाथरस हादसे में हुई मौतों पर दुख व्यक्त किया और प्रत्येक मृतक के परिजनों और घायलों के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा की। मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये और भगदड़ में घायल हुए प्रत्येक व्यक्ति को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक्स पर पोस्ट किया- प्रधानमंत्री @narendramodi ने हाथरस में हुए हादसे में प्रत्येक मृतक के परिजनों के लिए पीएमएनआरएफ से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। मोदी ने दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बारे में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ से भी बात की और पीड़ितों को समय पर सहायता का आश्वासन दिया।

# सदन में भिड़े उपराष्ट्रपति और खरगे

## कभी किसी ने कुर्सी का इतना अपमान नहीं किया, जितना आपने किया

नई दिल्ली। राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान मंगलवार को सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और कांग्रेस के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के बीच तीखी बहस हो गई। इस दौरान सभापति ने खरगे के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि आपने कुर्सी का जितना अपमान किया है, उतना किसी ने नहीं किया। धनखड़ ने चेतावनी देते हुए कहा कि आप हर बार कुर्सी को नीचा नहीं दिखा सकते। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी अपने संबोधन में केंद्र सरकार पर निशाना साध रहे थे। उन्होंने मणिपुर, काले धन और लद्दाख के मुद्दे पर केंद्र पर हमला बोला और आरोप लगाया कि सरकार ने बीते 10 वर्षों में जो वादे किए थे, उन्हें पूरा नहीं किया गया। प्रमोद तिवारी जब ये कह रहे थे तो कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने बीच में कुछ कहना शुरू कर दिया, जिस पर सभापति ने कड़ी आपत्ति ली। इसके बाद प्रमोद तिवारी ने फिर से अपना संबोधन शुरू करते हुए पेट्रोल डीजल के दामों के मुद्दे पर केंद्र पर हमला बोला और कहा कि दुनिया के बाजारों में तेल के दाम घटे और यहां बढ़े, इसमें प्रधानमंत्री के अपने दोस्तों यारों का कुछ है....। इस पर सभापति ने प्रमोद तिवारी को टोका कि बिना तथ्यों के आधार पर ऐसे आरोप मत लगाइए। इस दौरान फिर से जयराम रमेश ने अपनी सीट से खड़े होकर कुछ कहना शुरू कर दिया।



### मुझे सोनिया गांधी ने बनाया है

इसके बाद सभापति ने फिर से जयराम रमेश के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए तंज कसा कि जयराम रमेश इतने समझदार है कि उन्हें खरगे की जगह बैठना चाहिए। इस पर खरगे ने आपत्ति ली और बराबर में बैठीं सोनिया गांधी की तरफ इशारा करते हुए कहा कि मुझे बनाने (राज्यसभा में विपक्ष का नेता) वाले यहां बैठे हैं श्रीमति सोनिया गांधी।

## खास खबर

### 25 लाख में दी गई थी सलमान की सुपारी

मुंबई। एक्टर सलमान खान के घर हुई फायरिंग की जांच कर रही नवी मुंबई पुलिस ने नया खुलासा किया है। पुलिस का कहना है कि लॉरेंस गैंग ने सलमान को मारने के लिए 25 लाख रुपए की सुपारी दी थी। पुलिस ने अब इस मामले में गिरफ्तार किए गए लॉरेंस गैंग के 5 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। ये आरोपी सलमान पर हमला करने के लिए पाकिस्तान से एके-47 राइफल, एके-92 राइफल और एम-16 राइफल खरीदने की तैयारी कर रहे थे। इसके अलावा इन्होंने जिगाना पिस्तौल भी मंगवाने की कोशिश की, जिससे पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या की गई थी।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट का सीबीआई को नोटिस

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट में मंगलवार को सीबीआई की ओर से की गई गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई हुई। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने सीबीआई को नोटिस जारी कर 7 दिन में जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 17 जुलाई को होगी। केजरीवाल की ओर से सोमवार को याचिका दाखिल की गई थी। केजरीवाल ने राउज एवेन्यू कोर्ट के 26 जून के उस आदेश को भी चुनौती दी है, जिसके तहत उनको 3 दिन के लिए सीबीआई की रिमांड पर भेजा गया था। फिलहाल केजरीवाल 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में हैं। सीबीआई केजरीवाल के खिलाफ शराब नीति केस में भ्रष्टाचार से जुड़े मामले की जांच कर रही है। इस मामले में सीबीआई ने 26 जून को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। दिल्ली सीएम शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पहले से ही तिहाड़ में बंद हैं।

### नीट मामले पर डी वाई चंद्रचूड़ की बेंच करेगी सुनवाई

नई दिल्ली। 8 जुलाई को नीट पेपर लीक मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। इस पर सुनवाई चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डी वाई चंद्रचूड़ की बेंच करेगी। दरअसल, नीट पेपर लीक, परीक्षा में हुईं गड़बडियों और ग्रेस मार्क्स के मुद्दे पर लगाई गईं सभी याचिकाओं पर 8 जुलाई को एक साथ सुनवाई होनी है। नीट पेपर लीक की खबरों के बीच ही एनटीए ने 18 जून को हुए यूजीसी नेट की परीक्षा को अगले 24 घंटे के भीतर ही कैंसिल कर दिया था। इसके साथ ही 23 जून को होने वाली नीट-पीजी परीक्षा भी कैंसिल की गई थी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 28 जून की रात यूजीसी-नेट, सीएसआईआर-नेट और एनसीईटी की परीक्षाओं की नई तारीखों का ऐलान भी कर दिया। ये एग्जाम 10 जुलाई से 4 सितंबर के बीच होना तय है। ये तीनों परीक्षाएं पहले जून में होनी थीं, जो अलग-अलग वजहों से कैंसिल हो गई थीं।

### राहुल गांधी की नागरिकता मामले पर दाखिल याचिका खारिज

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राहुल गांधी की नागरिकता के कथित विवाद के आधार पर सांसद के तौर पर उनके निर्वाचन को चुनौती देने वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। हालांकि न्यायालय ने याची को नागरिकता कानून के तहत सक्षम प्राधिकारी के समक्ष उक्त मामले को उठाने की छूट दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने एस विग्नेश शिशिर की याचिका पर पारित किया। याची की ओर से दलील दी गई थी कि राहुल गांधी एक ब्रिटिश नागरिक हैं लिहाजा वह चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हैं और लोकसभा सदस्य का पद नहीं धारण कर सकते। याची की दलील थी कि उसने अपने तर्क के समर्थन में कई दस्तावेज लगाए हैं।

# खंगाले जाएंगे नीट घोटालेबाजों के रिश्तेदारों के बैंक अकाउंट!

पटना। पटना नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई को आरोपियों के नेटवर्क मैपिंग से कई जानकारियां मिली हैं। सीबीआई ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। एजेंसी अब आरोपियों के करीबियों पर शिकंजा कसेगी। इस कड़ी में अब सीबीआई आरोपियों के रिश्तेदारों के बैंक अकाइंट खंगालेगी। यह भी चेक किया जाएगा कि रिश्तेदारों की इनकम क्या है और उसके हिसाब से उन्होंने कितना खर्चा किया है। बता दें कि सीबीआई ने जिन आरोपियों को रिमांड पर लिया है उनकी रिमांड अवधि 4 जुलाई को खत्म हो रही है।

### छात्रों से भी हुई पूछताछ

सीबीआई ने अपनी जांच में अभी तक कई गिरफ्तारियां की हैं, जिनसे पूछताछ में पेपर लीक के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया के बारे में कई जानकारियों जुटाई हैं। सीबीआई जांच में गोधरा में एक स्कूल का ट्रस्टी भी हिरासत में लिया गया है। महाराष्ट्र के लातूर के मामले को भी सीबीआई ने हैंडओवर ले लिया है। सीबीआई की टीम ने बेऊर जेल में बंद 13 आरोपी से पूछताछ की है। सीबीआई ने हजारीबाग स्कूल के प्रिंसिपल एहसानुल हक के बैंक डिटेल्स भी खंगाले हैं। दो अन्य आरोपियों के कॉल डिटेल्स भी खंगाली गई है। इसके अलावा सीबीआई ने उन छात्रों से भी पूछताछ की है जिन्होंने गोधरा के सेंटर से नीट की परीक्षा दी थी।

पटना में नीट घोटाले को लेकर सबसे तेज जांच चल रही है। स्कूल टीचर से लेकर प्रिंसिपल तक शिकंजे में फंस चुके है। हजारीबाग से लेकर पटना तक गिरफ्तारियां हुई हैं और सबने दो नाम अब तक उगले हैं। संजीव मुखिया और सिकंदर यादवेंदु। पटना में एक्शन तो हो रहा है लेकिन मुखिया अब तक फरार है। एहसान उल हक और इम्तियाज आलम से अब सीबीआई हर राज उगलवाने की कोशिश करेगी। शक ये है कि दोनों संजीव मुखिया गिरोह से ही जुडे थे और पेपर लीक कराने के काम में शामिल थे। संजीव मुखिया ने आसान टारगेट के रूप म् ओएसिस स्कूल को चुना था। हजारीबाग और नालंदा में मुखिया का अच्छा खासा नेटवर्क है। और इसी की मदद से उसने पटना तक पेपर मंगाया।

## पीएम मोदी का विपक्ष पर तंज

# गैर-कांग्रेसी नेता का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना बर्दाश्त नहीं हो रहा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को एनडीए सांसदों के साथ बैठक की। इस बैठक में प्रधानमंत्री ने एनडीए सांसदों को संसदीय नियमों और संसदीय आचरण का पालन करने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष एक गैर कांग्रेसी नेता का लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना बर्दाश्त नहीं कर पा रहा है।





एनडीए सांसदों की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विपक्ष इस बात से परेशान है कि पहली बार एक गैर-कांग्रेसी नेता, वह भी एक चायवाला, लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बना है। नेहरू-गांधी परिवार पर कटाक्ष करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के सदस्य प्रधानमंत्री हुआ करते थे तथा अपने दायरे से बाहर के लोगों को बहुत कम मान्यता देते थे। कांग्रेस के सबसे प्रमुख परिवार से बाहर से आए प्रधानमंत्रियों के योगदान को नजरअंदाज किया जाता था, उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में यह सुनिश्चित किया कि उन सभी को मान्यता मिले क्योंकि प्रत्येक ने किसी न किसी तरह से देश के लिए योगदान दिया है।

### राहुल गांधी का भाषण गैर जिम्मेदार

एनडीए सांसदों की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने एनडीए सांसदों से वरिष्ठ सदस्यों से संसद की सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में सीखने की अपील की। पीएम मोदी की यह अपील राहुल गांधी के लोकसभा में सोमवार को दिए भाषण के बाद सामने आई है, जिसे एनडीए ने सबसे गैर जिम्मेदाराना भाषण करार दिया है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बैठक के बाद संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सांसदों से संसदीय मुद्दों का अध्ययन करने, नियमित रूप से संसद में उपस्थित रहने तथा अपने निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित मामलों को प्रभावी ढंग से उठाने को कहा।

### राहुल गांधी के भाषण पर चली कैंची

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सोमवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लगभग 100 मिनट का भाषण दिया था। इस भाषण पर लोकसभा अध्यक्ष की कैंची चल गई है। लोकसभा की कार्रवाई से कई अंशो को हटा दिया गया है। राहुल गांधी के भाषण के जिन अंशों को हटाया गया है। उनमें जब मैं पीएम मोदी की ओर देखता हूं,वह मुस्कुराते नहीं है, इसे हटा दिया गया है। अंबानी और अडानी के अंश को भी राहुल गांधी के बयान से हटा दिया गया है।

## अयोध्या के राम मंदिर में लागू होगा ड्रेस कोड

अयोध्या। अयोध्या में प्रभु राम के विराजमान होने को लगभग 6 महीने पूरे हो गए हैं। रोज लाखों राम भक्त प्रभु राम केका दर्शन पूजन कर रहे हैं, लेकिन अब राम मंदिर ट्रस्ट प्रभु राम के गर्भ गृह में अब ड्रेस कोड लागू करने पर विचार कर रहा है। यह ड्रेस कोड पुजारी और अर्चक के लिए लागू होगा। सूत्रों के मुताबिक राम मंदिर के पुजारी और अर्चक एक ही ड्रेस में नजर आएंगे। इतना ही नहीं राम मंदिर ट्रस्ट की मंशा है कि प्रभु राम की सेवा आराधना करने वाले पुजारी व अर्चक और सेवादार एक ड्रेस में नजर आएं। आपको बताते चलें कि ड्रेस कोड को लेकर पुजारी चौबंदी साफा और धोती कुर्ता पीला कलर का धारण करेंगे। इसके साथ ही रामलला के परिसर में कार्यरत अन्य कर्मचारियों का भी ड्रेस कोड राम मंदिर ट्रस्ट जल्द ही लागू करने का विचार कर रहा है। प्रभु राम की सेवा करने के लिए अब पुजारियों की शिफ्ट वाइज ड्यूटी भी लगायी जाएगी। यानी कि एक सहायक पुजारी के साथ में 5 अर्चक नियुक्त किए जाएंगे। जिसकी प्रक्रिया आगामी 1 से 2 दिन में पूरी कर ली जाएगी। राम मंदिर ट्रस्ट से मिली जानकारी के मुताबिक अर्चक और पुजारी प्रभु राम की सेवा आराधना करने के दौरान एंड्रॉयड फोन नहीं ले जा सकेंगे।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चेताया कहा- ऐसे तो बहुसंख्यक भी हो जाएंगे अल्पसंख्यक

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि जिस प्रकार से धर्मांतरण किया जा रहा है, अगर यह जारी रहा तो देश की बहुसंख्यक आबादी अल्पसंख्यक हो जाएगी। कोर्ट ने कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश में एससी/एसटी और आर्थिक रूप से गरीब व्यक्तियों का ईसाई धर्म में अवैध धर्मांतरण बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने धर्मांतरण कराने के आरोपी कैलाश की जमानत याचिका खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। हमीरपुर के थाना मौदहा में याची कैलाश पर अवैध रूप से धर्म परिवर्तन कराने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया था। शिकायतकर्ता रामकली प्रजापति के भाई रामफल को कैलाश हमीरपुर से दिल्ली में सामाजिक समारोह और कल्याण समारोह में भाग लेने के लिए ले गया था। एफआईआर के अनुसार, उक्त गांव के कई लोगों को समारोह में ले जाया गया और उन्हें ईसाई धर्म में परिवर्तित कर दिया गया। शिकायतकर्ता का भाई मानसिक बीमारी से पीड़ित भी था। याची अधिवक्ता ने कहा कि याची ने शिकायतकर्ता के भाई का धर्मांतरण नहीं किया था। सोनू पास्टर ही ऐसी सभा कर रहा था और उसे पहले ही जमानत पर रिहा किया जा चुका है। वहीं, राज्य की ओर से पेश अपर महाधिवक्ता पीके गिरी ने कहा कि ऐसी सभा आयोजित कर बड़ी संख्या में लोगों को ईसाई धर्म में परिवर्तित किया जा रहा है। कैलाश लोगों को ईसाई धर्म में परिवर्तित करने के लिए गांव से ले जा रहा था और इस कार्य के लिए उसे बहुत सारा पैसा दिया जा रहा था। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विभिन्न सरकारी भवनों और निजी प्रतिष्ठानों में फायर प्रिवेंशन एंड फायर सेफ्टी एक्ट 2005 का अनुपालन नहीं होने को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है।

# चलती मालगाड़ी से कंटेनर गिरे

## 3 किमी रेलवे ट्रैक टूटा, 14 ट्रेनें रद्द, 38 डायवर्ट

करनाल । हरियाणा के करनाल में मंगलवार सुबह तरावड़ी रेलवे स्टेशन के पास चलती मालगाड़ी से करीब 8 कंटेनर गिर गए। कंटेनर गिरने की वजह से बिजली लाइन और रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचा। जिसके बाद रेलवे ने दिल्ली से अमृतसर के बीच चलने वाली ट्रेनों की आवाजाही रोक दी। इस रूट पर 14 पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनें रद्द कर दी गईं। वहीं 38 ट्रेनों को डायवर्ट कर दिया गया। इस रूट पर रोजाना 60 से 70 रेल गाडियां अप-डाउन करती हैं। जो प्रभावित हुई हैं। शुरूआती जांच के बाद बताया गया



कि मालगाड़ी का ऐक्सल टूट गया था, जिससे लगे झटके के बाद मालगाड़ी से कंटेनर जा गिरे। वहीं मालगाड़ी के पिछले पहिए डीरेल होने की भी सूचना है। फिलहाल हादसे की जांच की जा रही है। वहीं करीब साढ़े 7 घंटे बाद रेलवे ने रिपेयरिंग कर दिल्ली-अंबाला रेल लाइन को ठीक कर दिया है। इस पर करनाल से अंबाला मालगाड़ी भेजकर ट्रायल किया जा चुका है, जबकि अंबाला से दिल्ली रेल लाइन दोपहर बाद सवा 3 बजे यानी 11 घंटे बाद बहाल हुई।

## राहुल गांधी के बयान पर संसद से सड़क तक बवाल, भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ता आपस में भिड़े

अहमदाबाद। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को हिन्दुत्व को लेकर दिए बयान को लेकर संसद से सड़क तक बवाल मच गया है। मंगलवार को अहमदाबाद स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए7 जिन्हें कंट्रोल करना पुलिस के लिए मुश्किल हो गया। भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच आमने-सामने पथराव हुआ। इतना ही नहीं खुलेआम गाली-गलौज भी जमकर की गई और यह सब पुलिस बल की मौजूदगी में हुआ। बता दें कि राहुल गांधी के बयान के बाद सोमवार की रात हिन्दू संगठन कार्यकर्ता अहमदाबाद स्थित गुजरात प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंच गए। जहां राहुल गांधी की तस्वीरों पर कालीख पोत दी। जिसके बाद आज तड़के पथराव किया। इस घटना को लेकर कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश प्रमुख इंद्रविजयसिंह गोहिल ने हमले को कायरतापूर्ण करार देते हुए सामने आकर मुकाबला करने की भाजपा को चुनौती दी। घटना के बाद कांग्रेस मुख्यालय की सुरक्षा बढ़ा दी गई। जिसके बाद भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय पहुंच गए। जहां पुलिस की मौजूदगी में भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किए जाने के बावजूद हालात तंग हो गए।

# दुष्कर्म पीड़िता की डिलिवरी का खर्च दिल्ली सरकार उठाए- हाई कोर्ट

नई दिल्ली। एक नाबालिक से दुष्कर्म हुआ और वो गर्भवती हो गई। पीड़िता ने अपने पिता के माध्यम से दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर 26 सप्ताह के गर्भ को गिराने की अनुमति देने की गुहार लगाई। उच्च न्यायालय ने पीड़िता की मेडिकल जांच कराई तो पाया कि गर्भपात से बच्चे के साथ लड़की की जान को भी खतरा हो सकता है। हाईकोर्ट ने नाबालिग के प्रसव तक उसे एम्स में भर्ती करने और उसका तमाम खर्च दिल्ली सरकार की ओर से उठाए जाने का निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति मिनीषुष्करणा की पीठ ने इस मामले की सुनवाई के दौरान पाया कि पीड़िता के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। पीड़िता का परिवार इस समय दोहरी मार से गुजर रहा है। एक तरफ से उनकी बच्ची अपराध के कारण गर्भवती है, वहीं दूसरी तरफ बच्ची और उसके गर्भ में पल रहे बच्चे के लिए पोषण की आवश्यकता है।




याचिकाकर्ता के वकील ने पीठ से एक और अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि नाबालिग का प्रसव कराने वाले डॉक्टर्स को निर्देश दिया जाए कि प्रसव के समय ही बच्चे का डीएनए संरक्षित कर लिया जाए, क्योंकि यह एक आपराधिक मामला है। इसलिए अदालत में मामले की सुनवाई के दौरान बच्चे का डीएनए साक्ष्य के तौर पर रिकार्ड पर रखा जा सकता है। पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील के इस आग्रह का स्वीकार कर लिया। पीठ ने डॉक्टरों को बच्चे के जन्म के समय उसका डीएनए कानून के हिसाब से संरक्षित करने को कहा है।

हालात यह हैं कि पीड़िता को गर्भपात की अनुमति दी नहीं दी जा सकती। ऐसे में पीठ ने बीच का रास्ता निकाला है। पीठ ने नाबालिग को तत्काल एम्स में भर्ती करने के आदेश दिया है। प्रसव तक पीड़िता वहीं रहेगी। पौष्टिक आहार, प्रसव पूर्व की देखभाल और सुविधाएं नाबालिग को दी जाएंगी। समय-समय पर मनोचिकित्सक नाबालिग की काउंसलिंग भी करेंगे। नाबालिग पीड़िता के पिता की तरफ से उनके अधिवक्ता ने पीठ के समक्ष कहा कि वह चाहते हैं कि नाबालिग का प्रसव एम्स में हो और बच्चे के जन्म के बाद वहीं से उसको गोद देने की प्रक्रिया संबंधित सरकारी विभाग की ओर से शुरू की जाए। पीठ ने इस मसले पर बहरहाल कोई टिप्पणी नहीं की है।

# संध्या की हत्या उसी के प्रेमी ने की थी

## बैहर पुलिस ने किया शेरपार अंधे हत्याकांड का पर्दाफाश, संध्या की हत्या करने के आरोप में उसका प्रेमी अभय मर्सकोले गिरफ्तार

**बालाघाट ( पदमेश न्यूज़ )। बैहर थाना क्षेत्र के ग्राम शेरपार में 18 वर्षीय लड़की संध्या उइके की हत्या उसी की प्रेमी ने की थी। बैहर पुलिस में 5 दिनों के भीतर इस सनसनीखेज हत्याकांड का पर्दाफाश करते हुए 18 वर्षीय लड़की संध्या उइके की हत्या करने के आरोप में उसी के प्रेमी अभय पिता गिरीश मर्सकोले 21 वर्ष ग्राम कंजई थाना लालबर्रा निवासी को गिरफ्तार कर लिया। जिसे न्यायिक अभिरक्षा में बैहर जेल भिजवा दिया गया है। 27 जून की रात्रि यह वारदात उस समय घटित की गई थी जब यह लड़की खाना खाने के बाद अपने घर के सामने टहलते हुए किसी से मोबाइल से बात कर रही थी।**

संध्या उइके पोंडी उकवा में अपनी मां और भाई के साथ रहती थी। जिसका पिता शिवशंकर उइके अपनी दूसरी पत्नी के साथ शेरपार हर्राभाट में रहता था और उसका ग्राम पोंडी आना-जाना लगा रहता था। यह भी बताया गया है कि संध्या बालाघाट के कालेज में बीएससी की पढ़ाई कर रही थी। 27 जून को ही संध्या को उसका पिता शिवशंकर उइके अपने साथ शेरपार लेकर गया था। रात्रि में खाना खाने के बाद संध्या घर के सामने टहल रही थी और किसी से मोबाइल से बात कर रही थी ।इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने संध्या के गले में धारदार हथियार से वार कर दिया। यह वारदात रात्रि करीब 10:30 बजे के आसपास हुई थी। परिजनों ने संध्या को उठाकर घर लाये और फोरविलर से बैहर अस्पताल लाये थे। जिसे



डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया था। संध्या की पूर्व में ही मौत हो चुकी थी। इस मामले में बैहर थाने में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 302 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की गई।। संध्या का लालबर्रा क्षेत्र के रहने वाले युवक से प्रेम संबंध चल रहा था। पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ के निर्देशन और बैहर केअतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के एल बंजारे, परसवाड़ा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सतीश साहू के मार्गदर्शन में टीम गठित की गई थी। टीम के द्वारा मृतिका के घर के आसपास रहने वाले व आने जाने वाले व्यक्तियों से पूछताछ और संदिग्धों का साइबर टीम की सहायता से तकनीकी विश्लेषण किया गया। लगातार की जारी जांच के दौरान अभय मर्सकोले ग्राम कंजई थाना लालबर्रा निवासी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर उसने संध्या की हत्या स्वीकार करते हुए बताया कि वह संध्या को बहुत चाहता था और प्रेम करता था। वह संध्या पर किसी अन्य से बात करने का शक करने लगा था। इसलिए वह संध्या को लेने के लिए शेरपार गया था और संध्या को साथ में भगाकर लेना चाहता था। किंतु संध्या ने मना कर दी थी। तभी उसने आवेश मैं आकर सेविंग ब्लेड से संध्या का गला काटकर उसकी हत्या कर दी। बैहर पुलिस ने आरोपी अभय की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त सेविंग ब्लेड जप्त किया और इस मामले में अभय मर्सकोले को गिरफ्तार करके बैहर की अदालत में पेश कर दिए जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवा दिया गया है।

### पुलिस अधीक्षक के कुशल मार्गदर्शन में आरोपी को गिरफ्तार किया गया-के एल बंजारे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैहर के एल बंजारे ने बताएं कि 27 जून की रात्रि 10:00 बजे शेरपार की रहने वाली संध्या उम्र 18 वर्ष की उसके घर के सामने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। जिस पर बैहर थाने में अ क142/024 में धारा 302 आईपीसी का कायम कर विवेचना की गई। पुलिस अधीक्षक के कुशल मार्गदर्शन में आरोपी को गिरफ्तार किया गया। मृतिका संध्या बीएससी प्रथम वर्ष की नर्सिंग छात्रा थी। आरोपी संध्या को भगा कर ले जाना चाहता था। मृतिका द्वारा मना करने पर आरोपी के द्वारा मृतिका के बाय हाथ से उसका सिर पकड़ कर दाहिने हाथ से उसका गला रेत कर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि जब मैंने घटना स्थल जाकर देखा और चोट के स्वरूप को देखा गया तो स्पष्ट निर्देशित किया गया था कि चतुर शातिर और चालक अनुभवी व्यक्ति द्वारा किया गया यह कृत्य है और वहीं निकला। हमारे थाना प्रभारी रघुवंशी एसडीओपी परसवाड़ा के कुशल मार्गदर्शन में आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किए हैं।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस अंधे हत्याकांड का पर्दाफाश करने में थाना प्रभारी उप निरीक्षक रामकुमार रघुवंशी, दीपिका सिंगोर, सहायक उप निरीक्षक अयूब खान, सहायक उप निरीक्षक कैलाश पटेल, प्रधान आरक्षक संतराम परते, प्रधान आरक्षक कुंवर सिंह धुर्वे, आरक्षक नितेश राठौर, आरक्षक हरजिंदर सिंह, आरक्षक हेमंत राठौर, आरक्षक विनय सिंह तोमर ,आरक्षक अरविंद सैयाम की सराहनीय भूमिका रह।

# एसटी का जाति प्रमाण पत्र देने की मांग को लेकर गोवारी समाज संगठन पहुचा भोपाल

## विधानसभा अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष से मुलाकात कर सौपा ज्ञापन

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। लंबे समय से गोवारी समाज को अनुसूचित जनजाति का जाति प्रमाण देने और ओबीसी की सूची से गोवारी जाति को विलोपित करने की मांग की जा रही है। जिस मांग को लेकर जिले से भोपाल पहुंचकर, आदिवासी गोवारी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने 02 जुलाई को विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह तोमर और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से मुलाकात की।आदिवासी गोवारी समाज प्रदेशाध्यक्ष महेश सहारे ने बताया कि कई सालों से जिले का आदिवासी




गोवारी समाज, अपने संवैधानिक अधिकार के लिए लड़ रहा है, लेकिन सरकार ध्यान नहीं दे रही है। हमारी मांग है कि जातियो की सूची में दर्ज गोवारी समाज को अनुसूचित जनजाति का जाति प्रमाण पत्र दिया जाए और ओबीसी में दर्ज जाति को विलोपित किया जाए। चूंकि पिछड़ा वर्ग आयोग ने भी सरकार को अनुशंसा किया है कि रहन-सहन और संस्कृति, परंपरा को देखते हुए गोवारी जाति को ओबीसी की सूची से विलोपित किया जाए। बावजूद इसके आज भी गोवारी जाति को उसका संवैधानिक अधिकार नहीं मिल सका है। जिसको लेकर जिले के परसवाड़ा विधानसभा विधायक मधु भगत के साथ हमने आज विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह तोमर और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से मुलाकात की। हमें उम्मीद है कि दोनो ही नेता, प्रदेश के गोवारी समाज की व्यथा को समझेंगे और सकारात्मक निर्णय लेंगे। इस दौरान परसवाड़ा विधायक मधु भगत, आदिवासी गोवारी समाज प्रदेश अध्यक्ष महेश सहारे, जिलाध्यक्ष कन्हैया राऊत और सचिव परमानंद नागोसे सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी सदस्य व सामाजिक बंधु प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### नाम परिवर्तन

मै श्रीमति प्रीति गौतम पति श्री प्रेमलाल गौतम निवासी वार्ड नं. 03, वारासिवनी, जिला बालाघाट, म.प्र. हुं। मेरा विवाह वर्ष 1994 में श्री प्रेम लाल गौतम के साथ हुआ है। विवाह के पुर्व स्कूल से संबंधित दस्तावेजों (अंकसूचि) में मेरा नाम कुमारी हुस्नलता पटले पिता श्री फागुलाल पटले लिखा एवं पढ़ा जाता था परंतु विवाह उपरांत से मेरा नाम प्रीति गौतम पढ़ा एवं लिखा जावें तथा मुझे प्रीती गौतम के नाम से ही भविष्य में जाना जाये।

**प्रीति गौतम**
**पति श्री प्रेमलाल गौतम**

### कार्यालय ग्राम पंचायत बुट्टा ह. जनपद पंचायत लालबर्रा, जिला बालाघाट

**निविदा**

क्रमांक /क्यू दिनांक ०३.०७.२०२४

विषयाकिंत लेख है कि ग्राम पंचायत बुट्टा. हजारी में वित्तीय वर्ष २०२४-२५ में मनरेगा, पंच परमेश्वर, पांचवां, १४ वां व १५ वां वित्त आयोग, स्वकराधान मद, स्वच्छ भारत अभियान, विधायक-सांसद निधि, परफार्मेस ग्रांट फंड, स्टेशनरी क्रय एवं अन्य मरम्मत व पंचायत में अन्य योजनाओं के तहत् विभिन्न निर्माण कार्य हेतु सामग्री क्रय की जानी हैं। इन कार्यों के लिए दिनांक ०३/०७/२०२४ से १०/०७/२०२४ तक नीचे लिखित वर्णित सामग्री हेतु मुहरबंद निविदाएं कार्यालयीन समय में आमंत्रित हैं। निविदा संबंधित विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते है, निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत का होगा। निविदा का लिफाफा कार्यालयीन समय पर ग्राम पंचायत बुट्टा हजारी में जमा किया जावें एवं डाक द्वारा भेजे गये लिफाफे अंतिम तारीख के शाम ५ बजे तक ही मान्य किये जायेगें।

सामग्री- सीमेंट, लोहा, गिट्टी, सीमेंट पाइप, लोहा पाइप, टीन, मिट्टी, मुरम, रेत, ईट, मिक्सर मशीन, वाइब्रेटर मशीन, पॉलीथीन, थर्माकॉल, रोलर, वॉशबेसिन नल सहित, पेंटिंग कार्य, गट्टू (पेपर ब्लॉक), नल जल योजना हेतु पाइप, कुर्सी, टेबल, स्ट्रीट लाईट संबंधी सामग्री, वाटर हारवेस्टिंग से संबंधित सामग्री, एसीसी एस्बेस्टस चादर (छत), पी.वी.सी पाइप १० फीट, एंगल नट बोल्ट सहित, सेंट्रिंग, तार, खीला, आईल, पेंट, दरी, आलमारी, कूलर, लैपटाप, कम्प्युटर सामग्री, टंकी, स्टेशनरी क्रय, नल-जल संधारण की सामग्री, पौधा क्रय, पंडाल व्यवस्था, मिष्ठान, जेसीबी मशीन, ट्रेक्टर ट्राली, परिवहन सहित अन्य आवश्यक सामग्री शामिल हैं।

**चंद्रकिशोर बघेले** सरपंच — **अमित डोंगरे** उपसरपंच
**एसनलाल नगपुरे** सचिव — **संतोष डोरस** रोजगार सहायक
**एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत बुट्टा ह. ( लालबर्रा )**

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम ईश्वरदयाल बोपचे पिता ढुलीचंद बोपचे की दो पत्नियां छमनबाई और खेलनबाई है और हम दोनो पत्नियों से कुल छः संतानें हैं। हम दोनो पत्नियों और बच्चों से अलग ईश्वरदयाल बोपचे पिता ढुलीचंद बोपचे १५-१६ वर्षो से नागपुर में अकेला निवास करता है जिसकी मानसिक स्थिति नशे के सेवन से खराब हो चुकी है और ईश्वरदयाल बोपचे द्वारा उनके पिता ढुलीचंद बोपचे की पैतृक भूमि को बेचकर मौजा गणेशपुर तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट में खसरा नंबर ७५/२ रकबा ०.९८ हे. भूमि क्रय किया है जो कि हमारी पैतृक भूमि है। ईश्वरदयाल बोपचे की वर्तमान में मानसिक स्थिति ठीक नहीं है इसलिए आमजनता को सूचित किया जाता है कि हमारे पति/पिता श्री ईश्वरदयाल बोपचे से कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि के संबंध में खरीदी बिक्री का सौदा न करे और न करावें। उक्त भूमि पर हम ईश्वरदयाल के सभी वारसान का बराबर हक व अधिकार है और हम सभी वारसान उक्त भूमि विक्रय करना नहीं चाहते है और श्री ईश्वरदयाल बोपचे से कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि के संबंध में आज दिनांक के पश्चात् किसी प्रकार का सौदा या लेन देन करता है तो उसकी जवाबदारी उसी व्यक्ति की होगी। हम वारसानों की कोई जवाबदारी नहीं होगी। फलतः हमारी उपरोक्त पैतृक भूमि को कोई भी व्यक्ति हमारे पति/पिता श्री ईश्वरदयाल बोपचे से विक्रय, रहन, गिरवी किसी भी प्रकार का कोई सौदा न करें और न करावें। अतः आम जनता उक्त सूचना नोट करे।

**प्रकाशक**
**छमनबाई बोपचे ( पत्नि )**
**खेलनबाई बोपचे ( पत्नि )**
**प्रदीप बोपचे ( पुत्र )**
**निवासी ग्राम गणेशपुर तह. लालबर्रा, जिला बालाघाट, म.प्र.**

# दो शख्स ने ट्रक चालक को मारपीट कर की 47300 रुपये की लूट

## गोंदिया रोड सरेखा निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के पास हुई वारदात

## मारपीट में घायल ट्रक चालक जिला अस्पताल में भर्ती

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। गोंदिया रोड सरेखा निर्माणाधीन ब्रिज के पास दो शख्स ने एक ट्रक चालक को मारपीट कर उसे घायल कर दिए और चड्डा के जेब में रखें 47300 रुपये लूट कर फरार हो गए। मारपीट में घायल



ट्रक चालक कोमलचंद पिता वेशराम दशहरे 30 वर्ष ग्राम मुरझड कोड़िया थाना लालबर्रा निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। 1 जुलाई की रात्रि 9:00 बजे करीब मारपीट और लूट की यह वारदात उस समय हुई जब यह ट्रक चालक रायपुर से लोहा लेकर बालाघाट आ रहा था ।ग्रामीण पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती इस ट्रक चालक से पूछताछ और बयान लेकर आगे कार्रवाई शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जुलाई की रात्रि करीब 9:00 बजे ट्रक चालक कोमलचंद दशहरे, रेखलाल तिवड़े के ट्रक में रायपुर से लोहा लेकर कोसमी बालाघाट आ रहा था। तभीकोसमी सरेखा के पास निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के पास कमलेश राजुलकर और उसका भाई, राज लिल्हारे के अलावा तीन लोग रोड पर खड़े थे। जिन्हें ट्रक के कंडक्टर विक्की ने बोला की साइड से चलो तो यह लोग कंडक्टर को गालियां देने लगे जिनकी कंडक्टर विक्की से बहस हो गई और इन लोगों ने कंडक्टर को चलते ट्रक से खींच लिए और मारपीट करने लगे तभी ट्रक चालक कोमलचंद ट्रक रोक कर नीचे उतरे और कंडक्टर को छुड़ाने के लिए गया तो उन्होंने कंडक्टर को छोड़ दिए इसके बाद राज लिल्हारे कमलेश राजुलकर का भाई आए और कंडक्टर को पुनः मारपीट करने लगे । ट्रक चालक कोमल चंद उन्हें छुड़ाया तब कंडक्टर वहा से भाग गया। तभी राज लिल्हारे और कमलेश राजुलकर ने ट्रक चालक कोमलचंद के साथ मारपीट किए तब ट्रक चालक कोमलचंद वहां से भाग भागने लगा। जिन्होंने दौड़कर पेट्रोल पंप के पास ट्रक चालक कोमलचंद को पकड़े और खिंचते हुए निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के नीचे ले जाकर इन लोगों ने कोमलचंद को हाथ बुक्के और ईट से मारपीट किये उसके कपड़े फाड़ डाले ।मारपीट में कोमलचंद नीचे गिर गया तब राज लिल्हारे ने कोमलचंद को मारपीट कर उसके चड्ढे के जेब में रखें 47300 रुपये जो भाड़ा के थे उसे निकाल लिए। बताया गया है कि चालक कोमलचंद को मारपीट और उसके जेब से रुपए निकालने के बाद ये लोग उसे पड़कर ट्रक के पास ले जा रहे थे। तभी मिस्त्री कमानी का काम करने वाला वहा पहुंचा जिन्हें देखकर राज लिल्हारे और कमलेश राजुलकर दोनों वहा से भाग गए। मारपीट में घायल कोमल चंद को मिस्त्री ने जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया। जिला अस्पताल पुलिस चौकी के प्रधान आरक्षक बारेलाल पांचे ने ट्रक चालक कोमलचंद दशहरे का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु ग्रामीण थाना भिजवाई ।जहां से दो पुलिस अधिकारी ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायल कोमलचंद दशहरे से घटना के संबंध में पूछताछ और उसके बयान दर्ज किये। इसके बाद ग्रामीण पुलिस द्वारा आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# दानवीर दीवान बहादुर मुलना की मनाई गई 68 वीं पुण्यतिथि

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। जिले को अपना सर्वस्व दान में देने वाले महान दानवीर दीवान बहादुर मुलना की 68 वीं पुण्यतिथि, स्थानीय आकाशवाणी केन्द्र के समीप स्थित पारसी कब्रगाह के समाधि स्थल में मनाई गई, जहां पर उनको मानने वाले अलग-अलग स्वयंसेवी संस्था के सदस्यों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों के द्वारा मनाई गयी आपको बता दे की



जिले को अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले महान दानवीर दीवान बहादुर मुलना की 68 वीं पुण्यतिथी दो जुलाई को स्थानीय आकाशवाणी केन्द्र के समीप स्थित पारसी कब्रगाह के समाधि स्थल में मनाई गई । नगर विकास एवं नगर की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बैरिस्टर मुलना द्वारा अपनी समस्त सम्पति ट्रस्ट के माध्यम से कलेक्ट्रेट को सौंप दी गई थी । पुण्यतिथि कार्यक्रम में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश रंगलानी, वरिष्ठ भाजपा नेत्री लता एलकर, नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर, विजय वर्मा , कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ सहित खेल विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। जहां सभी लोगों ने मुलना साहब की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। जिसके बाद स्थानीय बस स्टैंड में स्थित मुलना साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश रंगलानी द्वारा बताया गया कि जिन मुलना साहब के द्वारा बालाघाट को अपना सब कुछ दिया गया है उनकी आज पुण्यतिथि है इस अवसर पर वह अपने साथियों के साथ उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे, वरिष्ठ भाजपा नेत्री लता एलकर द्वारा बताया गया कि मुलना साहब द्वारा बालाघाट की जनता को अपना सब कुछ दिया गया है इसलिए आज बालाघाट की जनता मुलना साहब की ऋणी है और उन्होंने यह भी कहा कि आने वाली पीढ़ी को मुलना साहब के विषय में जानना और बताना चाहिए, जिससे यह याद रह सके कि मुलना साहब के द्वारा बालाघाट को क्या दिया गया है, वही नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर द्वारा कहा गया कि मुलना साहब द्वारा बालाघाट को अच्छी-अच्छी सौगात दी गई है जो आने वाले समय तक याद की जाएगी आज उनकी पुण्यतिथि पर वह उनकी समाधि स्थल पर पहुंचे हैं और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दे रहे हैं

### ये हैं मुलना जी की देन

नगर की सबसे बड़ी पेयजल सेवा नगरपालिका के माध्यम से हम सभी को सौंपी, बल्कि हमारे नगर का फिल्टर प्लांट, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, मुलना स्टेडियम सहित कई भवन व भूमि मुलना जी की देन हैं। उनके सार्वजनिक सेवाओं एवं निष्ठा के चलते उन्हें खान बहादुर का सम्मान प्राप्त हुआ, जो बाद में परिवर्तित होकर दीवान बहादुर हो गया। यही नहीं उन्होंने अपनी समस्त सम्पत्ति शेयर सर्टिफिकेट ट्रस्ट के रूप में बालाघाट नगर के जलप्रदाय, स्वास्थ्य, शिक्षा, एवं खेल आदि के विकास के लिए सौंपे है ।

# कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में हुआ दीक्षारंभ कार्यक्रम का शुभारंभ

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में जुलाई माह के प्रथम दिन प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर की अध्यक्षता में दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेजर सुश्री शोभा रानी पिल्लई के मुख्य आतिथ्य व आईक्यूएसी संयोजक डॉ. स्वाती खोब्रागडे तथा ई-प्रवेश समिति संयोजक डॉ. अनुभूति सैंडिमन की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में नवप्रवेशित छात्राओं का पंजीकरण किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर द्वारा नव प्रवेशित छात्राओं को उद्‌बोधन दिया गया। वहीं मुख्य अतिथि सुश्री शोभा पिल्लई द्वारा महाविद्यालय की स्थापना, उद्देश्य एवं विकास की सारगर्भित जानकारी छात्राओं के समक्ष रखी गई। इसके पश्चात् सभी सकांय के विभागाध्यक्ष एवं सहा. प्राध्यापकों ने अपने विभाग का परिचय दिया। साथ ही डॉ. प्रदीप कुमार पटेल द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से नव पंवेशित छात्राओं को प्रदान की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के नवप्रवेशित 112 छात्राओं ने अपनी सहगागिता सुनिश्चित की। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. सरोज घोडेश्वर, शैलेन्द्र मेश्राम, डॉ. ईश्वर रहांगडाले तथा समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

### कार्यालय ग्राम पंचायत कालीमाटी जनपद पंचायत लांजी

**निविदा**

क्रमांक-क्यू दिनांक - 02/07/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कालीमाटी के अन्तर्गत मनरेगा, 15 वॉ वित्त, 5 वां राज्य वित्त आयोग, गौण खनिज मद, स्वच्छ भारत अभियान, विधायक - सांसद निधि, जिला पंचायत व जनपद पंचायत निधि, परफार्मेस ग्रांट फंड स्वकराधान व अन्य योजनाओं से निर्माण कार्य किया जाना है। कार्य प्रारंभ करने के पूर्व सामग्री लोहा, सिमेंट, रेत, गिट्टी, मुरम, कार्यालयीन सामग्री, स्टेशनरी, फर्नीचर आदि के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। संबंधित सप्लायरकर्ता मोहरबंद लिफाफे में 09/07/2024 तक कार्यालयीन समय में जमा कर सकते है। निविदा की अवधि 1 वर्ष 31 मार्च 2025 तक के लिए रहेगी। नियम व शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है। निविदा पर अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत लेगी।

**श्रीमती आशा घोरमारे** सरपंच — **श्रीमती अनिता जाभुरे** उपसरपंच
**के सी कटरे** सचिव — **शंकरदास बोहने** सहायक सचिव
**एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत कालीमाटी ( लांजी )**

लामता में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबैंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

परसवाड़ा में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबैंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध

निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# ग्रामीण क्षेत्रों में जमकर पांव पसार रहा सामाजिक बहिष्कार

## ग्रामीणों ने दो भाईयो का किया हुक्का पानी बंद, दुकान से सामान खरीदने पर लगाई रोक, किया आर्थिक बहिष्कार, लालबर्रा के ग्राम बम्हनी का मामला, तुगलकी फरमान पर इंसाफ की गुहार लगाने पीड़ितों ने सौपा ज्ञापन

**बालाघाट ( पदमेश न्यूज़ )। मानव समाज आज 21वी सदी में जी रहा है।आज के इस दौर में मानव जाति जहां एक ओर चांद पर जाने का दावा कर रही है, तो वहीं दूसरी ओर आज भी हमारा समाज छोटी मोटी बातों में आकर सामाजिक बहिष्कार जैसे तुगलकी फरमान सुनाने से पीछे नही हट रहा है।जहां सबसे ज्यादा सामाजिक बहिष्कार ग्रामीण अंचलों में देखने को मिल रहा है। जहां लोग छोटी-छोटी बातों पर,किसी के भी बहकावे में आकर किसी का भी हुक्का पानी बंद कर, उसका समाज से बहिष्कार कर देते है। समाज से बहिष्कृत किए जाने का एक ऐसा ही ताजा मामला लालबर्रा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बम्हनी में सामने आया है।जहां निवास करने वाले तुमसरे बन्धुओ ने स्थानीय ग्रामीणों पर उनका सामाजिक बहिष्कार किए जाने का आरोप लगाया है। जहां तुमसरे बंधुओ ने इस मामले में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में एक ज्ञापन सौंपते हुए मामले की जांच कर उन्हें इंसाफ दिलाने की मांग की है।**



### घर के अंदर खोद दिए नाली, बहा रहे शौचालय का पानी

पीड़ितों का आरोप है कि लोगों के घरों से निकलने वाला गन्दा पानी और शौचालय की गंदगी उनके घर के भीतर से नाली खोदकर बाहर कि जा रही है जिसका उन्होंने विरोध किया। जिस पर पंचायत व ग्रामीणों ने उन्हें समाज से बहिष्कृत कर दिया है। जहां समाज से बहिष्कृत होने पर दुकानों से सामान खरीदन पर रोक लगा दी गई है, तो वही आटा, चावल, दाल सहित अन्य सामग्री हमे ना देने,हमसे किसी भी प्रकार का लेनदेन ना कर हमारा हुक्का पानी बंद किए जाने का फैसला सुनाया गया है। पीड़ितों के मुताबिक इसकी शिकायत उन्होंने थाना प्रभारी, तहसीलदार, एसडीएम कार्यालय में भी की है। शिकायत करने पर अधिकारियों ने उनके घर का निरीक्षण भी किया है। निरीक्षण में उन्हें गांव वालों की गलती भी दिखाई दी है। बावजूद इसके भी उनके घर के भीतर खोदी गई नाली को बंद कर गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं बनाई जा रही है। वही विरोध करने पर दोनों भाइयों का गांव में हुक्का पानी बंद कर उनका आर्थिक रूप से बहिष्कार किया गया है। जिसके चलते बम्हनी निवासी चिंतामणि और लक्ष्मण तुमसरे नामक दोनों भाईयों ने कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर मामले में इंसाफ दिलाए जाने, उनके घर के भीतर पानी ननिकासी के लिए खोदी गई नाली को बंद कर, घर के सामने से नाली का निर्माण कर पानी निकासी की व्यवस्था बनाने और समाज से बहिष्कृत किया जाने के मामले में उन्हें इंसाफ दिलाए जाने की मांग की है।

### गाँव वालों ने हुक्का पानी बन्द कर, हमारा समाजिक बहिष्कार कर दिया है- लक्ष्मण तुमसरे

ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान ग्राम बम्हनी वार्ड नंबर 2 निवासी लक्ष्मण तुमसरे ने बताया कि उनके घर के सामने सड़क है जिसके दोनों और मकान बने हुए हैं। जहां लोगों ने शौचालय के लिए सेफ्टी टैंक नहीं बनवाए हैं और 5 से 6 घरों के शौचालय से निकलने वाला गंदा पानी उनके घर की ओर आता है। जहां से उस गंदे पानी की निकासी बनाने के लिए पंचायत वालों ने हमारे घर के भीतर से नाली खोद दी है और उस नाली से पानी की निकासी की जा रही है।घर के भीतर से नाली खोदने और गंदा पानी की निकासी करने का जब हमने विरोध किया तो हमें समाज से बहिष्कृत कर दिया है। गांव में किसी भी दुकान से हमें सामान नहीं दिया जा रहा है। हमसे गांव वालों ने बोल चाल बंद कर दिए हैं। हम दोनों भाइयों को समाज से बहिष्कृत कर दिया है ।किसी के घर का बुलावा या निमंत्रण नहीं दिया जा रहा है। हम नहीं चाहते कि हमारे घर के भीतर से शौचालय के गंदे पानी की निकासी की जाए। हमारी मांग है कि हमारे घर के सामने से नाली बनाकर उस नाली के माध्यम से गंदे पानी की निकासी की जाए। लेकिन ग्रामीण नहीं मान रहे हैं। जबकि हम पहले स्वयं के पैसे से घर के सामने नाली का निर्माण करने को तैयार थे फिर भी वे लोग नहीं माने और हमारे घर के भीतर से नाली खोदकर पानी की निकासी व्यवस्था बना दी। इसकी शिकायत करने पर तहसीलदार ,टीआई, पटवारी सहित अधिकारी कर्मचारी निरीक्षण करने आए थे उन्हें भी गांव वालों की गलती नजर आई उन्होंने भी हमारे मकान के बाजू से पानी निकासी की व्यवस्था बनाने कहा था। लेकिन ग्रामीण नहीं मान रहे हैं। विरोध करने पर हमें समाज से बहिष्कृत कर दिया गया है। हम इस मामले में इंसाफ चाहते हैं जिसकी गुहार लगाने कलेक्टर कार्यालय आए हैं।

# पेपर लीक मामले को लेकर जिले के युवाओं का विधानसभा घेराव आज

## विधानसभा का घेराव करने छात्र भोपाल रवाना

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। पेपर लीक और भर्ती परीक्षा में धांधली किए जाने के मामले आए दिन सामने आ रहे हैं जिसको लेकर युवाओं में केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ लगातार आक्रोश देखा जा रहा है। बार-बार पेपर लीक और भर्ती परीक्षा में धांधली कराए जाने का आरोप लगाते हुए जिले के युवाओं ने विधानसभा का घेराव कर आंदोलन किए जाने का ऐलान किया है। जिसके मुताबिक जिले के युवा 3 जुलाई को विधानसभा का घेराव कर अपनी आवाज बुलंद करेंगे।इसके लिए जिले के युवाओं का एक दल मंगलवार शाम को बालाघाट रेलवे स्टेशन से भोपाल के लिए रवाना हुआ। इस दल में शामिल युवाओं ने 7 वर्षों में 70 बार पेपर लीक होने और भर्ती परीक्षा में धांधली किए जाने की बात कहते हुए केंद्र व राज्य सरकार पर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किए जाने का आरोप लगाया है।जिन्होंने 3 जुलाई दिन बुधवार को जिले के युवाओं के साथ मिलकर विधानसभा का घेराव कर धरना प्रदर्शन किए जाने की चेतावनी दी है। वही पेपर लीक से जुड़े मामलों का पर्दाफाश करने,भर्ती प्रकिया में धांधली करने वाले के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही किए जाने की मांग करते हुए, पेपर लीक और भर्ती प्रक्रिया में धांधली नहीं रुकने पर समय-समय पर सड़कों पर उतरकर आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी है।



### खुद पेपर लीक व धांधली कराकर,मोटी कमाई कर रही सरकार- ऋषभ

विधानसभा घेराव के लिए भोपाल जाने अन्य युवाओं के साथ बालाघाट रेलवे स्टेशन पहुंचे छात्र नेता ऋषभ सहारे ने चर्चा के दौरान बताया कि बीते 7 वर्षों में 70 से अधिक बार पेपर लीक हुए हैं वही भर्ती प्रक्रिया में भी भारी धांधली की गई है। इसके विरोध में बालाघाट जिले के युवा 3 जुलाई को विधानसभा का घेराव कर धरना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ना खाऊंगा, ना खाने दूंगा की बात कहते हैं ,लेकिन उनके करीबी लोग ही पेपर लीक और भर्ती प्रक्रिया में धांधली के मामलों से जुड़े हुए हैं।यह सरकार खुद पेपर लीक व भर्ती में धांधली कराकर मोटी कमाई करने में लगी है। युवाओं के भविष्य के साथ लगातार खिलवाड़ किया जा रहा है। अब तक पेपर लीक और भर्ती परीक्षा से जुड़े जितने भी मामले सामने आए हैं उन सभी मामलों में बीजेपी से जुड़े लोग शामिल है। भाजपा से जुड़े लोगों के नाम लगातार निकलकर सामने आ रहे हैं। लेकिन उन पर वैधानिक कार्रवाई नहीं की जा रही है। शासन, प्रशासन ,सीबीआई ,आईडी , ईडी भी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।वही मोदी जी सिर्फ विपक्ष को दबाने का काम कर रहे हैं।इन सब के खिलाफ बुधवार 3 जुलाई को भोपाल विधानसभा का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। यदि इसके बाद भी हमारी मांग पूरी नहीं होती तो बालाघाट जिले में समय-समय पर लगातार धरना प्रदर्शन कर आंदोलन किए जाएंगे।

# राहुल गांधी के हिन्दू वाले बयान पर भाजपा युवा मोर्चा ने किया राहुल गांधी का पुतला दहन

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। लोकसभा की कार्यवाही के दौरान राहुल गांधी द्वारा दिए एक बयान को लेकर बवाल मच गया है भाजपा राहुल गांधी के बयान को हिन्दू विरोधी बता कर प्रदर्शन कर रही है इसी क्रम में बालाघाट में भी भाजपा युवा मोर्चा द्वारा राहुल गांधी का पुतला जला कर विरोध जताया गया. आपको बता दें कि राहुल गांधी ने सदन में बोलते हुए बीजेपी सांसदों की तरफ इशारा कर कहा था, आप हिन्दू नहीं, हिंसक हैं. बस राहुल गांधी के इसी बयान को बीजेपी ने मुद्दा बना लिया. इसे लेकर प्रदेश में बीजेपी कार्यकर्ता ,राहुल गांधी का पुतला जलाकर विरोध कर रहे है इसी प्रकार का विरोध 2 जुलाई को बालाघाट में भी देखने मिला, जहां भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी द्वारा स्थानीय भाजपा कार्यालय से राहुल गांधी का पुतला लेकर एक रैली निकाली गई जो नारेबाजी करते हुए स्थानीय काली पुतली चौक पहुंची, जहां पर उन्होंने राहुल गांधी के पुतले को जलाया और उन्होंने यह मांग की है कि जिस प्रकार से राहुल गांधी द्वारा अपने बयान में जो कहा है वह गलत है और उन्हें सद्‌बुद्धि दी जाए, इसलिए वह विरोध पुरे प्रदेश भर में राहुल गांधी का पुतला दहन कर के कर रहे हैं भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सोहागपुरे द्वारा बताया गया कि जो कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने सदन में बयान दिया है कि हिंदू समाज हिंसा का समर्थन करता है, वह बहुत ही निंदनीय है जबकि वह वरिष्ठ नेता है उन्हें इस प्रकार की बयानबाजी नहीं करनी चाहिए और इससे उनकी मानसिकता का पता चलता है कि वह हिंदू समाज के विषय में किस प्रकार की सोच रखते हैं और उनका कहना है कि वह कांग्रेस में भी काम करने वाले हिंदू साथियों को यह बताना चाहते हैं कि उनके बड़े नेताओं की मानसिकता हिंदुओं को लेकर किस प्रकार की है और उन्हें इस प्रकार की मानसिकता रखने वाले नेता के विषय में मंथन करना चाहिए, उन्होंने कहा कि हमेशा से ही कांग्रेस की हिंदू विरोधी नीति सामने आती है चाहे वह राम मंदिर का ही विषय क्यों ना हो, हर जगह कांग्रेस हिंदू विरोधी नीति ही अपनाती है और जो कल राहुल गांधी के द्वारा बयान दिया गया है वह बहुत ही निंदनीय है इसके विरोध में भाजपा नेता और भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा देश भर में राहुल गांधी के पुतले का दहन किया जा रहा है वही पूछे गए एक सवाल की राहुल गांधी के द्वारा हिंदू समाज को नहीं बल्कि मोदी जी और भाजपा के साथ संघ को हिंदू विरोधी कहा गया है जिस पर भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष ने कहा कि ऐसा नहीं है उन्होंने अपने बयान को बदलने का काम किया है जबकि टीवी चैनल और मीडिया द्वारा यह बताया जा रहा है कि राहुल गांधी द्वारा हिंदू विरोधी बयान दिया गया है।



# बच्चों को मध्यान्ह भोजन खिलाने वाले स्व सहायता समूह पर्याप्त खाद्यान्न नहीं मिलने से हो रहे कर्जदार

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)।मध्यान्ह भोजन करवाने वाले जिले के बहुत से स्व सहायता समूह पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न नहीं मिलने की वजह से कर्जदार होते जा रहे हैं और समय पर खाद्यान्न जारी नहीं होने से उन्हें इधर-उधर से उधार लेकर बच्चों को भरपेट भोजन करवाना पड़ रहा है इन सब समस्याओं को लेकर स्व सहायता समूह की महिलाओं ने जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा है और मांग की है कि उन्हें जो बीते दिनों से जो समस्या आ रही है उस समस्या का समाधान किया जाए आपको बता दे की मध्यान्ह भोजन के माध्यम से बच्चों को भरपेट भोजन करा रही स्वयंसहायता समूह की महिलाएं दिनों दिन कर्जदार होती जा रही है तो वहीं भोजन को पकाकर खिलाने वाली रसोईयों की संख्या घटने से वे बेरोजगार होती जा रही है। जिसके चलते शासन-प्रशासन के विरुद्ध उनका आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। इसी आक्रोश के चलते मंगलवार को प्रांतीय स्वयं सहायता समूह रसोईयां महासंघ की महिलाओं ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है और त्वरित ही उनकी समस्याओं का समाधान कर उन्हें न्याय दिलाने की मांग उन्होंने की है। साथ ही उनकी मांग पूरी न होने पर उन्होंने आंदोलन की चेतावनी भी दी हैं।



### कर्जदार हो रहे समूह - संध्या डोंगरे

प्रांतीय स्वयं सहायता समूह रसोईयां महासंघ की जिलाध्यक्ष संध्या अनिल डोंगरे ने बताया कि लंबे समय से शासन के द्वारा उन्हें दिए जा रहे खाद्यान्न में कटौती की जा रही है। जिसके चलते समूह का संचालन करना उनके लिए मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने बताया कि खाद्यान्न व उसकी राशि में कटौती किए जाने से स्थिति ये निर्मित हो रही है कि पांच से छह दिन पहले ही खाद्यान्न सामग्री खत्म हो जा रही है और शासन के नियम के तहत किसी भी बच्चे को उन्हें भूखा नहीं रखना है। जिसके चलते मजबूरी में वे लोग दुकानों से उधारी में खाद्यान्न सामग्री खरीदकर ला रहे है और बच्चों को भरपेट भोजन दे रहे है, लेकिन उन्हें उसके एवज कोई मदद नहीं मिल रही है। जिसके चलते वे लोग कर्जदार हो रहे है और कर्ज वाले अपनी राशि वापस मांगने के लिए उन्हें परेशान भी कर रहे हैं। जिससे उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं।

### रसोइयों हो रही बेरोजगार

ज्ञापन सौंपने के दौरान बताया गया कि नियम के तहत 100 बच्चों पर चार रसोईयों रखने का नियम है, लेकिन चार के बदले दो ही रसोईयों को रखा जा रहा है। जिसके चलते रसोईयां महिलाएं भी बेरोजगार हो रही है और आर्थिक परेशानियों से गुजर रही है। उन्होंने बताया इसके पहले भी समस्याओं के निराकरण के लिए शासन-प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया था, लेकिन उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया है। जिसके चलते ही मंगलवार को ज्ञापन सौंपकर त्वरित निराकरण किए जाने की मांग की गई है अन्यथा हम लोग संगठन के बैनर तले अगस्त में आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# ग्राम पंचायत कायदी के ग्रामीणों ने सरपंच को पद से हटाये जाने के आदेश को तत्काल पालन कराने सौंपा ज्ञापन

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। जिला मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायत कायदी के कुछ ग्रामीणों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर, कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा को एक ज्ञापन दिया है और उन्होंने बताया कि ग्राम के सरपंच को कुछ महीने पहले कार्रवाई कर पद से हटा दिया गया है किंतु वह विगत 8 महीनों से अपने पद से ना हटकर अभी भी पंचायत में कार्य कर रहे हैं जिस पर उन्होंने सरपंच पर कार्रवाई करने की मांग की है आपको बता दे की ग्राम वारासिवनी जनपद की ग्राम पंचायत कायदी में एक ऐसा मामला सामने आया है। जिसमें ग्राम पंचायत के सरपंच को पद से पृथक कर दिए जाने के बाद भी उनके द्वारा ग्रामीणों व जिम्मेदारों को गुमराह कर अब भी ग्राम पंचायत की कमान संभालकर कार्यो को किया जा रहा है। इस बात का पता चलने के बाद पंच व ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर से मामले में उचित जांच कर एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की हैं।



### कमिश्नर के आदेश को छुपाकर अभी तक रखा गया

मुख्यालय पहुंचे ग्राम पंचायत कायदी निवासी नरेन्द्र नाथ, जितेन्द्र सोलाखे ने बताया कि विकास कार्यो सहित अन्य कार्यो में लापरवाही व अनियमितता बरतने के चलते न्यायालय ने एक साल पहले ग्राम पंचायत सरपंच को धारा 40 के तहत पद से पृथक करने की कार्रवाई करने का कार्य किया था। जिसके बाद सरपंच ने जबलपुर कमिश्नर के यहां से स्टे आर्डर लाया गया था। जबलपुर कमिश्नर के पास मामले की सुनवाई में अक्टूबर 2023 में ही सरपंच को पद से पृथक करने की कार्रवाई की गई है। जिसके बाद जबलपुर कमिश्नर के आदेश को छुपाकर सरपंच के द्वारा अब तक ग्राम पंचायत में सरपंची की जा रही है और निर्माण कार्य सहित अन्य कार्य किए जा रहे जो कि ग्रामीणों के साथ-साथ शासन-प्रशासन के साथ भी धोखाधड़ी किया जाना है। जिसके चलते हम सब पंच व ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्रवाई कर पद से पृथक होने के बाद भी सरपंच द्वारा कराए गए कार्यो की जांच कर राशि वसूलने के साथ ही उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर सख्त से सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की हैं।

# यात्री बस की ठोकर से मोटरसाइकिल में सवार पिता -पुत्र घायल

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। रामपायली थाना अंतर्गत ग्राम अंसेरा के गोंडीटोला में जराहमोहगांव कटंगी रोड पर बस ने मोटरसाइकिल को ठोस मार दी। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल में सवार रामकुमार पिता बाबूलाल नागेश्वर 34 वर्ष ग्राम नहलेसरा थाना कटंगी निवासी और उसका 9 वर्ष पुत्र संकेत नागेश्वर घायल हो गए दोनों घायल को जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामकुमार नागेश्वर अपने परिवार के साथ खेती किसानी करते हैं। 2 जुलाई को 2:00 बजे करीब रामकुमार नागेश्वर अपनी पत्नी सुनीता नागेश्वर और बेटा संकेत नागेश्वर के साथ मोटरसाइकिल में अपने गांव से दिनेरा अपनी रिश्तेदारी में आ रहे थे। 3:00 बजे करीब जराह मोहगांव से वारासिवनी रोड ग्राम अंसेरा की गोंडीटोला में वारासिवनी की ओर से आ रही वीर यात्री बस ने मोटरसाइकिल को ठोस मार दी ।यात्री बस की ठोकर से रामकुमार नागेश्वर उनकी पत्नी सुनीता नागेश्वर बेटा संकेत नागेश्वर तीनों मोटरसाइकिल सहित गिर गये। इस घटना में रामकुमार नागेश्वर और उसके बेटे संकेत नागेश्वर को चोटें आई जिन्हें 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया है।

# हत्या के मामले में दो आरोपी को आजीवन कारावास और 25-25 हजार रुपए अर्थदंड

## अपर सत्र न्यायाधीश भू भास्कर यादव की अदालत का फैसला

## नातन बनी चश्मदीद गवाह, नाना और मामा ने की थी दादा की हत्या

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। बैहर के विद्वान अपर सत्र न्यायाधीश भू भास्कर यादव की अदालत ने हत्या के मामले में दो आरोपी को दोषी पाते हुए उन्हें आजीवन कारावास और प्रत्येक को 25 -25 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किये। दोनों आरोपी जिनमे ईश्वरलाल पिता सतीराम राऊत 44 वर्ष ग्राम टिंगीपुर थाना मलाजखंड और नंदकिशोर उर्फ नंदू पिता दुखलाल चौधरी 33 वर्ष ग्राम ठेमा थाना परसवाड़ा निवासी है। दोनों आरोपी के विरुद्ध अपने ही निकटतम रिश्तेदार है।इस मामले में मृतक हरिलाल कोहरे की 7 वर्षीय नातन देविका चश्मदीद गवाह थी जिसके बयान के आधार पर ही उसके नाना ईश्वरलाल राऊत और मामा नंदकिशोर चौधरी को सजा सुनाई गई । इस मामले में शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक अशोक कुमार वाट द्वारा की गई थी। अभियोजन के अनुसार ग्राम पटोरा निवासी हरिलाल कोहरे की बहू ग्राम ठेमा से आई थी। हरिलाल कोहरे का,ईश्वरलाल राऊत समधी है। 17 दिसंबर 2018 को ईश्वरलाल और नंदकिशोर दोनों साइकिल से ग्राम पटोरा पहुंचे थे और उन्होंने हरिलाल को राजू चौधरी के घर ग्राम ठेमा पूजा में चलने हेतु कहा था। तब हरिलाल अपनी नाथन देविका 7 वर्ष को साइकिल में बिठाकर ईश्वर लाल और नंदकिशोर के साथ साइकिल में गए थे। पूजा के दिन शाम तक हरीलाल घर वापस नहीं आया। 20 दिसंबर 2018 को सुबह हरिलाल की परिजनों ने ईश्वरलाल और नंदकिशोर के घर जाकर पूछे तो उन्होंने कोई संतोजनक जवाब नहीं दिए ।इसी दिन कुछ ग्रामीणों ने पोगारझोड़ी नर्सरी की झोपड़ी में हरीलाल की लाश देखी। उसके शरीर पर चोट के निशान थे हरिलाल की पत्नी भिवरा बाई की सूचना पर परसवाड़ा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक हरीलाल की लाश बरामद की जिसके सिर पर किसी ठोस वस्तु से पहुंचाई गई चोट के निशान पाए गए। मर्ग जांच के दौरान हरिलाल की नातन देविका ने बताई कि उसके दादा हरिलाल को उसके नाना ईश्वरलाल और मामा नंदकिशोर ने मारा है। इसके पश्चात परसवाड़ा में थाने में धारा 302 भादवि के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई और हरिलाल की हत्या करने के आरोप में उसके समधी ईश्वर लाल राऊत और नंदकिशोर उर्फ नंदू चौधरी को गिरफ्तार किया गया ।पूछताछ में दोनों आरोपी ने हरिलाल को शराब पिलाकर और म लकड़ी पत्थर से मारपीट कर हत्या करना स्वीकार किया। जांच में यह भी पाया कि हरीलाल अपनी बहू उर्मिला को डांट फटकार लगाते रहता था। उर्मिला ने इस संबंध में अपने पिता ईश्वरलाल राऊत और भाई नंदकिशोर उर्फ नंदू चौधरी को बताई थी ।जिनका हरिलाल के साथ विवाद हुआ था और दोनों ने हरीलाल के घर जाकर झगड़ा भी किए थे। हरिलाल की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार ईश्वर लाल और नंदकिशोर उर्फ नंदू को बैहर की अदालत में पेश किया गया। जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवा दिया गया था। विवेचना अनुसंधान उपरांत अभियोग पत्र विद्वान अदालत में पेश किया गया था। यह मामला हाल ही में विद्वान अपर सत्र न्यायाधीश भू भास्कर यादव की अदालत में चला। जहां पर बाल साक्षी देविका के कथन कराए गए जिसने बताया कि हरिलाल उसके दादा है और ईश्वर लाल राऊत नाना और नंदकिशोर चौधरी उसके मामा है।अपने दादा हरिलाल, नाना ईश्वर लाल और मामा नंदकिशोर के साथ साइकिल में ठेमा गई थी। कथा सुनने के बाद वापस आते समय पोगारझोडी नर्सरी के जंगल में रुके। उसके दादा नाना और मामा ने शराब पिए। उसके दादा को झोपड़ी के अंदर ले गए और झोपड़ी से आकर उसे अपने घर ग्राम ठेमा लेकर चले गए। इस बाल साक्षी के अलावा अन्य की भी अदालत में कथन लिए गए। विद्वान अदालत में चलते इस मामले में अभियोजन पक्ष दोनों आरोपी के विरुद्ध आरोपित अपराध सिद्ध करने में सफल रहा। जिसके परिणाम स्वरूप विद्वान अदालत ने मामले की समस्त परिस्थितियों को देखते हुए आरोपी ईश्वरलाल राऊत और नंदकिशोर चौधरी को हरीलाल कोहरे की हत्या करने के आरोप में धारा 302 भादवि के तहत अपराध में दोषी पाते हुए दोनों को आजीवन कारावास और प्रत्येक को 25-25 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किये। दोनो आरोपी गिरफ्तार किये जाने के बाद अभी तक जेल मे ही निरूद्ध रहे।

# एक व्यक्ति ने घरेलू विवाद के चलते कीटनाशक दवाई का किया सेवन

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। नगर के वार्ड नंबर 8 मरारी मोहल्ला में 55 वर्षीय व्यक्ति राजू पिता सुमरत गायधने ने घरेलू विवाद के चलते कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया गया है की राजू सब्जी भाजी का धंधा करता था। किंतु तबीयत खराब होने के कारण कुछ माह से उसने धंधा बंद कर दिया था और घर में रहता था। राजू और उसके परिवार के बीच घरेलू बातों को लेकर विवाद होते रहता था।2 जुलाई को 10:00 बजे करीब घरेलू विवाद के चलते राजू ने कीटनाशक दवाई खरीद कर घर लाया और घर के सामने पी लिया। जिसे उसकी पत्नी जैवन्ता बाई गायधने ने कीटनाशक दवा पीते हुए देखी और उसे ऑटो से जिला अस्पताल लाकर भर्ती की।


# 4 जुलाई को होगी कृषि स्थायी समिति की बैठक

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। कृषि स्थायी समिति की बैठक 4 जुलाई को जिला पंचायत सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की जाएगी।

# बालाघाट-सिवनी हाईवे मार्ग की अधुरी नाली का निर्माण कार्य हुआ प्रारंभ

## नाली निर्माण नहीं होने से दुकानदारों एवं स्थानीयजनों को हो रही थी परेशानी, दुकानदार एवं निवासरत लोगों ने तीव्र गति से नाली का निर्माण करवाने की प्रशासन से की मांग

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय के हृदय स्थल बस स्टैण्ड से लेकर मजार नाले तक हाईवे रोड़ के बीच से २९ फीट छोडक़र प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना से स्वीकृत लाखों रूपयों की लागत से आरसीसी नाली का निर्माण कार्य किया जा रहा है परन्तु ठेकेदार के द्वारा नाली का निर्माण कार्य बस स्टैण्ड से लेकर पंवार कॉम्पलेक्स तक ही किया गया था उसके बाद से निर्माण कार्य बंद कर दिया गया था। जिसके कारण विगत कई माह से नाली का निर्माण कार्य अधुरा ही पड़ा हुआ था। जिसके कारण स्थानीयजनों, दुकानदारों व आमजन मानस को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था क्योंकि नाली निर्माण का कार्य अधुरा होने के कारण कई बार लोग नाली में गिरकर चोटिल हो रहे थे। वहीं अधुरी नाली निर्माण के कारण दुकानदारों का व्यापार भी प्रभावित हो रहा था। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा था जिससे दुकानदारों एवं निवासरत लोगों में शासन-प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त था। वहीं स्थानीय दुकानदार एवं निवासरत लोगों ने अधुरी नाली का



निर्माण कार्य को जल्द पूरा करवाये जाने की मांग शासन-प्रशासन से भी अनेक बार की थी। जिसके बाद निर्माण कम्पनी के ठेकेदार व विभागीय अधिकारी हरकत में आये और मंगलवार से अधुरी नाली का निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। स्थानीय दुकानदार एवं निवासरत लोगों ने प्रशासन एवं निर्माण कम्पनी के ठेकेदार से तीव्र गति से नाली का निर्माण कार्य करवाने की मांग की है।

### नाली का निर्माण हो जाने से पानी की निकासी होगी सुचारू रूप से

आपकों बता दे कि लालबर्रा बस स्टैण्ड से लेकर मजार नाले तक हाईवे मार्ग के किनारे से पूर्व में नाली बनी हुई थी जिसके माध्यम से पानी की निकासी होती थी परन्तु एक वर्ष पूर्व हाईवे मार्ग किनारे से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई थी। जिसमें नाली क्षतिग्रस्त हो गई थी जिसके



कारण दुकानों एवं निवासरत लोगों के घरों का गंदा व बारिश का पानी हाईवे रोड़ के ऊपर से बह रहा था जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी होती थी। उक्त समस्या से निजात दिलवाने के लिए बस स्टैण्ड से लेकर मजार नाले (बाबूलाल सर्राठे के काम्पलेक्स) तक प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना से आरसीसी नाली का निर्माण निर्माण कार्य भाग १ लंबाई २०० मीटर लागत १८.७७ लाख एवं भाग २ लंबाई १२० मीटर लागत १२.३४ लाख रूपये स्वीकृत हुआ है और उक्त राशि से नाली का निर्माण कार्य किया जा रहा है परन्तु निर्माण कंपनी के द्वारा बस स्टैण्ड से लेकर पंवार कॉम्पलेक्स तक ही निर्माण किया गया था उसके बाद से निर्माण कार्य अधुरा छोडक़र निर्माण कार्य बंद कर दिया गया था। जिसके कारण निवासरत लोगों व स्थानीय दुकानदारों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। साथ ही नाली का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण नाली में ढक्कन नहीं लगे है और पानी निकासी नहीं होने से नाली में जमा पानी से दुर्गंध आ रही थी जो कि असहनीय थी। जिसके चलते नाली का काम्पलेक्स में दुकान लगाने वाले दुकानदारों के साथ ही ग्राहकों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। वहीं दुकानदार, निवासरत लोग नाली निर्माण नहीं होने के कारण नाली के ऊपर पिलाई लगाकर आना-जाना करते है। इस दौरान लोग गिरकर चोटिल भी हो चुके है एवं हर समय दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी रहती है। साथ ही यह भी बताया जा रहा है कि निर्माण कार्य के लिए आगे से राशि नही आने के कारण निर्माण कार्य को बंद कर दिया गया था जिसके कारण करीब ४ से ५ माह तक नाली का निर्माण कार्य बंद रहा है। अब नाली के निर्माण के लिए राशि आने की बात कहीं जा रही है इसलिए निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया हैं। वही स्थानीयजनों व दुकानदारों ने जल्द से जल्द नाली का निर्माण कार्य करने की मांग शासन प्रशासन से की है।

# सेवानिवृत्त होने पर बीपीओं योगेन्द्र, पंचायत सचिव उत्तमप्रसाद एवं श्यामलाल को दी गई विदाई

## जनपद पंचायत में विदाई समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित जनपद पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में सोमवार को





विदाई समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम जनपद पंचायत उपाध्यक्ष किशोर पालीवाल, सीईओं चंदरसिंह मंडलोई, लेखापाल वायके गौतम, सेवानिवृत्त बीपीओं योगेन्द्र सोनेकर, बोरी पंचायत के सचिव उत्तमप्रसाद मुंडेश्वर एवं जनपद पंचायत कार्यालय के कर्मचारी श्यामलाल सिंगोरिया की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। जिसके बाद उपस्थित जनपद पंचायत के कर्मचारी एवं पंचायत सचिवों के द्वारा तीन सेवानिवृत्त कर्मचारियों का तिलकवंदन, शाल, श्रीफल एवं उपहार भेंट कर उनकी उज्जवल भविष्य की कामना कर उन्हे विदाई दी। आपकों बता दे कि सेवानिवृत्त बीपीओं योगेन्द्र सोनेकर की प्रथम नियुक्ति १७ जून १९८७ को चौरई (छिंदवाडा) में ग्राम सहायक के पद पर हुई थी जिसके बाद वर्ष १९९५ में स्थानांतरण होकर लालबर्रा में ग्राम सहायक के पद अपनी सेवाएं दिये और वर्ष २००७ में पीसीओं के पद पर पदोन्नत होने के बाद २०१९ तक जनपद पंचायत केवलारी, लखनादौन, बरघाट में अपनी सेवाएं दी है। जिसके बाद वर्ष २०१९ में पीसीओं से पदोन्नत होकर बीपीओं बनकर स्थानांतरण होकर खैरलांजी जनपद में बीपीओं के पद पर कार्य किये जहां एक वर्ष सेवा देने के बाद वर्ष २०२० में स्थानांतरण होकर बैहर जनपद में २ वर्ष तक सेवा देने के बाद वर्ष २०२२ में स्थानांतरण होकर लालबर्रा जनपद पंचायत आये एवं लालबर्रा जनपद पंचायत में वर्ष २०२२ से बीपीओं के पद पर कार्य कर रहे थे और ६२ वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद ३१ जून को सेवानिवृत्त हो चुके है। इस तरह जनपद पंचायत विभाग में ३७ साल तक श्री सोनेकर ने सेवाएं प्रदान की है। इसी तरह उत्तमप्रसाद मुंडेश्वर की प्रथम नियुक्ति १९९५ में पंचायत सचिव के पद पर हुई थी एवं श्यामलाल सिंगोरिया की प्रथम नियुक्ति २ अप्रैल १९८३ में जनपद पंचायत कार्यालय में सफाई कर्मचारी के पद पर नियुक्ति हुई थी और तीनों सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपना कार्य पूरी ईमानदारी से करने के साथ ही पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलवाने का कार्य किये है जिनके कार्यो की सभी ने सराहना भी की है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये जनपद उपाध्यक्ष किशोर पालीवाल ने कहा कि सेवानिवृत्त हुए हमारे साथियों के उज्जवल भविष्य की हम सभी कामना करते है और ईश्वर से यही प्रार्थना करते है कि तीनों सेवानिवृत्त कर्मचारी हमेशा स्वस्थ रहे, अपने परिवार के साथ खुशी से जीवन यापन करे क्योंकि आज से आप अपने परिवार में जा रहे है, कल सुबह जब आप उठेंगें तो वह आपके जीवन की नई सुबह होगी, नई शुरूआत होगी और जो सेवाएं अपने सेवाकाल में दी उसके लिये हम सभी आपके आभारी है अब आप अपनी इस सेवानिवृत्ति के बाद हमेशा अपने परिवार के साथ खुशहाल जीवन व्यतीत करें। मुख्य कार्यपालन अधिकारी चंदरसिंह मंडलोई ने कहा कि हमारे विभाग के अधिकारी कर्मचारी दिन प्रतिदिन सेवानिवृत्त होते जा रहे है उनका स्थान खाली होते जा रहा है लेकिन नई भर्तियां नहीं हो रही है जिससे कर्मचारियों को काम करने में परेशानी होती है परंतु एक कर्मचारी के सेवानिवृत्ति के बाद दूसरे कर्मचारी पर काम का बोझ निश्चित रूप से बढ़ जाता है। साथ ही तीनों सेवानिवृत्त कर्मचारियों का कार्य सराहनीय रहा है जिनके उज्जवल भविष्य की कामना करते है।

वहीं विदाई समारोह कार्यक्रम को अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त बीपीओं योगेन्द्र सोनेकर सहित अन्य कर्मचारियों के कार्यो की सराहना करते हुए उन्हे उज्जवल भविष्य की कामना की है। वहीं सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने भी कहा कि शासकीय विभागों में कार्य करने में कठिनाईयां आती है परन्तु पुरी ईमानदारी से कार्य करे तो किसी तरह की परेशानी नही होती है इसलिए सभी अपना काम पूरी ईमानदारी से करे और पात्र हितग्राहियों को शासन की योजना का लाभ दिलवाये। इस अवसर पर ग्राम पंचायतों के सचिव व जनपद के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# ट्रांसफार्मर खराब होने से पांढरवानी में लो-वोल्टेज की समस्या

## ग्रामीणों ने जल्द विद्युत विभाग से नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय की ग्राम पंचायत पांढरवानी के वार्ड नं. ३ में स्थित ट्रांसफार्मर ४ दिन पूर्व खराब हो चुका है परन्तु उसके स्थान पर दुसरा ट्रांसफार्मर अब तक नही लगाया गया है। बल्कि पांढरवानी की विद्युत लाईन को रामजीटोला देवीमंदिर के सामने स्थित ट्रांसफार्मर में जोड़कर बिजली प्रदाय की जा रही है परन्तु उक्त ट्रांसफार्मर में लोड अधिक होने के कारण पांढरवानी में लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है जिसके कारण ग्रामीणजन कुलर, पंखे एवं अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण नही चला पा रहे है और बार-बार बिजली कटौती होने एवं वोल्टेज कम-ज्यादा होने से इलेक्ट्रानिक उपकरण खराब होने की भी संभावना बनी हुई है। साथ ही लो-वोल्टेज होने के कारण ग्रामीणजनों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और रात्रि के समय लो-वोल्टेज के चलते अंधेरा रहने पर कीड़े-मकोड़े के निकलने का डर ग्रामीणों में बना हुआ है। वहीं ट्रांसफार्मर खराब हो जाने एवं २०० वॉट का नवीन ट्रांसफार्मर लगाने की मांग विद्युत विभाग से ग्रामीणजन कर रहे है परन्तु ट्रांसफार्मर खराब हुए ४ दिन बीत जाने के बाद भी अब तक नया ट्रांसफार्मर नही लगाया गया है जिससे ग्रामीणजनों में विद्युत विभाग के प्रति नाराजगी देखी जा रही है और ग्रामीणजनों ने २०० वाट का जल्द नवीन ट्रांसफार्मर लगाने की मांग विद्युत विभाग से की है। आपकों बता दे कि ग्राम पंचायत पांढरवानी के वार्ड नं. ३ शासकीय प्राथमिक स्कूल के समीप १०० वॉट का ट्रांसफार्मर लगाया गया है जिससे पूरे पांढरवानी ग्राम में बिजली प्रदाय की जाती है परन्तु गत ४ दिन पूर्व सुबह के समय तेज आंधी-तूफान एवं बादल गर्जना के साथ झमाझम बारिश हुई थी। इसी दौरान पांढरवानी वार्ड नं. ३ में लगा विद्युत ट्रांसफार्मर खराब हो गया था जिससे पुरे ग्राम में बिजली गुल थी। जिसकी जानकारी ग्रामीणजनों ने विद्युत विभाग को दिये जिसके बाद विद्युत विभाग के कर्मचारी पहुंचकर खराब ट्रांसफार्मर से पांढरवानी की सप्लाई बंद कर रामजीटोला माता मंदिर के सामने स्थित ट्रांसफार्मर में जोड़कर पांढरवानी ग्राम को बिजली प्रदाय की जा रही है परन्तु उक्त ट्रांसफार्मर में लोड अधिक होने के कारण ग्राम पांढरवानी में लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। जिससे ग्रामीणजन परेशान है और ट्रांसफार्मर खराब हुए ४ दिन बीत जाने के बाद भी विद्युत विभाग के द्वारा नवीन ट्रांसफार्मर नही लगाया गया है जिससे ग्रामीणजनों में विद्युत विभाग के प्रति नाराजगी देखी जा रही है।

### ग्रामीणजनों को हो रही परेशानी - शैलेन्द्र

ग्रामीण शैलेन्द्र नागेश्वर ने बताया कि विगत ४ दिनों से हमारे वार्ड में लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है जिससे घरों में लाईट नहीं जल रही है और कुलर, पंखे, मोटर सहित अन्य बिजली के उपकरण नहीं चल पा रहे है जिसके कारण ग्रामीणजनों को बेहद परेशानी हो रही है विद्युत विभाग से मांग है कि वे इस समस्या का जल्द से जल्द निराकरण करे और नया ट्रांसफार्मर यहां पर लगाया जाये जिससे लो वोल्टेज की समस्या दूर हो सके एवं २४ घंटे बिजली प्रदाय करें।

### लो-वोल्टेज से खराब हो रहे है इलेक्ट्रॉनिक्स सामान - फिरोज

ग्रामीण फिरोज नियाजी ने बताया कि पांढरवानी के वार्ड नंबर ३ में लगा विद्युत ट्रांसफार्मर ४ दिन पूर्व खराब हो चुका है जिसके कारण ग्राम में लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है और पर्याप्त बिजली ग्रामीणों को नहीं मिल पा रही है जिससे ग्रामीणजन अपने दैनिक उपयोग केइलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण नहीं चला पा रहे है एवं वोल्टेज कम-ज्यादा होने से इलेक्ट्रॉनिक्स सामान खराब होने का भी डर बना हुआ है। श्री नियाजी ने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद रामजीटोला के ट्रांसफार्मर से पांढरवानी की लाईन को जोड़कर बिजली प्रदाय की जा रही है जिसके कारण लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है एवं उजाला कम होने के कारण रात्रि के समय कीड़े-मकोड़े निकलने का भी डर बना रहता है और बारिश का दिन प्रारंभ हो चुका है इसलिए विद्युत विभाग से मांग है कि जल्द २०० वॉट का नवीन ट्रांसफार्मर लगाये ताकि लो-वोल्टेज की समस्या से ग्रामीणजनों को निजात मिल सके।

### इनका कहना है।

पांढरवानी के वार्ड नं. ३ का ट्रांसफार्मर खराब हो चुका है, नया ट्रांसफार्मर छिंदवाड़ा से बुलाया गया है, ट्रांसफार्मर आने के बाद जल्द लगा दिया जायेगा और नया ट्रांसफार्मर लग जाने से लो-वोल्टेज की समस्या दुर हो जायेगी एवं २०० वॉट का ट्रांसफार्मर के लिए शासन को मांग पत्र भेजा जायेगा।

**सरफराज कुरैशी**
**सहायक यंत्री**
**विद्युत विभाग लालबर्रा**

# महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित शासकीय महाविद्यालय में सोमवार को उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के गुणवत्ता अधिदेश के दिशा-निर्देशों एवं नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का दीक्षारंभ सहप्रेरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हेमंत मुदलियार के मुख्य आतिथ्य, महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्रकुमार खण्डायत की अध्यक्षता एवं अन्य प्राध्यापकों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। इस दीक्षारंभ कार्यक्रम के अवसर पर नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का लविना बाहुके और स्वाति दमाहे के द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया। दीक्षारंभ कार्यक्रम के प्रथम दिवस में विभाग द्वारा निर्देशित कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्रकुमार खण्डायत ने नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय का संपूर्ण परिचय, म.प्र. उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक संस्थान के लिए विजन-मिशन, शासन द्वारा छात्र-छात्राओं की विभिन्न योजनाओं, राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२० के परिप्रेक्ष्य में महाविद्यालय के लक्ष्य एवं महाविद्यालय के परिवेश से परिचित करवाया गया। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमन्त मुदलियार ने नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को प्रेरणात्मक उद्बोधन देते हुए सोशल मीडिया की उपयोगिता एवं साइबर क्राइम विषय पर जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि अंकित हरिद्वाज ने अपने व्याख्यान में पाठ्यक्रम चयन, प्रतियोगी परीक्षा में सफलता अर्जित करने के सुझावों से अवगत करवाया। डॉ.




संगीता मेश्राम ने अपनी व्याख्यान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२० के अनुसार शैक्षणिक संरचना और परीक्षा प्रणाली का परिचय दिया। महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी के द्वारा परिचय सत्र में संकायवार परिचय नवप्रवेशित विद्यार्थियों को दिया गया। आइस-ब्रेकिंग सत्र के दौरान मनोरंजक खेल गीतिविधियों का आयोजन किया गया और शासन के निर्देशानुसार दीक्षारंभ कार्यक्रम तीन दिवसीय आयोजित किया जाना सुनिश्चित हैं। प्रथम दिवस के कार्यक्रम का संचालन डॉ. कामाक्षा बिसेन द्वारा किया गया। दीक्षारंभ कार्यक्रम के अवसर पर प्रकाश रहांगडाले, संजीव बनवाले, शालू अग्रवाल, डॉ. प्रदीप कुमार भिमटे, डॉ. देवराज चौरे, डॉ. निर्मल कीर्ति गेडाम, डॉ. पल्लवी जाटव, श्रीमती संध्या परते, नरेश सौलखे, मनीष शिवहरे, डॉ. आशीष बागड़े, श्रीमती माधुरी पुसे, श्रीमती अनिभा शरणागत, श्रीमती आशा कारे, डॉ. विवेक खरगाल, संदीप चौरसिया, यादोराव राजुरकर, व्यंकट नगपुरे, श्रीमती सरिता ऐड़े, लकेश गेड़ाम, रामदयाल मथारे, पीतम मुरते, श्रीमती वंदना कुर्वे, मिनेश पंचेश्वर सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# अस्पताल में एंटी स्नेक, रेबीज पर्याप्त मात्रा में रखा जाये - अनीस

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय की ग्राम पंचायत पांढरवानी के सरपंच अनीस खान ने बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुएक्षेत्रीयजनों के हित में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लालबर्रा के खण्ड चिकित्सा अधिकारी को पत्र लिखकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व इनके अंतर्गत आने वाले उपस्वास्थ्य केंद्रों में एंटी स्नैक व एंटी रैबीज के टीके पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करवाने की अपील स्वास्थ्य विभाग से की है। चर्चा में पांढरवानी सरपंच अनीस खान ने बताया कि बरसात प्रारंभ हो चुकी है और इस बारिश के मौसम में जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा बढ़ जाता है। इन जहरीले जीव-जंतुओं का शिकार शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के लोग अक्सर बारिश के दिनों में होते रहते है। वहीं बरसात में आवारा कुत्तों के पागल होने का भी डर बना रहता है एवं ये पागल कुत्ते आम लोगों को काटकर उन्हे हानि पहुंचाते है। श्री खान ने बताया कि इस तरह की घटना हर समय बारिश के दिनों में देखने को मिलती है इसलिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालबर्रा के खण्ड चिकित्सा अधिकारी को पत्र लिखकर इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल में जहरीले



जीव जंतु व कुत्ते के काटने से बचाव के लिये उपयोग में आने वाली दवाईयां पर्याप्त मात्रा में रखने की अपील की गई है। जिससे आमजन मानस को इन दवाईयों के लिये कहीं भटकना न पड़े और उनका इलाज समय पर ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आसानी से हो सके।

कंजई में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927


# कायदी सरपंच व उपसरपंच को पद से पृथक कर निर्वाचन करवाने आदेश जारी

## कोर्ट के आदेश की अवेहलना से बचने जिला पंचायत ने की कार्यवाही

**वारासिवनी ( पद्मेश न्यूज )। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कायदी के सरपंच एवं उपसरपंच को पद से पृथक कर निर्वाचन करने का आदेश जिला पंचायत बालाघाट के द्वारा १ जुलाई को जारी कर दिया गया है। जिसमें जनपद पंचायत के द्वारा वर्तमान तक आदेश जारी नहीं किया गया है। जिसको लेकर ग्राम पंचायत कायदी के पंचों के द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत वारासिवनी दीक्षा जैन से मुलाकात की गई। जहाँ उक्त मामले में चर्चा करते हुए नियम अनुसार निर्वाचन करने की अपील की गई। वहीं मामले में आठ माह से चल रहे भ्रष्टाचार एवं प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही पर सवाल खड़े करते हुए शासन प्रशासन से अधिकारियों को सस्पेंड एवं निवर्तमान सरपंच पर रिकवरी की कार्यवाही करने की मांग की गई।**

### यह है मामला

ग्राम पंचायत कायदी में उत्पन्न हो रहे विवादों हितग्राही मूलक कार्यों का संचालन नही करने सहित अनेक विषयों को लेकर जिला पंचायत बालाघाट के द्वारा ६ मार्च २०२३ को ग्राम पंचायत कायदी के सरपंच श्रीमती रेखा जितेन्द्र नगरगड़े और उपसरपंच संजय माहुले को पद से पृथक करने के लिए आदेश जारी किया गया था। जिसके परिपालन में जनपद पंचायत के द्वारा कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई थी । परंतु इस दौरान सरपंच और उपसरपंच के द्वारा जिला पंचायत के आदेश पर कमिश्नर के पास से मामले में स्टे ऑर्डर ला लिया गया था। जिसके बाद वह यथावत पद पर बने हुए थे परंतु १० अक्टूबर २०२३ को कमिश्नर के द्वारा पूर्व में कायदी सरपंच और उपसरपंच को दिए गए स्टे ऑर्डर पर सुनवाई करते हुए जिला पंचायत बालाघाट के आदेश को यथावत रखने का आदेश कर दिया गया था। जिसमें सरपंच व उपसरपंच प्रकरण हार गए उसके बावजूद जिला पंचायत और जनपद पंचायत के द्वारा मामले में किसी प्रकार का अपडेट ना लेते हुए पंचायत में उक्त सरपंच और उपसरपंच को यथावत रखकर कार्य करवाया गया। जिसमें पंचो के द्वारा मामले को लेकर जिला कलेक्टर, जिला पंचायत को शिकायत की गई। परंतु इस पर किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया गया। ऐसे ८ महीने बीतने के बाद अचानक कमिश्नर का ८ महीने पुराना आदेश अधिकारियों व आम जनता के सामने आया। जिसमें अधिकारियों को ज्ञात होते ही की कोर्ट के आदेश की अवेहलना उनके द्वारा की गई है । जिस पर आनन फानन में १ जुलाई २०२४ को जिला पंचायत बालाघाट के द्वारा जनपद पंचायत वारासिवनी को आदेश जारी कर सरपंच श्रीमती रेखा नगरगड़े और उपसरपंच संजय माहुले को पद से पृथक करने और निर्वाचन करने के लिए आदेश किया गया। जिसको लेकर पंचो के द्वारा जनपद सीईओ से मुलाकात की गई।



कार्यालय जिला पंचायत बालाघाट (म.प्र.)

–:: ज्ञापन ::–

क्रमांक /2817/पंचा.प्रको./जि.पं./2024 बालाघाट, दिनांक 01/07/2024

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जनपद पंचायत वारासिवनी,
जिला बालाघाट।

विषय :– ग्राम पंचायत कायदी में उपसरपंच की कार्यवाही के संबंध में।

संदर्भ :– 1. न्यायालय कमिश्नर, जबलपुर संभाग जबलपुर के प्रकरण क्रं. 0614/अपील/2022–23 में पारित आदेश दिनांक 08 अगस्त 2023
2. न्यायालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी(विहित प्राधिकारी) जिला पंचायत बालाघाट का प्रकरण क्रं./पं.प्र.कं. 05 अ–89 (1) 2023–24 दिनांक 06.03.2023
3. कार्यालयीन पत्र क्रं./1588/पंचा.प्रको./जि.पं./2023 बालाघाट दि. 13.03.2023

–:–:–:–

विषयांतर्गत संदर्भित आदेशों अवलोकन करें। जिसके माध्यम से संदर्भित आदेश क्रं. 01 ग्राम पंचायत कायदी जनपद पंचायत वारासिवनी के उपसरपंच श्री संजय माहुले को म.प्र पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 40(क) के तहत पद से पृथक किया गया है। संदर्भित आदेश क्रं. 2 के द्वारा अधिनस्थ न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 06.03.2023 को यथावत रखा गया है।

अतः मध्यप्रदेश पंचायत एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 38 में निहित प्रावधानों के तहत उपसरपंच के निर्वाचन संबंधी नियमानुसार विधिवत कार्यवाही कर इस कार्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

सलंग्न :– उपरोक्तानुसार।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत, बालाघाट

पृ0क्र0/2817 A/जि.पं./पंचा.प्रको./2024 बालाघाट दिनांक 01/07/2024

प्रतिलिपि :–

1. कलेक्टर, जिला बालाघाट की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अनुविभागीय अधिकारी (रा.) वारासिवनी की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. खण्ड पंचायत अधिकारी, जनपद पंचायत वारासिवनी की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. संबंधित सचिव/ग्राम रोजगार सहायक (सहायक सचिव) ग्राम पंचायत कायदी जनपद पंचायत वारासिवनी की ओर सूचनार्थ एवं उक्तानुसार कार्यवाही किये जाने हेतु पालनार्थ।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत, बालाघाट



### यह किया गया आदेश

जबलपुर कमिश्नर के आदेश पालन करने कार्यालय जिला पंचायत बालाघाट के द्वारा १ जुलाई २०२४ को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत वारासिवनी जिला बालाघाट को ग्राम पंचायत कायदी में स्थानापन्न सरपंच एवं उपसरपंच की कार्यवाही के संबंध में आदेश किया गया। कि ग्राम पंचायत कायदी जनपद पंचायत वारासिवनी के सरपंच श्रीमती रेखा नगरगड़े और उपसरपंच संजय माहुले को म.प्र पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम १९९३ की धारा ४० क के तहत पद से पृथक किया गया है। अधिनस्थ न्यायालय के द्वारा पारित आदेश दिनांक ०६/०३/२०२३ को यथावत रखा गया है। अत: मध्यप्रदेश पंचायत एवं ग्राम स्वराज अधिनियम १९९३ की धारा ३८ में निहित प्रावधानों के तहत स्थानापन्न सरपंच के निर्वाचन संबंधी नियमानुसार विधिवत कार्यवाही कर इस कार्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

### कमीशन के चक्कर में अधिकारियों ने सरपंच का भ्रष्टाचार में दिया साथ-धरमसिंह राजपूत

पूर्व जनपद सदस्य एवं पचं धरमसिंह राजपूत ने बताया कि वर्तमान कायदी के पंच है और आठ माह पूर्व कायदी के सरपंच को निवर्तमान कर दिया गया। इसके बावजूद वह ८ महीने से शासन की राशि आहरण कर निर्माण करवा रहे हैं। जिसमें भारी भ्रष्टाचार है जिसकी शिकायत जिला पंचायत, जिला कलेक्टर, जनपद सीईओ को की गई पर किसी ने इस भ्रष्टाचार को रोकने का कार्य नहीं किया। निवर्तमान सरपंच के विरुद्ध निर्वाचन प्रक्रिया होने का जिला पंचायत का एक लेटर निकल गया है । जिसमें निर्वाचन की तारीख हमें तय करना है इसी को लेकर हम जनपद सीईओ से मुलाकात किया और नियम अनुसार निर्वाचन संपन्न करने के लिए अपील की गई है। श्री राजपूत ने बताया कि जिला पंचायत सीईओ ,जनपद पंचायत सीईओ के द्वारा कमिश्नर के आदेश की यह अवहेलना की गई है । इन पर कार्यवाही होना चाहिए कि निर्धारित समय में निर्वाचन का काम नहीं करवाया गया जिसके लिए सस्पेंड किया जाना चाहिये। क्योंकि धारा ४० की कार्यवाही में तत्कालीन सरपंच को जो स्टे मिला था वह १० अक्टूबर २०२३ को खत्म हो गया था। फिर भी जिला पंचायत सीईओ ने पंचायत निवर्तमान सरपंच को करोड़ों का काम देकर भ्रष्टाचार करवाया कमीशन खोरी के चक्कर में। हम चाहते हैं कि निवर्तमान सरपंचृ के द्वारा किए गए राशि आहरण के रिकॉर्ड जप्त कर उन से रिकवरी की जायें।



## वारासिवनी उपजेल में रोपित किए गए 30 पौधे

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा व जिपं सीईओ डीएस रणदा के मार्गदर्शन में डीएटीसीसी की टीम जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों आयोजित कर रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को डीएटीसीसी टीम वारासिवनी उपजेल पहुँची। इस



दौरान जेलर अभय वर्मा के नेतृत्व में जेल परिसर में 30 से अधिक विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। वहीं सभी पौधों के संरक्षण का संकल्प लेकर जेल कर्मचारियों को पौधों की देख-रेख की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। पर्यटन प्रबंधक एमके यादव ने बताया कि कलेक्टर डॉ. मिश्रा के निर्देशन में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत डीएटीसीसी की टीम भी ऐसे स्थानों पर पौधे रोपित कर रही हैं, जहाँ पौधों को कोई नुकसान न पहुंचे और उनकी देखरेख भलीभांति हो पाए। इस दौरान टीएम यादव, युवा मोटिवेटर अजय ठाकुर, परामर्श दाता विजय सूर्यवंशी, उपजेल से मुख्य प्रहरी भारत सिंह, अनुराग मरकाम, संदीप वट्टी, मोतीलाल नारनौरे, लक्ष्मी नारायण, योगेश चंदेल, कैलाश वाहेब सहित अन्य साथी शामिल रहे।

## जेएसके बैंक के अधिकारी कर्मचारी करेंगे पौधारोपण

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। कलेक्टर व बैंक प्रशासक डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में बैंक सीईओ आरसी पटले द्वारा मंगलवार को मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट अंतर्गत मुख्यालय सहित 19 शाखाओं और 126 बी पैक्स समितियों के अधिकारी और कर्मचारीगण जिले में वृहद स्तर पर पौधारोपण करेंगे। श्री पटले ने मासिक बैठक में निर्देशित किया कि बी पैक्स समिति कंप्यूटर ऑनलाइन गतिविधि को लेकर सॉफ्टवेयर के अनुसार कार्य करेंगे तथा आनलाइन कार्य के अलावा मैनुअल कार्य भी होगा। प्रतिदिन समितियों में रिपोर्ट्स आएगी जिसे चेक करेंगे। उन्होंने बताया कि माइक्रो एटीएम का ग्रीन पिन आ गया है जिसे निरंतरता प्रदान करना होगा। इसके अलावा मध्यम कालीन ऋण को लेकर प्रति समिति हर माह एक प्रकरण नियमानुसार तैयार कर बैंक मुख्यालय को प्रेषित करना होगा। साथ ही वार्षिक आधार पर अमानत संग्रहण, ऋण वितरण, वसूली, एनपीए प्रबंधन हेतु उत्कृष्ट कार्य करने पैक्स समिति को वार्षिक साधारण सभा में सम्मानित करने हेतु पुरस्कार दिया जाएगा। इस दौरान राजेश नगपुरे फील्ड अधिकारी, रौनक चौकसे, शाखा प्रबंधक आशीष मिश्रा, दीपक देशमुख, ऋषि बिसेन, राजेश दुबे, मनोहर यादव सहित मुख्य शाखा, लामता, लालबर्रा, खमरिया से सुपरवाइजर, संस्था प्रबंधक उपस्थित

# पानी की किल्लत से आक्रोशित वारा के ग्रामीण

## ओवरब्रिज निर्माण में पाईप लाईन क्षतिग्रस्त होने से बनी समस्या








वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत वारा के वार्ड नंबर ७,९ एवं अन्य स्थानों पर बीते करीब एक महीने से अधिक का समय हो गया लोगों को पानी की किल्लत बनी हुई है। जहां पीने के पानी और निस्तार के पानी के लिए ग्रामीणों को काफी परेशान होकर इधर उधर भटकना पड़ रहा है। परंतु उन्हें पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिसको लेकर उनके द्वारा ग्राम पंचायत में शिकायत भी की गई है ,परंतु ग्राम पंचायत के द्वारा वर्तमान तक समस्या का पूर्ण समाधान नहीं किया गया है जिसके कारण ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। विदित हो की वारा रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य प्रारंभ है। इस कार्य के दौरान वारासिवनी बालाघाट मार्ग के नीचे से गुजरने वाली पाइपलाईन क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिस कारण से नल जल योजना से ग्राम वारा का कुछ हिस्सा कट गया था जहां पानी नहीं पहुंच पा रहा है। ऐसे में पंचायत के द्वारा वर्तमान तक उक्त समस्या का समाधान नहीं किया गया है। जबकि मौके पर पाइपलाईन को जोड़ने का कार्य करता हुआ देखा जा रहा है किंतु यह अभी भी पूर्ण नहीं हो पाया है। जिस कारण से लोग आस पड़ोस के ट्यूबवेल हैंड पंप से पानी लाकर अपनी पूर्ति कर रहे हैं। जिनके द्वारा पंचायत से योजना के माध्यम से पानी देने की मांग की जा रही है।

### एक माह बित जाने के बाद भी नहीं हुआ समस्या का समाधान

ग्राम पंचायत के वारा नल जल योजना पानी टंकी से पानी वितरण की एक पाइपलाईन करीब एक माह पहले ओवर ब्रिज निर्माण कार्य में क्षतिग्रस्त हो गई थी। जो वर्तमान तक तैयार नहीं हो पाई है और नाही वार्डवासियों को पानी मिलना प्रारंभ हो पाया है। ऐसे में लगातार ग्रामीणों के द्वारा ग्राम पंचायत में शिकायत की जा रही है और पंचायत के द्वारा कार्य प्रगति पर होने की बात कहीं जा रही है। इस परिस्थिति में प्रत्येक परिवारों को सामूहिक रूप से करीब आधा किलोमीटर दूर तक पानी प्राप्त करने के लिए जाना पड़ रहा है जिसका असर ग्रामीणों के दैनिक जीवन पर भी पढ़ रहा है।

### एक महीना हो गया नल जल योजना का पानी नहीं मिल रहा है-श्यामबति खैरवार

ग्रामीण श्यामबति बाई खैरवार ने पद्मेश से चर्चा में बताया कि पानी की हमारे यहां बहुत ज्यादा समस्या है। पूरा मोहल्ला इस समस्या से परेशान हो गया है एक महीना हो गया हमें नल जल योजना का पानी नहीं मिल पाया है। यह समस्या बालाघाट रोड़ का पाइप कट जाने के कारण हुआ है। इस दौरान ग्राम पंचायत के द्वारा शुरू में ४ दिन पानी से भरा टैंकर हमारे लिए भेजा गया परंतु उसके बाद वह दिखा भी नहीं। अभी हमें बहुत ज्यादा पानी प्राप्त करने समस्या हो रही है । रेलवे के तरफ जाना पड़ रहा है वहां के हैंडपंप से पीने का पानी लाते हैं, हमारे घर के पास में भी हैंडपंप है । जिससे ज्यादा पानी नहीं निकलता है फिर दूसरे हैंडपंप जाना पड़ता है ऐसा विभिन्न जगहों से पानी जमा किया जा रहा है हमारे यहां भारी समस्या है।



### ग्राम वारा का सरपंच तो सरपंच ही है-लीला पचोरी

ग्रामीण लीलाबाई पचोरी ने बताया कि एक माह से ज्यादा का समय हो गया है पानी नहीं आ रहा है हैंडपंप इधर उधर स्थित है जहां से थोड़ा थोड़ा पानी का जमा कर रहे हैं परंतु इसमें तकलीफ बहुत हो रही है। शुरू में टैंकर आया उसके बाद आज तक हमें दिख नहीं है ,करीब तीन से चार दिन टैंकर से पानी दिया था । अब रेलवे स्टेशन के करीब में एक हेडपंप है वहां जाते हैं करीब आधा किलोमीटर पड़ता है और पूरे परिवार लड़की बच्ची के साथ जाना होता है। क्योंकि अकेला व्यक्ति कब तक पानी भरेगा सरपंच तो आकर नहीं देख रहा है।



### आज भी वारा को लोग पानी के लिये इधर उधर भटक रहे है-गीता मात्रे

ग्रामीण गीताबाई मात्रे ने बताया कि हमारे यहां और आस पड़ोस में ट्यूबवेल है जहां पर सुबह से गांव के लोग पानी के लिए आते हैं । परंतु ट्यूबवेल में भी ज्यादा पानी नहीं होने से थोड़ा थोड़ा पानी देते हैं। उसके बाद यह लोग दूर दराज से पानी लाते हैं सुबह और शाम दोनों समय गांव के लोग पानी के लिए इधर उधर जाते ही आसानी से देख सकते हैं। बहुत ज्यादा समस्या है जब पाइपलाईन टूटी थी तो टैंकर लगातार भेजना था। परंतु ग्राम पंचायत में ऐसा नहीं किया जा रहा है आज हर किसी के घर में काम पर जाने वाले लोग हैं। अब सुबह पानी दूर से लाना होता है तो पूरा परिवार पानी लाने जाता है । ऐसे में कई बार घर में खाना बनाने में लेट हो जाते हैं जिसका असर काम पर जाने वालों को परेशान होकर भुगतना पड़ता है।



### इनका कहना है

ओवर ब्रिज निर्माण के कारण पाइपलाईन क्षतिग्रस्त हो गई थी जिसका सुधार कार्य किया जा रहा है । अब जमीन के अंदर पाइपलाईन खराब हुई है इसके सुधार कार्य में थोड़ा समय लग रहा है पर जल्द व्यवस्था बहाल कर दी जायेगी।

**सूर्यभान सिंह पुसाम**
**सरपंच ग्राम पंचायत वारा**

खैरलांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबैंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भोरगढ़ में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबैंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

कटंगी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबैंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# सुधारवादी नेता के इंतजार में

चूंकि ईरान के अचानक हुए राष्टपति चुनाव के पहले दौर में कोई भी उम्मीदवार 50 फीसदी मत हासिल करने में कामयाब नहीं हुआ, लिहाजा देश में 5 जुलाई को दो सबसे ज्यादा मत पाने वालों – सुधारवादी मसूद पेज़ेशकियान और रूढ़िवादी सईद जलीली के बीच मुकाबला होगा। सुधारवादी राष्टपति मोहम्मद खातमी की सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे सर्जन व सांसद श्री पेज़ेशकियान को जहां 42.5 फीसदी मत मिले, वहीं ईरान के पूर्व मुख्य परमाणु वार्ताकार श्री जलीली को 38.8 फीसदी मत मिले। रूढ़िवादी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाक़र क़ालिबफ़ 13.8 फीसदी मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे। मई में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में राष्टपति इब्राहिम रायसी की मौत की वजह से जरूरी बन गया यह चुनाव ईरान के लिए बेहद महत्वपूर्ण वक्त पर हो रहा है। आर्थिक दुश्वारियों और बढ़ती सांस्कृतिक पुलिस व्यवस्था के बीच जनता में काफी गुस्सा है। ईरान को अपनी कठपुतलियों, मुख्य रूप से यमन के हौथी और लेबनान के हिजबुल्लाह पर लगाम लगाने के लिए दबाव का सामना करना पड़ रहा है, खासकर इजराइल–हमास युद्ध शुरू होने के बाद। अंतरराष्टीय दबाव को धता बताते हुए ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम का भी विस्तार कर रहा है और अप्रैल में इज़राइल के साथ उसकी तनातनी उस वक्त बढ़ गई जब तेहरान ने दमिश्क में अपने दूतावास की इमारत पर बमबारी के बाद इस यहूदी राष्ट्र पर मिसाइल से हमला किया। नए राष्टपति, चाहे वह सुधारवादी हो या रूढ़िवादी, द्वारा मूल नीतियों में बदलाव की कोई संभावना नहीं है, लेकिन इस गणतंत्र के सर्वोच्च निर्वाचित अधिकारी की महत्वपूर्ण नीतियों को लागू करने में भूमिका होगी। अतीत में, श्री खातमी और हसन रूहानी जैसे सुधारवादी राजनेताओं ने बदलाव के वादों पर भारी जनादेश हासिल किया था। लेकिन, उन्होंने शिया धार्मिक नेताओं द्वारा कसकर नियंत्रित प्रणाली को खोलने की दिशा में कुछ नहीं किया। प्रणाली को भीतर से सुधारने और आर्थिक संकटों, जो पश्चिमी प्रतिबंधों का नतीजा है, को कम करने की नाकामी ने मतदाताओं के एक वर्ग को उदासीन बना दिया है। एक दौर था जब ईरान के धार्मिक शासक क्रांतिकारी शासन, जो आंशिक रूप से प्रातिनिधिक और पूरी तरह से धार्मिक है, की लोकप्रिय वैधता के उपाय के रूप में मतदाताओं की उच्च भागीदारी का आह्वान करते थे। अगर 2009 में कुल मतदान 80 फीसदी से ऊपर रहा था, तो इस साल यह रिकॉर्ड कम – 39.9 फीसदी रहा। इसमें हैरानी की कोई बात नहीं है। राज्य के सभी अंग रूढ़िवादियों के नियंत्रण में हैं और कई सुधारवादी राजनेताओं को चुनाव लड़ने से रोक दिया गया। अगर सुधारवादी जीत भी जायें, तो उनपर सर्वोच्च नेता के पद और 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' जैसे अनिर्वाचित संस्थानों का अंकुश होगा। संस्थानों पर रूढ़िवादियों का लगभग पूर्ण प्रभुत्व और धार्मिक नेताओं का बदलाव से इनकार उस सीमित लोकतंत्र को भी खोखला कर रहा है जिसका क्रांति ने वादा किया था। आर्थिक दुश्वारियां और इस्लामिक कानून के मसले पर दमन आग में घी का काम कर रहा है। ईरान इस बात पर गर्व कर सकता है कि उसने संकटों के बीच राष्टपति चुनाव कराया। लेकिन इसके शासकों को बढ़ते असंतोष और मतदाताओं की घटती रुचि से सबक भी लेनी चाहिए तथा राजनीतिक एवं सामाजिक सुधारों के लिए तैयार होना चाहिए।

# क्या नालंदा महाविहार को बख्तियार खिलजी ने नष्ट किया था?

नालंदा विश्वविद्यालय के नए कैंपस का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 19 जून (2024) को किया। इस मौके पर म्यांमार, श्रीलंका, वियतनाम, जापान और कोरिया के राजदूतों सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इन देशों में से अधिकांश में बौद्ध धर्म सम्राट अशोक द्वारा भेजे गए प्रचारकों के ज़रिये फैला था। नालंदा को पुनर्जीवित कर उसे एक वैश्विक विश्वविद्यालय का स्वरुप देने का प्रस्ताव सबसे पहले 2006 में तत्कालीन राष्टपति ए।पी।जे। अब्दुल कलाम ने किया था। बाद में बिहार विधानसभा और यूपीए सरकार ने इसका अनुमोदन किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाषण देते हुए, मोदी ने कहा कि बारहवीं सदी में विदेशी हमलावरों ने इस विश्वविद्यालय को जला कर राख कर दिया था। वे इसी आम धारणा को दुहरा रहे थे कि महमूद गौरी के सिपहसालार बख्तियार खिलजी ने नालंदा विश्वविद्यालय को नष्ट किया था।

यह धारणा उसी सामाजिक सोच का हिस्सा है जो मानती है कि मुस्लिम आक्रांताओं ने हिन्दू मंदिरों को नष्ट किया और तलवार की नोंक पर लोगों को इस्लाम अपनाने पर मजबूर किया। इस सोच की नींव ब्रिटिश काल में पड़ी थी जब अंग्रेजों ने देश के इतिहास का साम्प्रदायिक नजरिए से लेखन किया। अंग्रेजों के बाद उनकी इस विरासत को आगे बढ़ाने का काम हिन्दू और मुस्लिम साम्प्रदायिक ताकतों ने किया। मुस्लिम लीग द्वारा हिन्दुओं के बारे में फैलाए गए मिथकों के कारण पाकिस्तान में हिन्दुओं का जीना मुहाल हो गया वहीं आरएसएस ने भारत में मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाने का काम बखूबी अंजाम दिया। यहां तक कि सरदार वल्लभ भाई पटेल को आरएसएस के बारे में यह लिखना पड़ा कि 卐उनके सभी भाषण साम्प्रदायिकता से भरे हुए थे। हिन्दुओं को उत्साहित करने और उनकी सुरक्षा के लिए उन्हें लामबंद करने के लिए यह जहर फैलाना जरूरी नहीं था। इस जहर का अंतिम नतीजा यह हुआ कि देश को गांधीजी के अनमोल जीवन की बलि भोगनी पड़ी।卐

मोदी का यह कहना कि नालंदा को विदेशी हमलावरों ने जलाकर नष्ट किया था झूठी बातों की उसी श्रृंखला का हिस्सा है जो मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाने के लिए बरसों से इस्तेमाल की जा रही हैं। नालंदा विश्वविद्यालय एक अद्भुत शिक्षण संस्थान था। बिहार के राजगीर में एक बड़े क्षेत्र में फैले इस विश्वविद्यालय का निर्माण गुप्त वंश के सम्राटों ने छठवीं सदी में किया था। इस बौद्ध शैक्षणिक संस्थान में, जहां सभी विद्यार्थी वहीं रहकर अध्ययन करते थे, मुख्यत: बौद्ध दर्शन पढ़ाया जाता था। इसके अतिरिक्त वहां गणित, तर्कशास्त्र, ब्राह्मणवादी हिन्दू धर्म के ग्रंथ एवं स्वास्थ्य विज्ञान भी पढ़ाए जाते थे। यह विश्वविद्यालय अपने खुलेपन, बेलाग संवादों और तार्किकता को बढ़ावा देने के लिए जाना जाता था। इसमें पढ़ने के लिए दूर–दूर से विद्यार्थी आया करते थे। इस विश्वविद्यालय का खर्च मौर्य वंश के राजाओं के खजाने से मिलने वाले धन से चलता था। बाद में पाल और सेन राजवंशों का शासन आने के बाद इस विश्वविद्यालय को मिलने वाली मदद कम हो गई और इसकी जगह अन्य विश्वविद्यालयों जैसे ओदंतपुरी और विक्रमशिला को राजकीय सहायता मिलने लगी। यहीं से नालंदा का पतन शुरू हुआ।

नालंदा विश्वविद्यालय का पुस्तकालय, जिसमें दसियों लाख किताबें, पांडुलिपियां और अन्य दुर्लभ वस्तुएं थीं, को आखिर किसने आग लगाई थी? इसका दोष खिलजी पर मढ़ा जाता रहा है, विशेषकर ब्रिटिश राज के बाद से। मगर ऐसा एक भी तत्कालीन स्त्रोत नहीं है, जो इसके लिए खिलजी को जिम्मेदार ठहराता हो। खिलजी का मुख्य और एकमात्र लक्ष्य था लूटपाट। अयोध्या से बंगाल जाते हुए उसने किला–ए–बिहार पर यह सोचकर हमला किया कि उसमें दौलत छिपी होगी। रास्ते में उसने लूटमार की और लोगों को मारा। नालंदा उसके रास्ते में नहीं था, बल्कि जिस रास्ते से वह गुजरा, नालंदा उससे काफी दूर था। और वैसे भी उसके पास किसी विश्वविद्यालय पर हमला करने का कोई कारण नहीं था। उस समय के किसी स्त्रोत में यह नहीं कहा गया है कि खिलजी नालंदा आया था। मिनहाज–ए–सिराज द्वारा लिखी गई पुस्तक 'तबकात–ए–नासिरी' में इस तरह की कोई बात नहीं कही गई है। उस समय दो तिब्बती अध्येता धर्मस्वामिन और सुंपा नालंदा में भारत और विशेषकर यहां बौद्ध धर्म के इतिहास का अध्ययन कर रहे थे। मगर उन्होंने भी अपनी किताबों में यह नहीं लिखा है कि खिलजी नालंदा आया या उसने नालंदा को आग के हवाले किया। एक अन्य बौद्ध अध्येता तारानाथ, जो तिब्बत से था, भी अपनी पुस्तक में इस तरह की चर्चा नहीं करता।

यह दिलचस्प है कि 'आक्रांताओं' ने अजंता, एलोरा और सांची स्तूप सहित किसी महत्वपूर्ण बौद्ध ढ़ांचे या संस्थान को नुकसान नहीं पहुंचाया। इतिहासविद् यदुनाथ सरकार और आर। सी। मजूमदार भी इससे सहमत नहीं हैं कि नालंदा को खिलजी ने नष्ट किया था। तो फिर यह विश्वविद्यालय किस तरह नष्ट हुआ और क्यों और कैसे अपना महत्व खो बैठा? इस बारे में कई कहानियां प्रचलित हैं जिनमें से एक यह है कि उसे खिलजी ने नष्ट किया था।

प्राचीन भारतीय इतिहास के अप्रतिम अध्येता प्रोफेसर डी। एन। झा अपने लेखों के संकलन ('अगेंस्ट द ग्रेन', मनोहर, 2020) में प्रकाशित एक लेख 'रेसपांडिग टू ए कम्युनलिस्ट' में तिब्बती भिक्षु तारानाथ की भारत में बौद्ध धर्म के इतिहास पर लिखी पुस्तक के प्रासंगिक हिस्सों को उद्धत करते हुए लिखते हैं꞉ 卐नालेन्द्र (नालंदा) में काकुटसिद्ध द्वारा बनाए गए मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान शैतान शमनों ने तीर्थिका भिक्षुकों (ब्राम्हणों) पर गंदगी फैंकी। इससे नाराज होकर उनमें से एक आजीविका का इंतजाम करने चला गया और दूसरे ने एक गहरे गड्ढे में बैठकर सूर्य साधना शुरू कर दी।।उसने एक यज्ञ किया और पवित्र राख चारों ओर फैला दी जिससे अचानक आग लग गई।卐

डी। आर। पाटिल अपनी पुस्तक 'द एंटीक्वेरियन रेमनेंट्स इन बिहार' में 'हिस्ट्री ऑफ इंडियन लाजिक' को उद्धत करते हुए लिखते हैं कि यह घटना ब्राम्हण और बौद्ध भिक्षुकों के बीच हुए विवाद और संघर्ष की ओर इंगित करती है। ब्राम्हण भिक्षुकों ने सूर्यदेव की उपासना के लिए एक यज्ञ किया और उसके बाद यज्ञ वेदी में से निकालकर जलते हुए अंगारे और गर्म राख बौद्ध मंदिरों में फेंक दी जिसके कारण किताबों के विशाल संग्रह ने आग पकड़ ली।

हमें यह ध्यान में रखना होगा कि भारत में उस समय ब्राम्हणवाद का पुनरूथान हो रहा था और बौद्ध धर्म पर हमले किए जा रहे थे। सम्राट अशोक के शासनकाल में भारत करीब–करीब बौद्ध देश बन गया था। बौद्ध धर्म समानता में आस्था रखता था जिसके कारण आम लोगों में ब्राम्हणवादी कर्मकांडों में रूचि कम हो गई थी। इससे ब्राम्हण बहुत दु:खी और नाराज थे। अशोक के पौत्र और अंतिम मौर्य सम्राट बृहद्रथ की हत्या उसके सेनापति पुष्यमित्र शुंग ने कर दी और उसके बाद उसने बौद्धों का कत्लेआम करवाया।

सभी विश्वसनीय स्त्रोतों से हमें यही पता चलता है कि ब्राम्हणों ने बदला लेने के इरादे से नालंदा विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में आग लगाई थी। इसके लिए बख्तियार खिलजी को दोषी ठहराने के पीछे दो उद्देश्य हैं – पहला, मुसलमानों से नफरत करने के कारणों की सूची में एक और कारण जोड़ना और दूसरा, इतिहास के उस दौर में ब्राम्हणों और बौद्धों के बीच संघर्ष और बौद्धों की प्रताड़ना को छिपाना।

केवल बौद्ध काल के विश्वविद्यालय के प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित करने से कुछ होने वाला नहीं है। बौद्ध शैक्षणिक संस्थाओं से हम जो सीख सकते हैं वह है अकादमिक स्वतंत्रता और खुलापन। आज भारत के विश्वविद्यालयों में वातावरण घुटनभरा है और आज्ञाकारिता को सबसे बड़ा गुण मान लिया गया है। ऐसे वातावरण में ज्ञान का विस्तार और विकास नहीं हो सकता। भारत में ब्राम्हणवाद और बौद्ध धर्म के बीच संघर्ष का त्रासद इतिहास हमें यही सिखाता है।

**-राम पुनियानी**

**(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया। लेखक आईआईटी मुंबई में पढ़ाते थे और सन 2007 के नेशनल कम्यूनल हार्मोनी एवार्ड से सम्मानित हैं)**

# ओम कहूं मैं अनुभव अपना

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के पहले भाषण में परिपक्वता थी या बचपना ये तय करने के लिए आप। स्वतंत्र हैं। लेकिन मुझे लगता है कि पिछले दस साल में पहली बार सत्तारूढ़ दल को असुविधा का सामना करना पड़ा है। राहुल ने हिंदुत्व की तलवार से ही हिंदू सम्राट और उनकी पलटन को छकाया है।

विपक्ष के नेता राहुल गांधी कल तक भारतीय जनता पार्टी के लिए पप्पू और मोशा की जोड़ी के लिए कांग्रेस के शाहजादा भर थे किन्तु अब वे विपक्ष के नेता भी हैं। राहुल को नयी भूमिका में स्वीकार करना मोशा की मजबूरी है,वो भी संवैधानिक मजबूरी।अब सरकार राहुल गांधी को पप्पू नहीं कह सकती। लोकसभा अध्यक्ष माननीय ओम बिरला राहुल का माइक बंद करने का दुस्साहस नहीं कर सकते। लोकसभा स्थगित करने से पहले भी उन्हें सत्तारूढ़ दल की ओर सौ बार देखना पड़ेगा। हिंदू धर्म ग्रंथ रामचरित मानस में जैसे गोस्वामी तुलसीदास ने। पूरी कथा शिव –पार्वती संवाद के रूप में कहीं ठीक वैसे ही राहुल गांधी ने देश की व्यथा –शिव जी कहते हैं के जरिए बखान की। और पूरे सदन ने उन्हें सुना। सोमवार को हंगामा विपक्ष की ओर से नहीं बल्कि सत्तापक्ष की ओर से हुआ। कभी कभी लगा कि जैसे राहुल लोकसभा अध्यक्ष को इंगित कर कह रहे हैं कि – ओम कहूं मैं अनुभव अपना,सत हरि भगति,जगत है सपना । राहुल के भाषण पर माननीय बैशाखा प्रधानमंत्री जी ही नहीं बल्कि उनके तमाम खासमखास सिपाहसलार खिसियाए,भन्नाए,बमके किंतु राहुल की बोलती बंद नहीं कर सके । राहुल गांधी के भाषण के समय प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, रक्षामंत्री, संसदीय कार्य मंत्री और कृषि मंत्री तक को खड़े होकर राहुल के वारों से सदन के नेता माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को बचाना पड़ा। सदन में वर्षा बाद मानसून का असर दिखाई दिया। सत्ताधारी दल को पल–पल पर छाते लगाना पड़ा लेकिन बच कोई नहीं सका। सबसे बुरी और दयनीय दशा थी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जी की।वे कसमसा रहे थे, तिलमिला रहे थे, लेकिन विपक्षी नेता पर हावी नहीं हो पा रहे थे।उनकी हैडमास्टरी काम नहीं आ रही थी। आखिर राहुल लोकसभा अध्यक्ष से प्रधानमंत्री से भी वरिष्ठ सांसद जो थे। सत्तारूढ़ दल के नेता राहुल के हर आरोप को भ्रामक बता रहे थे, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष राहुल की एक भी बात को विलोपित करने की हिम्मत नहीं कर पाए। मामला हिंदुत्व का उठा, नफरत का उठा। हिंदू मुसलमान का उठा , नीट पेपर लीक का उठा। किसान का उठा। मणिपुर का उठा।अग्निवीर का उठा।सबसे ऊपर था देश को भयभीत करने का मुद्दा। राहुल गांधी ने कहा कि माननीय ने देश के हर वर्ग को भयभीत करने की कोशिश की। यहां तक कि अपनी पार्टी के नेताओं तक को भयभीत कर रखा है। और हर मुद्दे पर सरकार या तो बौखलाई या फिर उसे बगलें झांकने पर मजबूर होना पड़ा। कुल मिलाकर सरकार की दशा दयनीय थी। राज्य सभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे सरकार पर बरस रहे थे। वहां भी पीठाधीश्वर को बचाव की मुद्रा में पूरा देश देख रहा था।सदन में पहले जयश्री राम का नाम गूंजता था लेकिन सोमवार को बम बम भोले की गूंज थी। कोई रामभक्त आखिर शिवद्रोही कैसे बनता? क्योंकि रामजी पहले ही चेतावनी दे चुके हैं कि – शिवद्रोही मम दास कहावा,सो नर मोहे सपनेहु नहिं भावा। राष्टपति के अभिभाषण पर जब जबाब देने की बारी आएगी तब तय है कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी भी विपक्ष के नेता की जमकर धुनाई और छिलाई करेंगे। उन्हें सुनने में भी उतना ही मज़ा आने वाला है जितना कि राहुल गांधी को सुनने में आया है। इसलिए भाइयों और बहनों अपने अपने मोबाइल की बैटरी, टीवी को रीचार्ज करा लीजिए। क्योंकि सबसे मनोरंजक शो आपके सामने आने वाला है। क्रिकेट के टी – 20 से भी ज्यादा रोचक, रोमांचक,उत्तेजक। दस साल में पहली बार संसद में गंज,अनुगूंज सुनाई दे रही है। संसद प्राणवान लग रही है। गुनगुनी लग रही है। कल तक ध्वनि मत से चलने वाली संसद में तर्क – वितर्क हो रहे हैं।संसद उत्तरदाई नजर आ रही है। हमनें ऐसी तमाम संसदें देखी है। लेकिन ये पहली संसद है जिसमें संविधान भी है,शिव भी है और अविनाशी नेता भी। श्रीमती इंदिरा गांधी के युग में भी ऐसी संसद नहीं थी। आज की संसद में एक ओर मोशा की जोड़ी है तो दूसरी ओर राहुल –अखिलेश की जोड़ी है।एक तरफ रथी है तो दूसरी ओर विरथी। पूरी संसद अधीर है। देश अधीर है।मै भी अधीर हूं। शायद आप भी अधीर हों। अधीरता में ही आध्यात्म है।

**– राकेश अचल**

# महान रूसी गणितज्ञ इगोर रोस्टिस्लावोविच शफारेविच

इगोर शफारेविच का जन्म 3 जून, 1923 को ज़ाइटॉमिर में हुआ था। माध्यमिक विद्यालय की नौवीं कक्षा के बाद उन्हें मॉस्को स्टेट यूनिवर्सिटी के यांत्रिकी और गणित विभाग के अंतिम वर्ष में भर्ती कराया गया, जहाँ से उन्होंने 1940 में स्नातक किया। गणित में उनके पहले सलाहकार बी.एन. डेलोन, आई.एम. गेलफैंड और ए.जी. कुरोश थे। 1942 में उन्हें टोपोलॉजिकल क्षेत्रों में निरपेक्ष मूल्यों पर एक शोध के लिए पीएचडी से सम्मानित किया गया। इसके ठीक बाद, बी. एन. डेलोन से प्रेरित होकर, उन्होंने बीजीय संख्याओं और बीजीय कार्यों के क्षेत्रों के गैलोइस समूहों पर अपना काम शुरू किया। 1946 में उन्हें इन जांचों के लिए डॉक्टर ऑफ साइंसेज की उपाधि से सम्मानित किया गया। विशेष रूप से, उन्होंने पी–एडिक संख्याओं के क्षेत्रों के सभी पी–विस्तार और बीजीय संख्याओं के क्षेत्रों के गैर–शाखायुक्त पी–विस्तार का वर्णन किया। शफारेविच की एक उत्कृष्ट उपलब्धि पी–एडिक संख्याओं के क्षेत्रों में हिल्बर्ट अवशेष प्रतीक के लिए एक स्पष्ट, पूरी तरह से स्थानीय सूत्र था और, एक परिणाम के रूप में, शक्ति अवशेषों पारस्परिकता कानून के लिए सबसे सामान्य स्पष्ट सूत्र था। गैलोइस सिद्धांत में उनकी शोध ने शफारेविच को हल करने योग्य समूहों के लिए व्युत्क्रम गैलोइस समस्या के समाधान की ओर अग्रसर किया। अर्थात, उन्होंने साबित किया कि बीजीय संख्याओं के प्रत्येक क्षेत्र में अनंत रूप से कई गैलोइस एक्सटेंशन होते हैं, जिनका गैलोइस समूह कोई भी निर्धारित हल करने योग्य समूह होता है। 1959 में, बीजीय संख्या सिद्धांत और गैलोइस सिद्धांत में उनकी शोध के लिए, शैफरेविच को लेनिन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 1958 में उन्हें यूएसएसआर के विज्ञान अकादमी का एक संगत सदस्य चुना गया। 1964 में, शाफारेविच और ई. गोलोड ने परिमित पी–समूहों के लिए जनरेटर और संबंधों की संख्या के लिए असमानता साबित की। इस परिणाम ने बीजीय संख्याओं के क्षेत्रों के एक विस्तृत वर्ग के लिए गैर–शाखा विस्तार की अनंत श्रृंखलाओं के अस्तित्व को निहित किया, साथ ही परिमित रूप से उत्पन्न अनंत पी–समूहों (जैसे अप्रतिबंधित बर्नसाइड समस्या को नकारात्मक रूप से हल करना) और अनंत आयामी परिमित रूप से उत्पन्न शून्य–बीजगणित के अस्तित्व को भी निहित किया। शाफारेविच ने 1960 के दशक में बीजीय ज्यामिति की शोध शुरू की, जिसमें बीजीय सतहों की बाइनरी ज्यामिति पर ध्यान केंद्रित किया गया। यह कार्य 1965 में प्रसिद्ध मोनोग्राफ बीजीय सतहों के प्रकाशन में परिणत हुआ, जिसने एस. अराकेलोव, आई. डोलगाचेव, एम. गिज़ाटुलिन, यू. मैनिन, बी. मोइसेज़न, ए. पार्शिन और अन्य द्वारा स्थापित बीजीय ज्यामिति में एक मजबूत स्कूल की नींव रखी। आई. पियाटेट्स्की–शापिरो के साथ मिलकर उन्होंने च3 सतहों पर महत्वपूर्ण परिणाम प्राप्त किए। बीजीय संख्या क्षेत्रों पर बीजीय वक्रों की संरचना का अध्ययन करते हुए, उन्होंने (जे. टेट के समानांतर और स्वतंत्र रूप से) दीर्घवृत्तीय वक्रों से संबंधित सबसे रहस्यमय समूह का आविष्कार किया, जिसे अब टेट–शफारेविच समूह कहा जाता है और सिरिलिक अक्षर ? द्वारा दर्शाया जाता है । ज्यामितीय रूप से कहें तो, टेट–शफारेविच समूह के गैर–तुच्छ तत्वों को के होमोटोपी स्पेस के रूप में देखा जा सकता है, जिसमें च के प्रत्येक स्थान 1 के लिए च1–तर्कसंगत बिंदु होते हैं, लेकिन च–तर्कसंगत बिंदु नहीं होते हैं। यह समूह को यह निर्धारित करने की अनुमति देता है कि च क्षेत्र में गुणांक वाले तर्कसंगत समीकरणों के लिए हैस सिद्धांत कितना असफल है। कार्ल–एरिक लिंड ने इस तरह के होमोटोपी स्पेस का एक उदाहरण प्रदर्शित किया, जिसमें दिखाया गया कि जीनस 1 वक्र ×4 – 17 = 242 के वास्तविक संख्याओं और सभी श्च–एडिक क्षेत्रों में समाधान हैं, लेकिन इसमें तर्कसंगत बिंदुओं का अभाव है। अर्न्स्ट एस. सेल्मर ने 3×3 + 443 + 553 = 0 सहित अतिरिक्त उदाहरण दिए। उन्होंने शफारेविच अनुमान भी तैयार किया, जिसमें निश्चित आयाम और खराब कमी के अभाज्य संख्याओं के निर्धारित सेट वाले संख्या क्षेत्र पर एबेलियन किस्मों के सेट की परिमितता बताई गई थी।

मान लीजिए ष्ट, क्त के ऊपर जीनस (गणित) द्द का एक गैर–एकवचन बीजगणितीय वक्र है। तब ष्ट पर परिमेय बिंदुओं का समुच्चय निम्नानुसार निर्धारित किया जा सकता है꞉

स्थिति द्द = 0꞉ कोई अंक नहीं या अपरिमित रूप से अनेक; ष्ट को शंकु खंड के रूप में संभाला जाता है।

स्थिति द्द = 1꞉ कोई बिंदु नहीं, या ष्ट एक अण्डाकार वक्र है और इसके तर्कसंगत बिंदु एक सूक्ष्म रूप से उत्पन्न एबेलियन समूह (मोर्डेल की प्रमेय, बाद में मोर्डेल–वील प्रमेय के लिए सामान्यीकृत) बनाते हैं। इसके अलावा, मजूर का मरोड़ प्रमेय मरोड़ उपसमूह की संरचना को प्रतिबंधित करता है।

स्थिति द्द > 1꞉ मोर्डेल अनुमान के अनुसार, अब फाल्टिंग्स प्रमेय, ष्ट में परिमेय बिंदुओं की केवल सीमित संख्या है।

इगोर शैफरेविच ने अनुमान लगाया कि निश्चित आयाम और निश्चित एबेलियन किस्म डिग्री के एबेलियन किस्मों के केवल निश्चित रूप से कई आइसोमोर्फिज़्म वर्ग हैं एक निश्चित संख्या के क्षेत्र में स्थान (गणित) के एक निश्चित परिमित सेट के बाहर अच्छी कमी के साथ। अलेक्सी पार्शिन ने दिखाया कि शफारेविच के परिमित अनुमान का अर्थ मोर्डेल अनुमान होगा, जिसे अब पार्शिन की चाल कहा जाता है। गर्ड फाल्टिंग ने नेरोन मॉडल के सिद्धांत सहित बीजगणितीय ज्यामिति के उपकरणों के साथ, टेट अनुमान के एक मामले में ज्ञात कमी का उपयोग करके शफारेविच के परिमितता अनुमान को साबित कर दिया। फाल्टिंग के प्रमाण का मुख्य विचार सीगल मॉड्यूलर किस्म के माध्यम से हाइट फंक्शन , फाल्टिंग हाइट और हाइट फंक्शन नैव हाइट की तुलना है। इस अनुमान को जी. फाल्टिंग्स ने मोर्डेल अनुमान के अपने प्रमाण में एक कदम के रूप में साबित किया था। दुनिया भर के गणितज्ञों की पीढ़ियों ने बोरेविच और शफारेविच की अद्भुत पुस्तकों संख्या सिद्धांत (1964 में पहला संस्करण) और शफारेविच की मूलभूत बीजगणितीय ज्यामिति (1972 में पहला संस्करण) द्वारा बीजगणितीय संख्याओं और बीजगणितीय ज्यामिति के सिद्धांत का अध्ययन किया (और कर रहे हैं)। गणित में आधुनिक समस्याएं। मौलिक दिशाएँ (अंग्रेजी अनुवाद में गणितीय विज्ञान के विश्वकोश के रूप में जाना जाता है) श्रृंखला के लिए उन्होंने कई पुस्तकें लिखे꞉ जैसेबीजगणितद्ध, बीजगणित की मूल अवधारणाएँ, बीजगणितीय ज्यामिति, रीमैन सतहें और बीजगणितीय समूह, बीजगणितीय ज्यामिति, बीजगणितीय सतहें (वी. इस्कोव्स्कीख के साथ)। वे पूरी पुस्तकें बीजगणित और बीजगणितीय ज्यामिति के संपादक भी थे। आई. शफारेविच ने यूक्रेनी बीजगणितीय विद्यालय के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विशेष रूप से, उन्होंने कीव और उज़्गोरोड में प्रतिनिधित्व सिद्धांत में शोध का अत्यधिक समर्थन किया और उनके विकास पर महत्वपूर्ण रूप से प्रभाव डाला। 1960 के दशक के युवा कीव बीजगणितज्ञों में से एक, यूरी ड्रोज़्ड, शफारेविच के पीएचडी छात्र थे और उन्होंने महान मैत्रे के साथ अपने अध्ययन, संपर्कों और चर्चाओं से बहुत कुछ सीखा, आई. शाफारेविच के छात्र ओलेग वेवेन्डेस्की ने लविव इवान फ्रेंको विश्वविद्यालय में बीजगणितीय ज्यामिति पर अपने काम में दयालुता, समझ, निष्पक्षता और रचनात्मक आलोचना को एक साथ रखा। इगोर शाफारेविच, एक प्रसिद्ध गणितज्ञ, ने बीजगणितीय संख्या सिद्धांत और बीजगणित में महत्वपूर्ण योगदान दिया, साथ ही समाजवाद पर महत्वपूर्ण कार्य भी लिखे और यहूदी–विरोधी होने के आरोपों का सामना किया। उनके शुरुआती काम में गणित के विभिन्न क्षेत्र शामिल थे, जिसमें बीजगणितीय संख्या सिद्धांत और बीजगणितीय ज्यामिति शामिल थे, जिसमें एक उल्लेखनीय उपलब्धि बीजगणितीय संख्या सिद्धांत में शाफारेविच–वेइल प्रमेय थी। महान रूसी गणितज्ञ इगोर रोस्टिस्लावोविच शफारेविच का 19 फरवरी, 2017 को निधन हो गया। इस खबर ने पूरे गणितीय समाज को दुखी कर दिया, क्योंकि उनका नाम आधुनिक गणित, विशेष रूप से संख्या सिद्धांत और बीजगणितीय ज्यामिति की कई उत्कृष्ट उपलब्धियों और विचारों से अविभाज्य रूप से जुड़ा हुआ था।

**- संजय गोस्वामी**

# कटु सत्य

आज सुबह जब आँख खुली
झमाझम बारिश पड़ रही थी
ऊर्जा प्रदेश की ऊर्जा तब भी
आँख मिचौली कर रही थी
इन्वर्टर बेचारा कब तक चलता
तड़क में ही घुटने टेक गया
नींद पूरी हुए बिना ही
सुनहरा सपना बिखर गया
घुटनभरी गर्मी तब झेली
सारा सिस्टम बिगड़ गया
क्यों भगाई बिजली विभाग ने
कोई बताने को तैयार नही
मुख्य सेवक बता रहे जो खुद को
कुछ करने को वे तैयार नही
सुधार के बजाए सिर्फ बिल बढाते
उपभोक्ता बेचारा ठगा गया
एक एक साल में चौदह बिल
फिक्स चार्ज में छला गया
कही हड़ताल चल रही राजस्व की
कही अदालत में जज नही
युवा बेरोजगार को तरस रहे
अन्नदाता किसान को न्याय नही
रेलवे किराये की रियायत छीन ली
वरिष्ठ नागरिकों से अन्याय है
जल निकासी का प्रबंध नही
प्रभावित आबादियां जलमग्न है
सिर्फ कुर्सी के लिए शासन करना
स्वस्थ लोकतंत्र में ठीक नही
कुछ तो जवाबदेही स्वीकारो
जनता को तड़फाना ठीक नही
नही सुधरे तो एक दिन तुम्हे
इस कुर्सी से उतरना होगा
जनता देश की राजा है भाई
इस कटु सत्य को मानना होगा।

**–श्रीगोपाल नारसन**

# भुरसाडोंगरी के शंभुटोला मार्ग पर मुरम के नाम पर मिट्टी डालने से वार्डवासियों में आक्रोश





लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत भुरसाडोंगरी शंभुटोला वार्ड क्रमांक 9 एवं 10 के वार्ड वासियों को मार्ग पर मिट्टी डाले जाने के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिसको लेकर 1 जूलाई को वार्ड वासियों में खासा आक्रोश भी नजर आया। क्योंकि मार्ग किचड़ युक्त हो जाने कारण ना तो बच्चे स्कूल जा पा रहे है, ना ही वाहन का आवागमन हो पा रहा है पैदल चलने वाले भी मार्ग पर फिसलकर गिर रहे है। उक्त मार्ग के दोनो ओर तालाब स्थित है यही हाल रहा तो बारिश मे कोई भी फिसलकर गंभीर दुर्घटना का शिकार हो सकता है। 1 जुलाई को शंभुटोला निवासी जितेंद्र मलघाम पिता बिदेसिंग मलघाम जिनकी मृत्यू हैदराबाद में हुई थी उनका शव एंबुलेंस से लेकर गांव पंहुचे थे लेकिन उक्त 1 किमी के रास्ता खराब होने के कारण बीच रास्ते में एंबुलेंस फंस गई जिसे टैक्टर की सहायता से पीछे खींच कर निकालना पड़ा एवं शव को ग्रामीणो ने अपने कंधो पर उठाकर घर ले जाया गया। वहीं वार्ड के निवासी डॉ अजेन सिरामे जो कि सिविल अस्पताल लांजी में पदस्थ है वे भी इसी वार्ड में रहते है जिनको भी अपनी मोटर सायकल 1 किमी दुर दुसरे के घर में रखकर पैदल चलते हुये अपने घर जाना पड़ता है। इस समस्या को देखते हुये वार्ड वासियों में काफी आक्रोश व्याप्त है आप लोगो ने बताया कि सरपंच सचिव को फोन लगाने के बाद भी कोई जवाब नही देते। मार्ग की हालत जैसे जैसे पानी आ रहा है और बदहाल होती जा रही है और जब तक बारीश होती रहेगी एवं मिट्टी बहकर रोड़ से अलग नही हो जाती तब तक ग्राम वासी परेशान होते रहेगें। वार्ड वासियों ने उक्त मिट्टी युक्त मुरूम को मार्ग से हटाने की मांग की है।

# चन्द्रकांत पाठक को डांडेकार सर्प ने काटा

## वैद्यकीय उपचार से मिला स्वास्थ्य लाभ

लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर के वार्ड क्रमांक 5 निवासी चन्द्रकांत पाठक 2 जुलाई को सुबह लगभग 10 बजे अपने घर के बाड़ी में कचरा साफ कर रहा था कि उसके हाथ की उंगली में कुछ कांटे जैसा लगा, किन्तु उसने ध्यान नहीं दिया एवं काम करते रहा। काम करने के बाद हाथ मुंह धोकर पानी पिया तब उसे कुछ अजीब सा लगने लगा एवं धुंधला दिखाई देने लगा तो उसने कड़वी नीम की पत्तियां खाकर देखा, मिर्च खाकर देखा उसके पश्चात उसे महसूस हुआ कि उसे किसी जहरीले सांप ने काटा है। वह स्वयं ही तुरंत मोहल्ले में ही रहने वाले आत्माराम चन्ने के घर पहुंचा, वे उस वक्त घर पर नहीं थे तो उन्हें घर बुलवाया एवं घटना की जानकारी दी। जिस पर उनके द्वारा वैद्यकीय उपचार कर ठीक किया गया। आत्माराम चन्ने ने बताया कि इन्हें डांडेकार साप ने काटा हो सकता है क्योंकि डांडेकर का जहर का असर धीरे-धीरे होता है। इन्हें भी लगभग एक घंटे के पश्चात जहर का असर होने लगा था। जिसे वैद्यकीय उपचार प्रदान कर ठीक किया गया।

### सर्पदंश से पीड़ित रोगियों का करते हैं निशुल्क उपचार - आत्माराम चन्ने

बता दें कि लांजी नगर के वार्ड क्रमांक 4 निवासी आत्माराम चन्ने द्वारा सर्पदंश से पीड़ित लोगो का निःशुल्क इलाज कर उन्हे ठीक करने का काम कर रहे है। नगर व क्षेत्र के जितने भी लोग है जो सर्पदंश का शिकार हो रहे है, उनमें से अनेक लोग अपना इलाज करवाने के लिए आत्माराम चन्ने के निवास पर ही आते है। आत्माराम चन्ने बताते है कि उनके पूर्वजो द्वारा दादा कोटेश्वर भगवान की असीम कृपा से व वैद्यकीय विधि से सर्पदंश से पिडति लोगो का उपचार किया जाता रहा है। उसके उपरान्त वे भी विगत 45 वर्षो से सर्पदंश से पीड़ितों को सेवा भावना के साथ निःशुल्क उपचार कर स्वास्थ्य लाभ




पहुंचा रहे है। आपने यह भी बताया कि अभी एक सप्ताह के भीतर लगभग दर्जन भर से अधिक लोगों को सर्प ने काटा है एवं उपचार प्राप्त कर स्वस्थ हुए हैं।

# फ्लाई विंग्स बैडमिंटन क्लब लांजी के दक्ष व सारंग ने स्टेट लेवल पर पाया द्वितीय स्थान

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी नगर में संचालित फ्लाई विंग्स बैडमिंटन क्लब लांजी के दो खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय डबल्स कैटेगरी में भाग लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त कर लांजी सहित संपूर्ण जिले का नाम रोशन किया है। बतादे कि योनेक्स सनराइस स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित पांच दिवसीय स्टेट लेवल बैडमिंटन टूर्नामेंट जो की जबलपुर में 26 जून से प्रारंभ हुई थी इसी प्रतियोगिता में फ्लाई विंग्स बैडमिंटन क्लब लांजी से दक्ष सिकंदरपुरी एवं सारंग सिकंदरपुरी ने अन्डर - 11 डबल्स कैटेगरी मे भाग लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने माता पिता एवं क्षेत्र का नाम रोशन करा। इस राज्यीय स्तर प्रतियोगिता मे विभिन्न क्षेत्र जैसे इंदौर, जबलपुर, नरसिंहपुर से अनेक खिलाडियों ने हिस्सा लिया जिसमे दक्ष एवं सारंग ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर क्षेत्र को गौरवान्वित कराया। दोनों ही खिलाडियों ने अपनी जीत का श्रेय अपने माता पिता संदीप सिकंदरपुरी, अंजलि सिकंदरपुरी, संजय सिकंदरपुरी, रश्मि सिकंदरपुरी तथा उनके मेंटोर नवीन रामटेक्कर, नितिन बरगैया, शिवम् ठाकरे, सागर सोमराज, शरद आसटकर यश वानखेड़े को दिया साथ ही इस जीत मे एवं दोनों खिलाडियों को ट्रेन करने मे फ्लाई विंग्स बैडमिंटन क्लब के संरक्षक डॉ किशोर सोनवाने, डॉ राजेश रणदिवे, पम्मू आसटकर, संतोष मोरघड़े, झनकार किरनापुरे, मयूर सुले, क्लब के अध्यक्ष महेंद्र (गुड्डु) कर्राहे, सचिव गौरव बैस, कोषाध्यक्ष मनोज किरनापुरे का भी विशेष योगदान रहा है। सभी के द्वारा दोनो ही खिलाड़ियो को उक्त प्रदर्शन के लिये बधाईयॉ प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की है।




# 05 प्रकरणों में मृतक के परिवार को 04-04 लाख रुपये की सहायता राशि हुई स्वीकृत

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। एसडीएम बालाघाट गोपाल सोनी ने आरबीसी 06-04 के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा में आकस्मिक रूप से हुई मृत्यु पर सहायता राशि स्वीकृत की है। 10 सितंबर 2020 को पिपरटोला टेकाड़ी निवासी प्रदीप मड़ावी की नाले के पानी मे डूबने से हुई मृत्यु पर उनके वारिसान पिता सुखदेव मड़ावी को, 4 फरवरी 24 को कुँए के पानी मे डूबने से हुई मृत्यु पर बूढ़ी नगर निवासी मृतिका लक्ष्मी ठाकुर के वारिस पिता तेजसिंह ठाकुर को, 30 मार्च 24 को वैनगंगा नदी के पानी मे डूबने से हुई मृत्यु पर गोवारी निवासी मृतक दीपक उर्फ गोल्डी पराते की वारिस माता श्रीमती सरोज पराते को, 13 अप्रैल 24 को साँप के काटने से हुई मृत्यु पर ठाकुरटोला निवासी मृतिका कामिनी मर्सकोले की वारिस माता पुष्पाबाई मर्सकोले को तथा 25 मई 24 को केसलेवाड़ा स्थित कुँए के पानी मे डूबने से हुई मृत्यु पर पिपरझरी निवासी मृतिका सुनीता बोपचे के वारिस पति नीलेश बोपचे को 4-4 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# युवराज भीमटे को सेवानिवृति पर कारंजा संकुल परिवार ने दी भावभीनी बिदाई





लांजी (पद्मेश न्यूज)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कारंजा में पदस्थ शिक्षक युवराज भीमटे जो कि शासकीय सेवा में रहते हुए अपने जीवन के महत्वपूर्ण 14 वर्ष इस शाला को दिए और 30 जून 2024 को अपने जीवन के 62 वर्ष पूर्ण कर सेवानिवृत होने पर विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें भावभीनी बिदाई दी गई। ज्ञात हो कि श्री भीमटे सरल और सहज व्यक्तित्व के धनी मृदुभाषी शांत स्वभाव, अपने कार्य के प्रति हमेशा सजग रहे। स्टाफ में सभी शिक्षक साथियों के साथ इनका व्यवहार सरल रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवराज भीमटे एवं श्रीमती भीमटे, एवं अध्यक्षता प्राचार्य श्री घोरमारे की उपस्थिति में मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित कर पूजन अर्चन किया गया। तत्पश्चात उन्हें शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। सभी शिक्षक साथियों के द्वारा उनके शैक्षणिक जीवन काल पर बारी बारी से प्रकाश डाला गया। अंत में मुख्य अतिथि श्री भीमटे जी द्वारा भी भावुक मन से अपने जीवन के कुछ यादगार पलों का बखान किया। विद्यालय के प्राचार्य द्वारा उनके कार्यशैली व्यवहार पर अपने विचार प्रकट करते हुए आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई। साथ ही शाला में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमे सभी शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने अतिथियों के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया गया। जिसमे आम, नीम, अशोक, कटहल आदि के पौधे रोपित किए गए। उक्त कार्यक्रम का सफल संचालन आर के चौधरी के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में शाला के समस्त शिक्षक, भृत्य, एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भानेगांव में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बोलेगांव में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# करीब 5 साल से नहीं मिली तीसरी किस्त

## पीएम आवास के हितग्राहियों ने डीएम कार्यालय में की शिकायत



कटंगी (पदमेश न्यूज़)। नगर परिषद कटंगी के करीब 20 से अधिक प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के हितग्राहियों ने मंगलवार को बालाघाट कलेक्टर कार्यालय में लगने वाली जनसुनवाई में पहुंचकर करीब 05 साल बाद भी तीसरी किस्त नहीं मिलने की शिकायत की है. हितग्राहियों ने 05 बिंदुओं के आधार पर शिकायत की. जिसमें तीसरी किस्त नहीं मिलने के अलावा तीसरी किस्त की राशि मय ब्याज प्रदान कराने, नगर परिषद कटंगी के प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के नोडल अधिकारी उपयंत्री राजेश चौकसे और लेखापाल अशोक दुबे द्वारा लगातार हितग्राहियों को झूठी और भाम्रक जानकारी देने पर उन्हें दोषी कराते हुए कार्रवाई करने और इन दोनों ही कर्मचारियों की संपत्ति की जांच करवाने की मांग रखी है. शिकायतकर्ताओं ने नगर परिषद कटंगी के 683 हितग्राहियों के छठवें डीपीआर में से 225 हितग्राहियों के नाम सीएमओ द्वारा बिना कोई कारण बताए ही सरेंडर कर दिए गए. इस मामले की भी उचित जांच और कार्रवाई की मांग की है. जनसुनवाई में अपर कलेक्टर ने शिकायतकर्ताओं से कहा है कि पूरा मामला संज्ञान में है और जांच कार्रवाई प्रगति पर है. शीघ्र ही जिले से भी एक टीम जांच के लिए भेजी जाएगी। पूर्व पार्षद योगराज ठाकरे के नेतृत्व में आज शहर के अलग-अलग वार्डों से पीएम आवास योजना के हितग्राही कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे. हितग्राहियों ने बताया कि वर्ष 2019 में केन्द्र सरकार की आवास योजना का लाभ मिला था. आवास का निर्माण समय पर पूर्ण कर लिया गया. मगर, अब तक तीसरी किस्त नहीं मिली. तीसरी किस्त के लिए कई बार नगर परिषद कार्यालय के चक्कर काटे. तहसीलदार और एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा गया परंतु कोई हल नहीं निकला. हितग्राहियों ने बताया कि योजना के मुताबिक जैसे-जैसे किस्त मिलते गई वैसे-वैसे निर्माण किया गया. इस दौरान जब तीसरी किस्त समय पर नहीं मिल पाई और आवासों का निर्माण अधूरा था तब आवास पूर्ण करने के लिए हितग्राहियों साहूकारों से कर्ज और दुकानदारों से उधार में सामग्री ली थी और निर्माण पूर्ण करवाया. हितग्राहियों को उम्मीद थी कि जब तीसरी किस्त मिलेगी तो वह अपना उधार चुका देगें किन्तु आज तक तीसरी किस्त नहीं मिली और हितग्राहियों साहूकारों से ली गई राशि का का ब्याज चुका रहे है. ऐसे में हितग्राहियों की मांग है कि जिन लापरवाह अधिकारी कर्मचारियों की वजह से किस्त नहीं मिली. उन दोषी कर्मचारियों से हितग्राहियों के ब्याज की राशि वसूल की जाए। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018-19 से आवास योजना का कार्य नगर में प्रारंभ हुआ. वर्ष 2023 तक नगर परिषद 1 हजार 169 हितग्राहियों को आवास योजना का लाभ प्रदान कर चुकी है. इनमें 145 हितग्राही ऐसे है जिन्हें तीसरी किस्त नहीं मिली है. इनमें सर्वाधिक हितग्राहियों की संख्या वर्ष 2019 में स्वीकृत आवासों की है. बीते दिनों इस पूरे मामले को संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर ने जांच के आदेश दिए थे. 18 सदस्यों का एक जांच दल बनाया गया था. जिसे करीब 08 बिंदुओं के आधार पर जांच करनी थी. जांच दल ने आवासों का भौतिक सत्यापन किया शेष बिंदुओं की जांच नगर परिषद से सहयोग नहीं मिल पाने के कारण पूरी नहीं हो पाई और अधूरी रिपोर्ट कलेक्टर कार्यालय में जमा कराने की जानकारी सामने आई है. मगर, इसके बावजूद इस पूरे मामले में कौन दोषी है यह तय नहीं हो पाया है. बहरहाल, अब फिर से हितग्राहियों ने कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई में शिकायत करते हुए तीसरी किस्त शीघ्र प्रदान कराने और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है और अपर कलेक्टर ने जांच का भरोसा दिया है।


आवश्यकता है
• तन्दुरी मिस्त्री - 02 पद
वेतन-15,000 से 18,000/-
•सप्लायर - 02 पद
वेतन-12,000 से 15,000/-
पता-सावजी भोजनालय, दुर्गा चौक गर्रा
मो. 9111682097

# नर्सिंग घोटाले पर सदन से जांच कमेटी बनाने की मांग

## - विधानसभा में सुनाई दी नर्सिंग घोटाले की गूंज

भोपाल। विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन सदन में प्रश्नकाल के बाद नर्सिंग घोटाले पर चर्चा हुई। कांग्रेस विधायक विक्रांत भूरिया अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश को बचाने के लिए हमे एक जुट होना पड़ेगा। सरकार ने कोर्ट में संज्ञान लिया तब कार्रवाई की। सरकार ने खुद से संज्ञान लेकर कार्रवाई नहीं की। नर्सिंग कॉलेज में मान्यता के लिए नियम बदले गए। जांच के बाद भी धांधली हुई है। एमपी 16 सरकारी नर्सिंग कॉलेज थे, जिनमें से 8 को रिजेक्ट कर दिया गया। गरीब छात्र कहां पढ़ाई करेंगे? सरकारी कॉलेज बन्द किये जा रही है। उन्होंने नर्सिंग घोटाले पर सदन से जांच कमेटी बनाने की मांग की।

कांग्रेस विधायक फूंदेलाल सिंह मार्को बोले, नर्सिंग कॉलेज के बच्चों को लेकर हम सभी को चिंता है। कोरोना कल में जब सब कुछ बंद था, उस समय कॉलेज को अनुमति जारी की गई। इससे साफ जाहिर होता है कि तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा मंत्री दोषी हैं। यह गंभीर विषय है और इस पर कार्रवाई होनी चाहिए। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा मंत्री के ऊपर कारवाई होगी। दूसरा तीन साल से नर्सिंग कॉलेज में पढ़ रहे हैं. बच्चों



जिनसे मोटी-मोटी रकम वसूली गई। क्या उनके बच्चों को वापस किए जाएंगे या नहीं यह भी मंत्री बताएं? कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि विधानसभा का नियम है कि किसी पर आरोप लगाने से पहले अनुमति लेना चाहिए। मंत्री पर आरोप लग रहे हैं। क्या पहले इस संबंध में सूचना दी गई है। उन्होंने कहा कि आरोप विलोपित किए जाएं।

### सदन में हेमंत और जयवर्धन सिंह बोले

हेमंत कटरे ने मांग की है कि पहले तत्कालीन विभागीय मंत्री को वर्तमान मंत्री पद से हटाया जाए। जिससे जांच प्रभावित ना हो। एसीएस को भी वहां पदस्थ किया जाए। जहां से वह जहां प्रभावित न कर सकें। अनसूटेबल कॉलेज के छात्रों को सरकारी खर्चे पर दूसरे कॉलेजों में एडमिशन दिया जाए। कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा कि मंत्री जी ने कुलपति को निर्देश दिए थे कि कॉलेजों की दोबारा जांच हो और संबद्धता दी जाए। सात दिन में भोपाल के मलय कॉलेज को मान्यता दी गई। दूसरी बैठक में 21 कॉलेज और तीसरी बैठक में 17 ऐसे करीब 40 कॉलेज को नियम विरुद्ध मान्यता दी गई। मान्यता के साथ परीक्षा की अनुमति भी मिली। कैलाश विजयवर्गीय ने हेमंत कटारे के संबोधन पर तंज कसते हुए कहा कि आज तक ऐसा ध्यानाकर्षण नहीं देखा है। सत्यनारायण की कथा चल रही है। हेमंत कटारे ने कहा कि 284 कॉलेजों की मान्यता निरस्त करने के लिए डीएमई की ओर से कहा गया। कई बार के रिमाइंडर के बाद 19 कॉलेजों की मान्यता निरस्त की गई, लेकिन वापस बाहर कर दी गई। छात्र हित लिखा गया, लेकिन हित किसी और का था। इस टीप के आधार पर छूट दी गई और संबद्धता वापस मिलने लगी, ऐसा हुआ है 15 दिन पहले एडमिशन चलाकर छात्रों को परीक्षा में बैठा दिया। बैठक की अध्यक्षता मंत्री जी कर रहे थे।

### कांग्रेस विधायक हेमंत कटारे ने लगाए गंभीर आरोप

हेमंत कटारे ने कहा कि नर्सिंग घटाले कि जनक बीजेपी पार्टी है। सरकार ने नियम परिवर्तन कर शिक्षा माफियाओं को खुली छूट दी है। विश्वास सारंग ने 219 कॉलेज एक वर्ष में खोले। विश्वास सारंग को गिनीज ऑफ बुक में अपना नाम दर्ज करवाने का प्रयत्न करना चाहिए। हजारो करोड़ रुपये का घपला कोविड काल में किया गया। जब कोविड काल में बिस्तर की जरूरत पड़ी तो न बिस्तर थे न हॉस्पिटल थे।

### कटारे ने सारंग पर बोला हमला

हेमंत कटारे विश्वास सारंग पर सदन में बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जब छात्र अपने भविष्य की गुहार लगा रहे थे, तब जिमेदार स्कॉपियो में ऊपर स्टंट मार रहे थे। इसी को लेकर विपक्ष ने सदन की कार्यवाही लाइव करने की मांग रखी है। वहीं मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने विश्वास सारंग की स्टंट की तस्वीर सदन में लेने की आपत्ति ली है। हेमंत कटारे ने इसे यातायात के नियमों के खिलाफ बताया है।

# विकास के रोडमैप पर बनाकर काम करेंगे सांसद

## मप्र भाजपा ने अपने 29 सांसदों को दिया निर्देश

भोपाल। मप्र की सभी 29 लोकसभा सीटें जीतने के बाद भाजपा संगठन का फोकस अब पूरे प्रदेश में एक समान विकास पर है। इसलिए पार्टी ने अपने सभी सांसदों को निर्देश दिया है कि वे भविष्य के विकास का रोडमैप तैयार कर अपने संसदीय क्षेत्र में विकास कार्य करवाएं। यही नहीं पार्टी ने उन्हें यह भी निर्देश दिया है कि विकास के लिए वे केंद्र सरकार और केंद्रीय मंत्रियों से खुद बजट लाएं। गौरतलब है कि प्रदेश में मिली रिकॉर्ड जीत के बाद विगत दिनों मप्र संसदीय दल की बैठक दिल्ली के मप्र भवन में हुई थी। बैठक में संगठन की तरफ से सांसदों को अपने अपने क्षेत्र में मतदाता अभिनंदन यात्रा और ज्यादा वोटों से जीते बूथों पर कार्यकर्ताओं का सम्मान करने को कहा गया। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 230 में से 207 विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज की है। जिन सीटों पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा, उसके लिए संगठन ने अलग से कार्ययोजना बनाने की बात कही है। साथ ही जनप्रतिनिधियों को ऐसे क्षेत्र में अब सक्रिय होने को कहा गया है। वहीं, प्रदेश की वृहद कार्यकारिणी समिति की बैठक जल्द ही प्रदेश में आयोजित करने की भी बात कही गई है। सांसद मन की बात कार्यक्रम से जुड़ेगे और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाएंगे। इसके अलावा संगठन की तरफ से पर्यावरण से जुड़े कार्यक्रम और जलाशयों को पुनर्जीवन जैसे कार्यक्रम में सक्रिय होने को कहा गया है। ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रम जनता को जोड़ कर करने को कहा गया है।

### विकास के लिए केंद्र से लाएंगे बजट

नवनिर्वाचित सांसदों को लक्ष्य सौंपा गया है कि वे अपने-अपने संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र सरकार से बजट लाएं और अपने संसदीय क्षेत्र को आदर्श संसदीय क्षेत्र बनाएं। सांसदों को प्रदेश के सभी विभागों की योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई है ताकि वे संसद में प्रदेश के मुद्दों को अच्छे से उठा सकें। सांसदों द्वारा संसद में मध्य प्रदेश के मुद्दों पर चर्चा के लिए शासन की योजनाओं का अध्ययन किया जा रहा है। इसके लिए सभी विभागों ने सांसदों को अपने-अपने विभाग की जानकारी उपलब्ध कराई है।

# मंत्रालय, सतपुड़ा, लोकायुक्त भवन में शॉर्ट सर्किट से लगी थी आग

भोपाल। मप्र सरकार के दो सबसे बड़े सरकारी कार्यालय मंत्रालय, सतपुड़ा भवन में आगजनी की घटनाओं की जांच के बाद सरकार ने शार्ट सर्किट को जिम्मेदार ठहराया है। ऐसे में आगजनी की घटना के लिए किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। यह जानकारी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के सवाल के जवाब में दी है। नेता प्रतिपक्ष ने पूछा कि मंत्रालय और सतपुड़ा एवं लोकायुक्त भवन में आगजनी की घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारियों पर क्या कार्रवाई की गई है। आगजनी से क्या नुकसान पहुंचा।

# भ्रष्टों के हाथ में जनपद पंचायतों की कमान

## विधानसभा में मंत्री ने किया स्वीकार

भोपाल। ग्रामीण व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त बनाने की जिम्मेदारी जिन अफसरों यानी जनपद सीईओ पर होती है वे भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। यानी भ्रष्टों के हाथ में जनपद पंचायतों की कमान है। इस बात को विधानसभा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने स्वीकार करते हुए जानकारी दी है कि प्रदेश के आधे से ज्यादा जनपद पंचायत सीईओ भ्रष्टाचार के आरोपों में फंसे हैं। इनके खिलाफ लोकायुक्त और ईओडब्ल्यू में प्रकरण लंबित हैं। इनमें करीब 150 से अधिक प्रथम और द्वितीय श्रेणी के अधिकारी शामिल हैं।

दरअसल, विधायक प्रदीप पटेल के सवाल के लिखित जवाब में सदन को यह जानकारी पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने स्वयं दी। लोकायुक्त एवं ईओडब्ल्यू में भ्रष्टाचार के आरोपों में फंसे जनपद पंचायत सीईओ में उज्जैन के तत्कालीन सीईओ अशोक कुमार उईके पर अपराध क्रमांक 47/2019 दर्ज है, इसमें अभी अभियोजना की स्वीकृक्ति नहीं मिली है। इसी प्रकार जनपद पंचायत बेगमगंज के केबी मालवीय, गैरतगंज के नवल मीणा, सांची के सुरेश आर्य, सिलवानी के मानवेंद्र शाह, औबेदुल्लागंज के विनोद सिंह यादव, बाड़ी के अनूप कुमार पाजपेयी तथा उदयपुरा के अशोक कुमार उईके के विरुद्ध की गई शिकायत में जांच प्रतिवेदन नहीं दिया गया है। मुरार के सीईओ ब्रम्हेंद्र गुप्ता, गोहद के श्याम मोहन श्रीवास्तव, रीवा के संयुक्त आयुक्त राकेश शुक्ला के विरुद्ध जांच लंबित है, वहीं अतिरिक्त संचालक कमलेख कुमार शुक्ला के खिलाफ अपराध क्रमांक 516/2015 में प्रकरण पंजीबद्ध है। रिटायर्ड राजेश शुक्ला के खिलाफ डीई प्रारंभ की गई है। तत्कालीने जिला पंचायत सीईओ टीकमगढ़ सुदेश मालवीय के विरुद्ध भी आरोप पत्र जारी कर डीई शुरू की गई। डीई की कार्यवाही 2019 से लंबित है। जनपद पंचायत सीईओ रानू जैन तथा जयशंकर तिवारी के विरुद्ध 2019 से जांच चल रही है। इसी तरह जनपद सीईओ पंकज दरोठिया, राकुश शर्मा, गिर्राज शर्मा, प्रभावती तेकाम, केदार प्रसाद डहेरिया, शिवकुमार श्रीवास्तव, अर्पित गुप्ता के विरुद्ध रिश्वत लेने का प्रकरण दर्ज है। अभियोजन के संबंध में अभी विभाग ने स्वीकृति नहीं दी है। अरविंद शर्मा, संतोष कुमार पटेल के भी मामले लंबित हैं, जबकि टीआर काजले के विरुद्ध पुलिस थाना परसवाड़ा में अपराध क्रमांक 94/2014 में मामला दर्ज है। वीरेंद्र साहू, विजयलक्ष्मी मरावी, डीएन पटेल, उदयराज सिंह, रविंद्र बाबू गुप्ता, चेता बिसेन के विरुद्ध 2018 में मामला दर्ज किया गया। इसके खिलाफ शासन ने अभियोजन की मंजूरी दे दी है। तत्कालीन जनपद सीईओ एवं वर्तमान में संयुक्त आयुक्त के रूप में पदस्थ केबी मालवीय के विरुद्ध विभागीय जांच प्रारंभ करने के संबंध में प्रस्ताव 2017 से लंबित है। उपायुक्त विकास सुधीर खांडेकर के विरुद्ध संयुक्त आरोप पत्र जारी किया गया। मामला जांच में लंबित है। इसके अलावा उपायुक्त वृंदावन मीणा, रघुनाथ खरौले आदि के खिलाफ भी डीई चल रही है। यह चुनिंदा मामले ही दिए गए है, पूरी सूची छापना संभव नहीं है।

# अमरवाड़ा में जनता को धोखा देने से यह उपचुनाव हो रहा है- कमलनाथ

भोपाल। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव के कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में स्थानीय नेताओं, कांग्रेसजनों के साथ जनसंपर्क किया और कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया।

श्री पटवारी ने आज अमरवाड़ा के आंचलकुंड, बटका हरई में कार्यकर्ता से संवाद किया उसके बाद शिकारपुर पहुंचे। श्री पटवारी ने उसके बाद सिंगोडी में गौली चंद्रवंशी समाज सम्मेलन में समाजबुंधओं को संबोधित किया, तत्पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से सौंजन्य भेंट की और उनके साथ शहनाई गार्डन में स्थानीय पर्यवेक्षक, कांग्रेसजनों के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि छिन्दवाड़ा का नाम और पहचान बनाने में मैंने अपनी जवानी समर्पित कर दी। मैं अंतिम सांस तक छिन्दवाड़ा की सेवा करुंगा और जो बन पड़ेगा वो सहयोग निरंतर करता रहूंगा। इस उप चुनाव की आवश्यकता नहीं थी, लेकिन यह चुनाव जनता को धोखा देने वाले की वजह से हो रहा है। धोखा कमलनाथ या फिर कांग्रेस के साथ नहीं हुआ है, अमरवाड़ा की जनता, अमरवाड़ा के परिवारजनों के साथ धोखा है। मुझे यहां के प्रत्येक नागरिक पर पूर्ण विश्वास है कि वे इस धोखे का बदला अवश्य लेंगे और धोखा देने वाले को सबक सिखायेंगे।

पटवारी ने अमरवाड़ा विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी धीरन शाह इनवाती के समर्थन में हरेई में कमलनाथ के साथ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान पटवारी ने कहा कि अमरवाड़ा विधानसभा का यह उपचुनाव लोकतंत्र और जनमत के



अपमान का बदला लेने के साथ ही माननीय कमलनाथ के सम्मान का चुनाव है, हम सभी को इसमें अटूट मेहनत करना है। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसे बुनियादी मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाकर भाजपा लोकतंत्र के साथ आपराधिक षडयंत्र कर रही है। पटवारी ने कहा कि अमरवाड़ा की जनता आदिवासी वर्ग का सम्मान करती है। भाजपा ने आदिवासी वर्ग के साथ धोखा किया है, जिसका बदला यहां की जनता भाजपा को इस चुनाव में सबक सिखाकर लेगी। विधानसभा और लोकसभा के चुनाव में भाजपा ने लोभ-लालच देकर अपने पक्ष में माहौल तो बना लिया, लेकिन इनकी नीति और नीयत साफ नहीं है।

पटवारी ने कहा कि अमरवाड़ा की जनता यह तीसरा चुनाव देख रही। जनता और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध के बावजूद कांग्रेस व कमलनाथ ने राजा कमेलश शाह को तीन बार टिकट दिया। इसलिये की राज परिवार से है जनता की सेवा करेंगे, किन्तु इन्होंने अपनी पत्नी के साथ मिलकर हर्रई नगर परिषद से जनता की सेवा नहीं की बल्कि स्वयं के लिये घोटाला किया। लोकायुक्त की जांच में घोटाला सिद्ध हुआ और अपराध दर्ज होने के उपरांत जेल जाने की नौबत आई तो भाजपा में चले गये और भाजपा में जाने के बाद इनका घोटाले का पाप धुल गया, लेकिन जनता इन्हें माफ नहीं करेगी।

पटवारी ने कहा कि वहीं दूसरी ओर कांग्रेस प्रत्याशी धीरन शाह सुखरामदास (दादा जी) है जिनकी चार पीढ़ी निस्वार्थ व निष्पक्ष भाव से जनता की सेवा कर रही है। अमरवाड़ा और हर्रई में जो भी विकास हुआ है उसके पीछे मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व कांग्रेस का नाम आता है। स्कूल, कॉलेज व हॉस्पिटल से लेकर छोटे-छोटे गांव तक पहुंची पक्की सड़क केवल और केवल कमलनाथ की वजह से बनी है। प्रदेश में ऐसा कोई जिला नहीं है जहां इतनी संख्या में सड़कें हों।

इस अवसर पर आयोजित विशाल आमसभा एवं जनसंपर्क कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष गंगाप्रसाद तिवारी, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, नरसिंहपुर के पूर्व विधायक संजय शर्मा, अमरवाड़ा उप चुनाव प्रभारी सुनील जायसवाल, पर्यवेक्षक सचिन वानखेड़े, महेन्द्र राठौरिया, प्रेम साहू, अंगूरी सैलार, ब्रजभान सिंह, नारायण इनवाती, अशोक यादव, फूलभान शाह, रामकुमार सरेयाम, ओमशी भलावी, धनीराम भलावी, मप्र कांग्रेस समाज कल्याण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अनुराग भार्गव, अभिनय ढिमोले, सौपान कोहले, ललित इरपाची सहित कांग्रेस के क्षेत्रीय अध्यक्ष व बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं आमजन उपस्थित रहे।

# बिना ड्रेस स्कूल जाने को मजबूर छात्र

भोपाल। प्रदेश के सरकारी स्कूल ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद बीते 18 जून से खुल गए हैं। स्कूल खुलने के साथ ही विद्यार्थियों को ड्रेस और किताबों का वितरण होना था, लेकिन राजधानी समेत प्रदेश भर के 66 लाख विद्यार्थियों को यूनिफार्म या उसकी राशि नहीं मिल पाई है। इस कारण विद्याथी स्कूल ड्रेस की जगह रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर स्कूल जाने को मजबूर हो रहे हैं।

दरअसल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क दो जोड़ी ड्रेस दी जाती है। पिछले सालों में ड्रेस की राशि विद्यार्थियों के खातों में डाली जाती थी, जिससे विद्यार्थियों के अभिभावक राशि लेकर अपनी मर्जी से कहीं से भी ड्रेस सिलवा सकते थे। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश के बाद इसका काम पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत ग्रामीण आजिविका मिशन के माध्यम से स्व सहायता समूह को दिया गया। जिससे हजारों महिलाओं को रोजगार मिल सके। लेकिन जब स्व-सहायता समूह के माध्यम से सिलकर स्कूलों में यूनिफार्म पहुंची तो उनकी क्वालिटी बहुत ही घटिया थी। साथ ही बच्चों की नाप के अनुसार उन्हें ड्रेस नहीं मिल सकी। इसके बाद कोरोना के चलते स्कूल बंद रहे। कोरोना की पाबंदी हटने के बाद आजिविका मिशन के माध्यम से स्कूलों में दो साल पहले ड्रेस नहीं पहुंच सकी। दो साल पहले की यूनिफार्म को कई स्कूलों में पिछले साल वितरण शुरू किया, लेकिन वह भी सभी स्कूलों में नहीं पहुंच सकी। इसके राज्य शिक्षा केंद्र ने कुछ जिलों में ड्रेस की राशि विद्यार्थियों के खातों में डालने व कुछ को ड्रेस वितरित करने के दिशा-निर्देश जारी किए। लेकिन सत्र 2023-24 की ड्रेस वितरण का कार्यक्रम सत्र समाप्ति के बाद भी नहीं हो पाया है। जबकि अब स्कूलों का नवीन शैक्षणिक सत्र 2024- 25 पहली अप्रैल से शुरू हो चुका है।

### 390 करोड़ खर्च फिर भी नहीं मिल पाई ड्रेस

जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकारी स्कूलों में 390 करोड़ खर्च करने के बाद भी पिछले साल की सभी 66 लाख विद्यार्थियों को यूनिफार्म या उसकी राशि नहीं मिल पाई है। स्कूलों में विद्यार्थियों को बीते पांच सालों से यूनिफार्म के लिए परेशान होना पड़ रहा है। स्कूलों में पिछले दो साल से ड्रेस वितरण का कार्यक्रम चल रहा है। वह भी पूरा नहीं हुआ है। इससे सरकारी स्कूलों में विद्यार्थी रंग-बिरंगे कपड़ों में ही स्कूल जाने के लिए मजबूर हैं। अब अपर मिशन संचालक राज्य शिक्षा केंद्र ने विद्यार्थियों को खातों में गड़बड़ी बताते हुए उसमें सुधार करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से आठवीं तक पढने् वाले विद्यार्थियों को सरकार द्वारा यूनिफार्म दी जाती है। इन स्कूलों में पढने् वाले बच्चों की संख्या 66 लाख के करीब है। हर बच्चे को दो जोडी यूनिफार्म या राशि दी जाती है। जिस पर प्रति छात्र 600 रुपए खर्च किए जाते हैं। ऐसे में इन बच्चों की यूनिफार्म पर हर साल लगभग 390 करोड़ रुपए खर्च किए जाते हैं। बच्चों को यूनिफार्म देने की जिम्मेदारी राज्य शिक्षा केंद्र (आरएसके) की है। सरकार के निर्णय के बाद आरएसके ने यह काम आजिविका मिशन के माध्यम से स्व-सहायता समूह को दिया था। फिलहाल अब आजिविका मिशन के समय पर ड्रेस नहीं देने व घटिया क्वालिटी होने के कारण राशि विद्यार्थियों के खाते में डाली जा रही है। राज्य शिक्षा केंद्र की अपर मिशन संचालक आर उमा माहेश्वरी ने ड्रेस वितरण को लेकर नवीन दिशा-निर्देश दिए है। जारी निर्देशों में कहा है कि राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा सत्र 2023-24 के लिए अलीराजपुर, अनूपपुर, बडवानी, बैतूल, भिड, छतरपुर, छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम, खंडवा, मंडला, पन्ना, रायसेन, रतलाम, रीवा, सागर, सतना, सिवनी, शहडोल, श्योपुर, शिवपुरी, सीची एवं सिंगरौली कुल 22 जिलों के ग्रामीण क्षेत्र की शालाओं में गणवेश प्रदाय की कार्यवाही की जा रही है। इन जिलो के स्कूलों के विद्यार्थियों का भौतिक सत्यापन किया जाना है। इसके अलावा 30 जिलों में राशि प्रदाय करने के समय कुछ छात्रों या पालकों के खाते में त्रुटि होने ने के कारण उनके खातों में राशि ट्रांसफर नहीं की जा सकी। अतः शालावार समीक्षा करते हुए गणवेश की राशि प्राप्त नहीं होने वाले छात्रों या पालकों के खातों को अपडेट किया जाए। यह कार्यवाही तीस जून तक पूर्ण करना होगी। गौरतलब है कि राज्य शिक्षा केंद्र ने साल 2020 में यूनिफार्म सिलाई का काम ग्रामीण एवं पंचायत विभाग के माध्यम से स्वंय सेवी संस्थानों को दिया गया था। नतीजा यह रहा कि सत्र बीतने के बाद मार्च 2021 में में स्कूलों में यूनिफार्म पहुंच सकी थी। कोरोना के कारण स्कूल बंद होने के कारण शिक्षकों को घर- -घर जाकर यूनिफार्म पहुंचाना पड़ी। बच्चों का सही नाप न होने के कारण साइज भी छोटा पड़ गया था। वही सिलाई थी ठीक नहीं थी। इसके बाद 2021 में कोरोना के कारण स्कूल बंद थे, 2022 की यूनिफार्म 2023 में पहुंचाना शुरू की। लेकिन वर्ष 2024 के जून माह तक भी कई बच्चों को ड्रेस नहीं मिली है। वहीं इस साल सत्र 2024-25 में ड्रेस लेकर फिलहाल कोई दिशा-निर्देश नहीं है।

# कान्ह नदी के व्यपवर्तन के कार्य समय सीमा में पूर्ण हों

भोपाल । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में बैठक में सिंहस्थ - 2028 के लिए प्रस्तावित कार्य योजना के अंतर्गत क्षिप्रा नदी को प्रदूषणमुक्त बनाने की योजना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में कान्ह नदी के व्यपवर्तन, कान्ह नदी पर 11 बैराजों के निर्माण, सिंहस्थ के लिए क्षिप्रा नदी में निरंतर जल प्रवाह योजना और क्षिप्रा नदी पर प्रस्तावित 18 बैराजों के निर्माण और क्षिप्रा नदी पर स्नान आदि के बेहतर प्रबंध के लिए घाटों के निर्माण तथा विकास के संबंध में जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी कार्यों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। यह भी ध्यान रखा जाए कि निर्माण कार्य चलने से स्थानीय निवासियों को कोई असुविधा न हो। बैठक में पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन से कार्यों की प्रगति का विवरण दिया गया। इसके अंतर्गत क्षिप्रा नदी पर प्रस्तावित संरचनाओं, प्रस्तावित बैराजों के निर्माण तथा आवश्यक घाटों के निर्माण से संबंधित जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घाटों के निर्माण में ऐसे पत्थर एवं सामग्री का उपयोग करने के निर्देश दिए जो दीर्घकाल तक उपयोगी हों।

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय एवं जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास विभाग डॉ. राजेश राजौरा, मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ला उपस्थित थे।

# वन अफसरों के कामकाज का आंकलन आईएएस के जिम्मे

## - सुप्रीम कोर्ट के फैसले को किया दरकिनार, वन अफसरों में नाराजगी

भोपाल। प्रदेश में एक बार फिर से वन महकमे नई व्यवस्था बनाने की पहल की गई है। इसको लेकर फिर से विवाद की स्थिति बन गई है। दरअसल यह व्यवस्था पूर्व मं सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय के अतर जाकर शुरु की जा रही है। इससे वन महकमे के अफसरों में बेहद नाराजगी पैदा हो गई नाराजगी का आलम यह है कि वन अफसरों ने एक बार फिर से इस मामले में सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी शुरु कर दी है। दरअसल इसकी वजह है वन अफसरों के कामकाज के मूल्यांकन का जिम्मा आईएएस अफसरों को दिया जाना। इसको लेकर जारी आदेश में अब भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के अफसरों के कामकाज के मूल्यांकन के आधार पर लिखी जाने वाली परफॉर्मेंस एनुअल रिपोर्ट भारतीय प्रशासनिक सेवा के अफसर यानि की आईएएस लिखेंगे। हालांकि इसके पीछे जो तर्क दिए जा रहे हैं उसके मुताबिक अब तक आईएफएस की पीएआर विभागीय आइएफएस मुखिया ही स्वीकार करते थे। मुखिया को लगता था कि संबंधित अधिकारी की एसीआर काम के अनुसार कमजोर है या फिर काम ठीक नहीं था फिर भी एसीआर में सब कुछ ठीक बता कर उपकृत कर दिया जाता है। ऐसे में विभागीय मुखिया ही उस पर अंतिम अभिमत लिखते हैं। अब शासन का नया आदेश जारी हुआ तो आइएफएस अफसरों में नाराजगी फैल गई है। इसके बाद अब आईएफएस एसोसिएशन इस आदेश के विरोध में आ गया है।

गौरतलब है कि करीब 28 साल पहले भी इसी तरह का आदेश जारी किया गया था, लेकिन तब आईएफएस अफसर सुप्रीम कोर्ट चले गए थे, जिसके बाद शासन को अपने फैसले पर रोक लगानी पड़ी थी। अब फिर से उसी तरह का आदेश दोबारा से जारी कर दिया गया है। हाल ही में जारी किए गए आदेश को वन विभाग के उप-सचिव किशोर कुमार कन्याल द्वारा जारी किया गया है। इस आदेश में सभी आईएफएस अफसरों की परफॉर्मेंस एनुअल रिपोर्ट अब अतिरिक्त मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव के पास जाएगी। यह अफसर आईएएस होते हैं। उल्लेखनीय है कि इस नए आदेश के पीछे की वजह विभाग के पूर्व में एसीएस रह चुके जेएन कंसोटिया को बताया जा रहा है। इसकी वजह है उनके ही कार्यकाल में इस प्रस्ताव को तैयार किया गया था। अहम बात यह भी है कि इस आदेश को भी कंसोटिया के रिलीव होने वाले दिन शनिवार को जारी किया गया है।

### इस वजह से नाराजगी

दरअसल, इस रिपोर्ट के आधार पर ही सरकारी अफसरों से लेकर कर्मचारियों तक की न केवल पदोन्नति होती है, बल्कि समय -समय पर होने वाली वेतन वृद्धि में भी इसकी भूमिका अहम होती है। इसके अलावा सीआर खराब होने पर सेवाकाल में और भी कई तरह के नुकसान होते हैं।

### इनकी सीआर के अधिकार वन बल प्रमुख को

वन विद्यालयों के संचालक, कार्य आयोजना के मुख्य वन संरक्षक, रेंजर्स कॉलेज के प्राचार्य और उप वन संरक्षक, वन संरक्षक और मुख्य वन संरक्षक की पीएआर विभाग के वन बल प्रमुख ही लिखेंगे। सीआर लिखने का जो चैनल सरकार ने शनिवार को जारी किया, वह 1996 में आए गोदावर्मन केस-202/1996 से उलट है। तब कोर्ट ने कहा था कि वन विभाग के अफसरों की सीआर (अब पीएआर) विभागीय प्रमुख को लिखनी चाहिए।

# शुभमन की कप्तानी में भारतीय टीम जिम्बाब्वे रवाना

## पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी, लक्ष्मण रहेंगे मुख्य कोच

मुंबई। शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम जिम्बाब्वे दौरे पर रवाना हो गयी है। भारतीय टीम इस दौरे में पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। इस सीरीज में भारतीय टीम के मुख्य कोच की जिम्मेदारी वीवीएस लक्ष्मण संभालेंगे। पांच मैचों की सीरीज का पहला मैच 6 जुलाई को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा। आखिरी टी20 मैच 14 जुलाई को इसी मैदान पर होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने दौरे के लिए रवाना हुए खिलाड़ियों की तस्वीरें सोशल मीडिया में भी साझा कीं हैं। इसमें अभिषेक शर्मा, मुकेश कुमार, रुतुराज गायकवाड़, आवेश खान, रियान पराग आदि शामिल हैं। बीसीसीआई ने ट्वीट किया, जेट सेट जिम्बाब्वे, जिम्बाब्वे बनाम भारत।








इस टीम में टी20 विश्व कप की मुख्य टीम के सिर्फ दो खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन को ही शामिल किया गया है। बाकि अनुभवी खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। रिंकू सिंह, आवेश खान और खलील अहमद जैसे खिलाड़ी जो टी20 विश्व कप के लिए रिजर्व खिलाड़ियों की सूची में शामिल थे। उन्हें भी टीम में शामिल किया गया है।

वहीं जिम्बाब्वे क्रिकेट ने भी इस सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। जिम्बाब्वे की कप्तानी सिकंदर रजा करेंगे।

जिम्बाब्वे भारतीय टीम- शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, रुतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन (विकेट कीपर), ध्रुव जुरेल (विकेट कीपर), नितीश रेड्डी, रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार और तुषार देशपांडे।

जिम्बाब्वे की टीम = सिकंदर रजा (कप्तान), अकरम फराज, बेनेट ब्रायन, कैंपबेल जॉनथन, चतारा तेंदई, जोंगवे ल्यूक, कैया इनोसेंट, मदंडे क्लाइव, मधेवेरे वेस्ली, मारुमनी तडिवानाशे, मसाकाद्जा वेलिंगटन, मावुता ब्रैंडन, मुजरबानी ब्लेसिंग, मायर्स डायन, नकवी अंतुम, नगारवा रिचर्ड, शुम्बा मिल्टन।

## जिम्बाब्वे ने भारत के खिलाफ सीरीज के लिए सिकंदर रजा को कप्तान बनाया

हरारे। जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड (जेसीबी) ने भारत के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए टीम घोषित कर दी है। इसमें अनुभवी सिकंदर रजा टीम की कप्तानी करेंगे। इस सीरीज के लिए जिम्बाब्वे ने अपने अनुभवी खिलाड़ियों का आराम दिया है ऐसे में टीम में कुछ नए खिलाड़ियों को भी अवसर मिला है। बेल्जियम मूल के अंतुम नकवी को भी टीम में जगह मिली है। अंतुम ने टी20 प्रारूप में 146.80 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। इसके अलावा प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका औसत 72 जबकि लिस्ट-ए क्रिकेट में 73.42 का रहा है।



जिम्बाब्वे की टीम अब नए मुख्य कोच जस्टिन सैमन्स के तहत बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार है। टीम के कप्तान रजा ने अबतक 86 मैच खेले हैं जबकि 29 वर्षीय ल्यूक जोंगवे ने 63 मैच खेले हैं। वहीं, रिचर्ड नगारावा और ब्लेसिंग मुजरबानी ने 52 और 51 टी20ई मैच खेले हैं।

इस सीरीज में वेस्ली माधेवेरे, ब्रैंडन मावुता, डायोन मायर्स, इनोसेंट कैया और मिल्टन शुम्बा के साथ तेंडाई चटारा की भी वापसी हो रही है। मधेवेरे और मावुता भी 4 महीने के निलंबन के बाद वापसी करेंगे हालांकि टीम में क्रेग एर्विन और सीन विलियम्स का नहीं रखा गया है।

टीम = सिकंदर रजा (कप्तान), अकरम फराज, बेनेट ब्रायन, कैंपबेल जॉनथन, चतारा तेंदई, जोंगवे ल्यूक, कैया इनोसेंट, मदंडे क्लाइव, मधेवेरे वेस्ली, मारुमनी तडिवानाशे, मसाकाद्जा वेलिंगटन, मावुता ब्रैंडन, मुजरबानी ब्लेसिंग, मायर्स डायन, नकवी अंतुम, नगारवा रिचर्ड, शुम्बा मिल्टन।

## सूर्यकुमार के कैच को लेकर आये एक वीडियो से उठ रहे सवाल

बारबाडोस। भारतीय क्रिकेट टीम की टी20 विश्वकप जीत में सूर्यकुमार यादव के बाउंड्री लाइन पर लिए कैच की अहम भूमिका रही है। इस कैच के साथ ही दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजी डेविड मिलर पेवेलियन लौट गये और भारतीय टीम की जीत तय हो गयी। इस कैच को इसी कारण टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ कैच भी करार दिया गया और इसके लिए सूर्या को पुरस्कार भी मिला पर अब इसी कैच को लेकर एक दक्षिण अफ्रीकी प्रशंसक ने सवाल भी उठाये हैं। इस प्रशंसक के एक वीडियो से ये पूरा मामला बढ़ा है। इस प्रशंसक के ताजा वीडियो ने इस बात पर बहस छेड़ दी कि क्या थर्ड अंपायर ने मिलर को आउट दिये जाने का गलत फैसला दिया था और सूर्यकुमार का पांव बाउंड्री लाइन पर लगा था। हार्दिक पांड्या की इस गेंद पर मिलर ने हवा में शॉट खेला और ऐसा लग रहा था कि गेंद




बाउंड्री के ऊपर से निकल जाएगी पर सूर्यकुमार ने बीच में ही उससे लपक लिया। सूर्या ने गेंद को हवा में पकड़ा और गेंद को मैदान में हवा की और फेंकते हुए ब्राउंड्री लाइन पार कर वापस मैदान में आकर कैच पकड़ लिया।

थर्ड अंपायर रिचर्ड केटलबोरो ने इसे जल्दी से देखा और इसे सही कैच माना। इस कैच की तुलना जल्द ही कपिल देव के 1983 के यादगार पल से की जाने लगी हालांकि सोशल मीडिया पर बहुत कम लोगों ने माना कि सूर्यकुमार ने लॉन्ग-ऑफ पर कैच पकड़ने से पहले गेंद को हवा में उछालने से पहले बाउंड्री को छुआ था। एक दक्षिण अफ्रीकी प्रशंसक ने लिखा, यह निश्चित रूप से एक से अधिक बार देखने लायक है, बस इतना ही कह रहा हूं। बाउंड्री रोप ऐसा लग रहा है जैसे यह स्पष्ट रूप से हिल रही है। वहीं एक अन्य सोशल मीडिया पोस्ट में कहा गया कि कैच से ठीक पहले बाउंड्री रोप की कुशनिंग को पीछे धकेल दिया गया था। आईसीसी की खेल स्थितियों के अनुसार यह कुशन है न कि सफेद रेखा, जैसा कि ट्वीट में देखा गया है, जो बाउंड्री है। हालांकि धारा 19.3 में कहा गया है, यदि किसी कारण से सीमा को चिह्नित करने के लिए इस्तेमाल की गई कोई ठोस वस्तु हिलती है, तो सीमा को उसकी मूल स्थिति में माना जाएगा।

## अब आरसीबी में कोच की भूमिका निभाएंगे कार्तिक

बेंगलुरु। पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक अब बल्लेबाजी कोच और मेंटर की भूमिका में नजर आयेंगे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने कार्तिक को अपना नया बल्लेबाजी कोच और मेंटर बनाया है। कार्तिक ने साल 2015 और 2016 में पहली बार आरसीबी की ओर से खेला था। आरसीबी के क्रिकेट निदेशक मो बोबट ने कहा कि कार्तिक एक शानदार क्रिकेटर रहे हैं और अब वह कोचिंग में भी यही कौशल दिखाएंगे। बोबट ने गया, एक खिलाड़ी के रूप में उनका लंबा करियर और ट्रैक रिकॉर्ड उनके कौशल और समर्पण को साबित करता है। मुझे भरोसा है कि वह कोच के तौर पर भी वही गुणवत्ता और प्रतिबद्धता लाएंगे। कार्तिक ने सान 2004 में भारतीय टीम की ओर से अपना पहला मैच खेला था। उनके पास दो दशकों से अधिक का बल्लेबाजी अनुभव है। उन्होंने भारत के लिए 26 टेस्ट, 94 एकदिवसीय और 60 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने 257 आईपीएल मैच में भी भाग लिया जिसमें 22 अर्द्धशतकों सहित कुल 4842 रन बनाए। वहीं कोच के तौर पर अपनी नई भूमिका को लेकर कार्तिक ने कहा, पेशेवर स्तर पर कोचिंग करना मेरे लिए अविश्वसनीय रूप से रोमांचक है और यह कुछ ऐसा है जिसे मैं अपने जीवन के नए अध्याय के रूप में लेकर वास्तव में भावुक हूं। उम्मीद है कि एक खिलाड़ी के रूप में मेरे अनुभवों का लाभ टीम को मिलेगा। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि क्रिकेट में सफलता न केवल तकनीकी दक्षता पर निर्भर करती है, बल्कि मैच की बुद्धिमत्ता और संयम पर भी निर्भर करती है। मैं अपने बल्लेबाजी समूह को कोचिंग देने और सलाह देने के लिए उत्सुक हूं, ताकि उन्हें न केवल अपने तरीके को निखारने में मदद मिल सके, बल्कि दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने की कला भी उनमें विकसित हो। यह भी बहुत अच्छा है कि मैं आरसीबी के साथ अपना जुड़ाव जारी रख सकता हूं क्योंकि फ्रैंचाइज़ी लगातार मजबूत होती जा रही है।

## स्लोवेनिया को 3-0 हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची पुर्तगाल


फ्रैंकफर्ट। पुर्तगाल ने स्लोवेनिया के खिलाफ हुए मैच में पेनल्टी शूटआउट में मिली 3-0 की जीत के साथ ही यूरो कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। पुर्तगाल की जीत में स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो की अहम भूमिका रही। इस रोमांचक मुकाबले में निर्धारित समय में दोनों ही टीमें गोल नहीं कर पाई, इसके बाद अतिरिक्त समय में भी स्कोर बराबरी पर रहा। रोनाल्डो ने शूटआउट में पहला गोल दाग कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। इसके अलावा पुर्तगाल के गोलकीपर डिएगो कोस्टा ने लगातार तीन गोल बचाए, जिससे पुर्तगाल ने स्लोवेनिया पर 3-0 से जीत दर्ज की और क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी। कोस्टा ने जोसिप इलिसिक, जुरे बाल्कोवेक और बेंजामिन वर्बिक की लगातार तीन पेनल्टी शॉट बचाई। पुर्तगाल का मुकाबला अब अगले दौर में फ्रांस से होगा। इससे पहले एक अन्य मुकाबले में फ्रांस ने बेल्जियम को 1-0 से हराया था।




वहीं उनके साथी रोनाल्डो, ब्रूनो फर्नांडीस और बर्नार्डो सिल्वा ने पेनल्टी को गोल में बदला, जिससे पुर्तगाल की 3-0 से जीत तय हुई और टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंची। कोस्टा ने मैच के बाद कहा, यह मेरे करियर का अब तक का सबसे अच्छा मैच हो सकता है। मैंने मैदान पर अपना सबसे बेहतर प्रदर्शन किया। मैंने पेनल्टी शूटआउट के दौरान खुद पर भरोसा रखा। पेनल्टी शूटआउट में अपने शानदार प्रदर्शन के अलावा, कोस्टा ने अतिरिक्त समयके अंतिम चरण में एक महत्वपूर्ण बचाव किया था। पुर्तगाल के कोच रॉबर्टो मार्टिनेज ने कोस्टा की प्रशंसा करते हुए कहा, कोस्टा हमारा बेहतरीन हथियार है। उसने इस रोमांचक मुकाबले में अपनी ताकत दिखाई।

## विंबलडन के दूसरे दौर में पहुंचे अलकराज, मेदवेदेव

लंदन। स्पेन के कार्लोस अलकराज विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गये हैं। अलकराज ने पहले दौर में एस्टोनिया के क्वालीफायर मार्क लाजल को सीधे सेटों में 7-6 (3), 7-5, 6-2 से हराया। लाजल ने शुरुआती दो सेट में अच्छा मुकाबला किया। अल्कराज ने भी इसके लिए लाजल की प्रशंसा की है।



वहीं पुरुष एकल के अन्य मैचों में पांचवीं वरीयता प्राप्त रुस के डेनियल मेदवेदेव ने अलेक्जेंडर कोवासिक को 6-3, 6-4, 6-2 से जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रुड ने एलेक्स बोल्ट को 7-6 (2), 6-4, 6-4 से पराजित किया। इसके अलावा कनाडा के डेनिस शापोवालोव ने 19वें नंबर के खिलाड़ी निकोलस जैरी को 6-1, 7-5, 6-4 से हराकर सबको हैरान कर दिया। वहीं महिला वर्ग में मारिया सक्कारी ने शुरुआती एकल मुकाबले में मेकार्टनी केसलर को 6-3, 6-1 से आसानी से हराया। एक अन्य मुकाबले में सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मिन पाओलिनी सोरिब्स टोर्मो को 7-5, 6-3 से हराकर पहली बार विंबलडन के दूसरे

## टी20 विश्वकप की तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम

सिडनी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम टी20 विश्वकप की तैयारी के लिए अगले माह अगस्त में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। इस दौरे में भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम के साथ तीन मैचों की टी20 सीरीज के साथ ही तीन एकदिवसीय के अलावा एक चार दिवसीय मैच भी खेलना है। इससे बांग्लादेश में साल के आखिर में होने वाले टी20 विश्वकप के लिए टीम को अभ्यास का अच्छा अवसर मिलेगा। इसके अलावा उसे अपनी कमियों का भी पता चलेगा।



क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस दौरे का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इसमें ताहलिया मैकग्रा ऑस्ट्रेलियाई 20 और 50 ओवरों की टीम की कप्तानी करेंगी। वहीं चार्ली नॉट को चार दिवसीय मैच के लिए कप्तान बनाया गया है। इस दौर में सभी तीन टी20 मैच ब्रिसबेन में जबकि एकदिवसीय मैच मैके में खेले जाएंगे। एकमात्र चार दिवसीय मैच गोल्ड कोस्ट में खेला जाएगा। पहला टी20 मैच 07 अगस्त , दूसरा टी20 09 अगस्त जबकि तीसरा तीसरा टी20 11 अगस्त को खेला जाएगा।

वहीं पहला एकदिवसीय 14 अगस्त, दूसरा 16 अगस्त को व तीसरा एकदिवसीय 18 अगस्त को खेला जाएगा। एकमात्र चार दिवसीय मैच 22 से 25 अगस्त तक होगा।

**टी20 टीम** - ताहलिया मैकग्रा (कप्तान), मैडी डार्के, सोफी डे, निकोल फाल्टम, टेस फ्लिंटॉफ, किम गार्थ, चार्ली नॉट, कैटी मैक, ग्रेस पार्सोंस, मेगान शट, कर्टनी सिप्पेल, टायला वी, ताहलिया विल्सन।

**एकदिवसीय टीम** - ताहलिया मैकग्रा (कप्तान), मेटलान ब्राउन, मैडी डार्के ,सोफी डे, निकोल फाल्टम, टेस फ्लिंटॉफ, किम गार्थ, चार्ली नॉट, कैटी मैक, ग्रेस पार्सोंस, मेगान शट, कर्टनी सिप्पेल, टायला वी, ताहलिया विल्सन।

**चार दिवसीय टीम** - चार्ली नॉट (कप्तान), मेटलान ब्राउन, मैडी डार्के, सोफी डे, एम्मा डे ब्रूग, निकोल फाल्टम, टेस फ्लिंटॉफ, कैटी मैक, लिली मिल्स, ग्रेस पार्सोंस, केट पीटरसन, कर्टनी सिप्पेल, जॉर्जिया वोल।

## डिविलियर्स ने कहा दक्षिण अफ्रीकी टीम अपना हौंसला बनाये रखे

जोहान्सबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने आईसीसी टी20 विश्व कप में हार से निराश हुई अपनी टीम का हौंसला बढ़ाया है। डिविलियर्स ने सोशल मीडिया पर कहा कि टीम ने खिताबी मुकाबले में अपनी ओर से अंत तक संघर्ष किया था। उसलिए उसे हताश होने की जरुरत नहीं है। टीम को अपना सिर ऊंचा करने रहना चाहिये क्योंकि वह इससे पहले की सभी दक्षिण अफ्रीकी टीमों से आगे निकल गयी है। साथ ही कहा कि आप सभी हीरो हैं और आपको आने वाले समय में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना शेष है। टी20 विश्वकप में दक्षिण अफ्रीकी टीम को केवल सात रनों से हार मिली थी। टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत के भूरपूर प्रयास किये थे और एक समय ऐसा थी थी जब टीम जीत की ओर बढ़ रही थी। हेनरिक क्लासेन ने इस मैच में अपनी टीम को जीत दिलाने के पूरे प्रयास किये थे पर अंतिम ओवरों में लगातार विकेट खोने से उसके हाथ से खिताब निकल गया था। अफ्रीकी टीम इस पूरे टूर्नामेंट में सभी मैच जीतकर फाइनल में पहुंची थी जहां उसके बल्लेबाजों के अलावा गेंदबाजों ने भी जबरदस्त प्रदर्शन किया था। डिविलियर्स ने कहा कि टीम को इस टूर्नमेंट में की गयी गलतियों को दूर करते हुए अगामी टूर्नामेंटों में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार रहना चाहिये।




## कनाडाई लीग में वैंकूवर नाइट्स की कप्तानी करेंगे रिजवान

वैंकूवर। पाकिस्तान के क्रिकेटर मोहम्मद रिजवान अब जीटी20 कनाडाई लीग में वैंकूवर नाइट्स की कप्तानी करेंगे। रिजवान को बाबर आजम की जगह इस लीग का कप्तान बनाया गया है। कनाडाई लीग का चौथा सत्र 25 जुलाई से 11 अगस्त तक ब्रैम्पटन शहर में होगा। जीटी20 कनाडा फ्रेंचाइजी ने कहा, वैंकूवर नाइट्स ने जीटी20 सत्र 4 के लिए रिजवान को अपना कप्तान बनाया है। वह अपने बेहतरीन बल्लेबाजी कौशल और विकेटकीपिंग के साथ हमें जीत दिलाने में सफल होगे, ऐसी हम उम्मीद करते हैं। गौरतलब है कि रिजवान के पास पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में मुल्तान सुल्तान्स की कप्तानी का अनुभव है। वहीं दूसरी ओर बाबर अभी पाकिस्तान की राष्ट्रीय टीम और पीएसएल में पेशावर जाल्मी की कप्तानी कर रहे हैं।

## टायर चोर गिरोह को पकडने में मिली चरेगांव पुलिस को सफलता

### चरेगांव पुलिस चौकी के द्वारा किया गया चोरी का खुलासा

लामता (पदमेश न्यूज़)। दिनांक 20. 6. 2024 को रात्रि में संजय बौपचे निवासी चरेगांव के कृषि कार्य हेतु घर में रखे ट्रैक्टर के टायर चोरी हो गए थे, जिसकी शिकायत पुलिस चौकी चरेगांव में की गई थी, जिसकी जांच चरेगाव चौकी प्रभारी साधू सिंह गुर्जर के द्वारा की जा रही थी, जिसमें चोरी का खुलासा कर अपराधियों को आज पकड़कर पुलिस चौकी लाया गया, जहां पांच अपराधियों के विरुद्ध अपराध कायम किया गया, अपराधी दीपक आधवाने उम्र 24 वर्ष, अपराधी सुभाष तरवरे चरेगांव निवासी उम्र 22 वर्ष, अपराधी शुभम दुल्हापुर सिवनी निवासी, अपराधी इंद्र कुमार गौतम दराकशी जिला सिवनी, अपराधी कमलेश चक्रवर्ती के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर अपराधियों को पुलिस के द्वारा अपराध क्रमांक 85/ 24 धारा 457



,380 के तहत अपराध कायम कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया । इस प्रकरण की जांच उपनिरीक्षक गौरीशंकर देशमुख द्वारा किया जा रहा है अपराधियों को पकड़ने में आरक्षक दिनेश काकोडिया एवम जोगेंद्र टेकाम एवम अन्य पुलिस बल की अहम भूमिका रही ।

## जनपद पंचायत कटंगी की भूमि का हुआ सीमांकन

कटंगी (पदमेश न्यूज़)। जनपद पंचायत कटंगी ने मंगलवार को अपनी भूमि का सीमांकन करवाया. राजस्व निरीक्षक और पटवारियों के एक दल ने जनपद कार्यालय के अधीन की भूमि का सीमांकन किया. जनपद अध्यक्ष ने तहसील कार्यालय में भूमि सीमांकन के लिए आवेदन किया था. वहीं मगर, अन्य कार्यों की व्यस्तता के चलते सीमांकन की कार्रवाई अटकी पड़ी थी. बीते दिनों जब विधायक की मौजूदगी में जनपद पंचायत कटंगी के सभागार में सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक हुई थी तब सीमांकन के मामले को उठाया गया और विधायक ने शीघ्र ही सीमांकन करवाने के निर्देश दिए थे. जिसके बाद राजस्व अमले ने सीमांकन की कार्रवाई शुरू की. जनपद पंचायत कटंगी के पास वर्तमान समय में 4 एकड़ 62 डिसमिल भूमि है. इस भूमि पर अवैध तरीके से कब्जे के संदेह को ध्यान में रखते हुए भूमि को सुरक्षित करने के लिए सीमांकन की कार्रवाई की गई. अब जनपद अपनी भूमि को सुरक्षित करने की कवायद में है. हालांकि इसके पहले भी सीमांकन की कार्रवाईयां हुई लेकिन सीमांकन के बाद भूमि को सुरक्षित नहीं किया गया. लिहाजा सीमांकन की कार्रवाई बार-बार दोहराई जा रही है. इस सीमांकन के बाद जनपद अपनी भूमि को सुरक्षित करने की तैयारी में है।



## चम्मूटोला में 50 वर्षीय महिला की हत्या

कटंगी (पदमेश न्यूज़)। कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम चम्मुटोला में रोगटे खड़े कर देने वाली वारदात सामने आई है. यहां पर एक 50 वर्षीय महिला की गर्दन पर धारदार वस्तु से हमला कर हत्या करने की घटना घटित हुई है. यह पूरी घटना सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात्रि घटित हुई है. पुलिस ने मंगलवार को मृत महिला का शव बरामद कर पीएम के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी लाया और शव का पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया है. पुलिस ने संदेह के आधार पर महिला के ही भतीजे को हिरासत में लिया है. जिससे पूछताछ की जा रही है. मिली जानकारी अनुसार चम्मुटोला निवासी कविता कोकोड़े की गर्दन पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई. पुलिस ने बताया कि अभी जांच जारी है. जांच पूरी होते ही विस्तार से जानकारी दी जाएगी. ग्रामीणों से मिली जानकारी अनुसार पुलिस ने भतीजे को हिरासत में लिया है. उसने गांव में एक बैठक के दौरान अपनी चाची को जान से मारने की धमकी दी थी. जिसके बाद महिला की हत्या हो गई।



# भटेरा रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनाने अधिकारियों ने किया निरीक्षण

## बस स्टैंड से फारेस्ट नाका तक 1313 मीटर लम्बा बनाया जाएगा रेलवे ओवर ब्रिज : फिर की जाएगी भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही मिलेगा मुआवजा

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। वर्ष 2021 में सरकार द्वारा जारी किए गए बजट में बालाघाट जिले को चार रेलवे ओवरब्रिज की सौगात मिली थी। जिसमें से सरेखा रेलवे ओवरब्रिज वैन गंगा गर्रा रेलवे ओवरब्रिज और वारासिवनी रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। जबकि भटेरा रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर तरह-तरह की बधाए नजर आ रही थी लेकिन अब तमाम तरह की बाधाओं को जल्द दूर कर जल्द ही भटेरा रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। जिसकी प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए मंगलवार को रेलवे विभाग के इंजीनियर और ब्रिज कारपोरेशन के अधिकारियों ने भटेरा रेलवे क्रॉसिंग पर बनाए जाने वाले रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के लिए स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुल की उंचाई, लंबाई और चौड़ाई सहित बांये-दांये ओर बनाई जाने वाली सड़क को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। वही वैकल्पिक व्यवस्था वही के तौर पर लोगों के आवागमन शुरू रखने के लिए मार्ग के दोनों और पांच पांच फीट जमीन का अधिग्रहण करने और बड़े वाहनों के आवागमन के लिए रेलवे क्रॉसिंग के समीप 8 फीट ऊंचा रेलवे अंडर बाईपास का निर्माण किए जाने को लेकर रूपरेखा तैयार की गई है। बताया जा रहा है कि जल्द ही रेलवे इंजीनियर और ब्रिज कॉरपोरेशन के अधिकारियों और टेक्निकल टीम द्वारा भटेरा रेलवे ओवरब्रिज का फाइनल नक्शा तैयार कर रेलवे विभाग को भेजा जाएगा जहां से निर्माण कार्य शुरू करने की अनुमति मिलते ही सड़क के दोनों ओर से अतिक्रमण हटाकर स्थानीय लोगों को मुआवजा देने की प्रक्रिया के बाद रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इस दौरान रेल्वे के कन्सलटेंस अरविंद लाड़े, गतिशक्ति विभाग के अधिकारी मल्लिकार्जुन राव, पीडब्ल्युडी सेतु विभाग के एसडीओ अर्जुनसिंग सनोडिया, नपाध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, भाजपा नगर अध्यक्ष सुरजीतसिंह ठाकुर सहित ठेकेदार की मौजूदगी में अंडरपास व ओवरब्रिज के लिये सर्वे किया गया।



### अतिरिक्त कार्य होने पर बढ़ेगी लागत

भटेरा रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज निर्माण को लेकर रेलवे इंजीनियर और ब्रिज कार्पोरेशन के अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण किया। जिनसे हुई चर्चा में बताया गया कि ओवरब्रिज लगभग 1313 मीटर लंबा और करीब 12 मीटर चौड़ा होगा।जबकि ओवरब्रिज के बांयी और दांयी ओर लगभग 5-5 मीटर की सर्विस सड़क होगी। तो वहीं छोटे बड़े वाहनों के आवागमन के लिए अतिरिक्त 8 फीट ऊंचा रेलवे अंडरपास बीच-बीच बनाया जाएगा। इन दोनों ही कार्यों को करने में भटेरा चौकी मार्ग में अतिरिक्त भूमि अधिग्रहण होगा।जिससे उक्त आरओबी की लागत भी बढ़ जायेगी।बताया जा रहा है कि जल्द से जल्द फाइनल ड्राईंग का काम पूरा कर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

### 70.60 करोड़ की लागत से बनना है ओवर ब्रिज

प्राप्त जानकारी के अनुसार भटेरा चौकी रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य करीब 70.60 करोड़ लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। 1313 मीटर लंबा और 12 मीटर चौड़ा यह ओवर ब्रिज बस स्टैंड से फारेस्ट नाका तक बनाया जाएगा। इसके निर्माण कार्य के लिए निविदा की प्रक्रिया भी जारी कर दी गई है।उल्लेखनीय है कि नगर के चारों रेलवे क्रॉसिंग (सरेखा, बैहर चौकी, भटेरा चौकी और गर्रा) ओवर ब्रिज निर्माण के लिए ब्रॉडगेज संघर्ष समिति, वार्डवासियों, अलग-अलग समाजसेवी संगठनों ने आवाज उठाई थी। जिन्होंने वर्षो से लंबित इस मांग को लेकर कई बार ज्ञापन सौंपा था वही पोस्टकार्ड अभियान चलाया था।वही रेलवे अधिकारियों से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष निवेदन कर समस्याओं से अवगत कराया था। जहां रेलवे द्वारा नगर के गर्रा और सरेखा रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य तो शुरू कर दिया गया है लेकिन भटेरा चौकी रेलवे क्रॉसिंग पर बनने वाले रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया था।जिसके लिए अंतिम नापझौक कर इसकी प्रक्रिया फाइनल डिज़ाइन के बाद शुरू किए जाने की बात अधिकारियों द्वारा कही जा रही है।

### करीब 20 करोड रुपए के मुआवजे का प्रावधान

बताया जा रहा है कि इस सर्वे के बाद फाइनल डिज़ाइन तैयार कर रेलवे से अप्रूवल कराया जाएगा जहां अप्रूवल मिलते ही भटेरा रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। जहां इस निर्माण कार्य को शुरू करने के लिए टेक्निकल टीम द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था की तलाश की जा रही है ताकि इस मार्ग किनारे रहने वाले स्थानीय लोगों व्यवसाययों और इस मार्ग से आवागमन करने वाले लोगों को परेशानी ना हो। इसके लिए रेलवे ओवरब्रिज के अलावा अलग से 8 फीट ऊंचा रेलवे अंडर पास ब्रिज का निर्माण कार्य किए जाने की बात अधिकारियों द्वारा कही जा रही है। जिसमें लागत अधिक बढ़ने की बात भी सामने आ रही है। इसके अलावा ब्रिज के दोनों ओर पांच पांच फीट सर्विस रोड बनाने के लिए अलग से भूमि अधिग्रहण किया जाना है जिससे इसकी लागत बढ़ाना लगभग तय माना जा रहा है।बताया जा रहा है कि शासन स्तर से भूमि अधिग्रहण के लिए करीब 20 करोड रुपए का मुआवजा मिलना है इन सभी बातों पर चर्चा कर फाइनल डिज़ाइन तैयार करने को लेकर रेलवे इंजीनियर और ब्रिज कॉरपोरेशन अधिकारियों सहित टेक्निकल टीम ने विचार विमर्श किया है।

### तीन स्थानों पर बनाना है रेलवे ओवर ब्रिज

आपको बताए कि बालाघाट नगर के तीन रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज निर्माण के लिए स्वीकृति मिली है। जिसमें गोंदिया-सरेखा रेलवे क्रॉसिंग में करीब 80 करोड़ रुपए की लागत से रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है तो वही बालाघाट-वारासिवनी मार्ग पर गर्रा रेलवे क्रॉसिंग में करीब 40 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण भी प्रगति पर है।अब बालाघाट-नैनपुर मार्ग पर भटेरा चौकी रेलवे क्रॉसिंग में करीब 70.60 करोड़ रुपए की लागत से ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। बताया जा रहा है कि ओवर ब्रिज का निर्माण होने से राहगीरों को आवागमन में सुविधा होगी।जिसकी व्यवस्था बनाने वैकल्पिक मार्ग की तलाश की जा रही है

### फाटक पर लगता है जाम

ट्रेनों की आवाजाही के दौरान खासकर जब मालगाड़ी यहां से गुजरती है, तो कई बार आधे-एक घंटे तक फाटक नहीं खुल पाता है। ऐसे में लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। सरेखा फाटक, बैहर चौकी और भटेरा में जाम की समस्या वर्षो पुरानी है। यहां जब जाम लगता है तो चारपहिया, दोपहिया वाहन तो दूर, पैदल राहगीरों का भी निकलना मुश्किल हो जाता है

### सरेखा रोड

लागत - करीब 90 करोड़।
लंबाई - 990 मीटर
चौड़ाई -12 मीटर
दोनों ओर सर्विस रोड -पांच-पांच मीटर।

**अतिरिक्त अंडर ग्राउंड ब्रिज**

**स्थिति**- वर्तमान समय में सरेखा रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य प्राथमिकता के तौर पर तेजी से चल रहा है। वही रेलवे क्रॉसिंग के समीप ही रेलवे वाहनों के आवागमन के लिए अंडर पास रेलवे ब्रिज का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है

### भटेरा फाटक

लागत - करीब 70.60 करोड़
लंबाई - करीब 1313 मीटर
चौड़ाई -करीब 12 मीटर
दोनों ओर सर्विस रोड -पांच-पांच मीटर।

**स्थिति** - इसका फाइनल सर्वे हो चुका है। दोनों और सर्विस रोड के लिए अतिरिक्त भूमि अधिग्रहण कर मुआवजा दिया जाएगा।वही बड़े वाहनों के आगमन के लिए 8 फीट ऊंचा रेलवे अंडर पास ब्रिज का निर्माण कार्य भी किया जाएगा। जिसका सर्वे किया जा चुका है। जल्द ही डिजाइन तैयार कर निर्माण कार्य शुरू करने की बात कही जा रही है।

### गर्रा चौकी फाटक

लागत - करीब 40 करोड़।
लंबाई - करीब 500 मीटर
चौड़ाई -करीब 12 मीटर
दोनों ओर सर्विस रोड -पांच-पांच मीटर।

**स्थिति**- वर्तमान समय में इस ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य प्रगति पर है

### बैहर फाटक

लागत - आंकलित नहीं।
लंबाई - करीब 500 मीटर
चौड़ाई -करीब12 मीटर
दोनों ओर सर्विस रोड -पांच-पांच मीटर

### मौका स्थल का निरीक्षण कर वस्तु स्थिति जानने आए हैं - अरविंद लाड़े

इस पूरे मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान मौका स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे रेल्वे के कन्सलटेंस टीम नागपुर प्रभारी अरविंद लाड़े ने बताया कि यहां पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण करना है। इसके लिए डिज़ाइन कैसी होगी क्या-क्या व्यवस्था बनानी पड़ेगी। उसी को लेकर आज मौका स्थल का निरीक्षण किया गया है। नापझौक की कार्यवाही पूरी की गई है। रेलवे ओवर ब्रिज का बजट आया है लेकिन यहां पर वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर 8 फीट ऊंचा अंडरपास मार्ग बनाना पड़ेगा, जो रेलवे ओवर ब्रिज के बजट में शामिल नहीं है। इसके लिए अतिरिक्त खर्च आएगा। इन सभी का मसौदा तैयार करने के लिए आज इंजीनियर टीम, रेलवे ओवर ब्रिज टीम और टेक्निकल टीम को मौका स्थल का निरीक्षण करने भेजा गया है। रेलवे ने हमसे अंडरपास बनाने के लिए बजट का आकलन मांगा है। उसी को लेकर निरीक्षण कर रहे हैं। जल्द ही रेलवे ओवर ब्रिज के लिए फाइनल डिजाइन बनाकर दी जाएगी। जिसका अप्रूवल मिलने के बाद संबंधित ठेकेदार द्वारा रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

### ड्राइंग बनाकर रेलवे को अप्रूवल के लिए भेजा जाएगा- सनोडिया

निरीक्षण को लेकर की गई चर्चा के दौरान सेतु विभाग के एसडीओ अर्जुन सनोडिया ने बताया कि क्रासिंग पर रेलवे विभाग द्वारा बनाए जाने वाले ओवरब्रिज का गति शक्ति विभाग और सेतु विभाग द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। जिसकी ड्राईंग तैयार कर रेलवे विभाग को एप्रूवल के लिए भेजी जाएगी। जहां से एप्रूवल मिलने पर क्रासिंग पर ओवरब्रिज का काम प्रारंभ होगा। जबकि इसके दोनो ओर फ्लाई ओवर पुल का निर्माण, प्रदेश सरकार की राशि से होगा।

# डीएच में आयोजित हुआ रक्तदान और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री दिनेश चन्द्र थपलियाल ने जिला चिकित्सालय में डॉक्टर्स-डे पर चिकित्सकों से चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि समाज में नशें की प्रवृत्ति लगातार बढ़ती जा रही है जो आने वाले समय के लिये ठीक नहीं है। इसे रोकने में डॉक ?टर्स की भूमिका अहम हो सकती है। डाक्टर्स जो दिन रात मानव सेवा करते हुये अपनी निष्ठा और निस्वार्थ भाव से रोगी को निरोगी बनाने में लगे रहते है। इस दिशा में भी उन्हें काम करना होगा। जिला चिकित्सालय में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर नालसा योजना 2015 अंतर्गत विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान रक्तदान किया गया, जिसमें 15 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ। साथ ही न्यायाधीशों द्वारा अस्पताल में ही स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया गया। साथ ही उन्होंने साथ समाज में बढ़ती हुई नशा की प्रवृत्ति की ओर भी चिंता व्यक्त करते हुए नशा उन्मूलन के संबंध में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के द्वारा बनाई गई योजना के बारे में भी जानकारी दी।

शिविर में सुरेन्द्र सिंह गुर्जर ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में नई खोजों, अनुसंधानों, तकनीकी ज्ञान के विकास के फलस्वरूप भारत में मृत्यु दर में निरंतर कमी को चिकित्सा क्षेत्र की बहुत बड़ी उपलब्धि हैं। उन्होंनें उपस्थित चिकित्सकों से समाज के ऐसे वर्ग जो आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर है उनकी चिकित्सा के माध्यम से सेवा करने का आव्हान किया। इसके साथ ही राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा संचालित योजना (तस्करी एवं वाणिज्यिक शोषण पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2015 को समझाते हुए वर्तमान में मानव तस्करी विशेषत: बालकों के शोषण और तस्करी के बढ़ते हुए मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए उसके निदान के लिए जनजागरूकता पैदा करने के लिए सभी को प्रेरित किया।

इस दौरान सीएमएचओं डॉ. मनोज पाण्डेय, सिविल सर्जन डॉ. निलेश जैन ने चिकित्सालय में आधुनिक संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता के बारे में जानकारी देते हुए लोगों को मौसम की बीमारियों को अनदेखा न करने तथा स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग से संबंधित सुलभ उपचार के लिए आयुष्मान योजना, महिलाओं की प्रसूति से संबंधित योजनाओं, नवजात शिशुओं से संबंधित तथा गर्भावस्था के दौरान विभिन्न अंतरालों पर टीकाकरण की योजनाओं की भी विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की। शिविर में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री मनीष कुमार सिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीतेन्द्र मोहन धुर्वे तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार पाण्डे तथा सिविल सर्जन डॉ. निलेश जैन तथा अन्य चिकित्सकगण व पैरामेडिकल स्टॉफ उपस्थित रहा।

# बरसात के एन वक्त पूर्व घर पर चला दिया बुलडोजर

## इंसाफ पाने दर-दर की ठोकरे खा रही विधवा महिला

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम कोसमी में एक विधवा बुजुर्ग महिला के मकान में बुलडोजर चलाकर उसे तोड़े जाने का एक मामला सामने आया है। जिसमें ग्राम पंचायत कोसमी वार्ड नंबर 4 बालाजी नगर निवासी 62 वर्षीय बुजुर्ग विधवा महिला सविता उर्फ भूरी बाई चौरे ने अज्ञात व्यक्तियों पर उनके घर व शौचालय को तोड़कर उन्हें भरी बरसात में बेघर किए जाने का आरोप लगाया है। जिसकी निष्पक्ष जांच कराकर संबंधियों पर वैधानिक कार्यवाही कर उन्हें नुकसान का मुआवजा दिए जाने की मांग सविता चौरे द्वारा की गई है। जिन्होंने अपनी इस मांग को लेकर मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय मे आयोजित जनसुनवाई में ज्ञापन सौंपते हुए मामले में उन्हें इंसाफ दिलाए जाने की गुहार लगाई है।

भाई के घर शादी में शामिल होने गई थी- सविता

ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान कोसमी वार्ड नंबर 4 बालाजी नगर निवासी विधवा बुजुर्ग महिला सविता चौरे ने बताया उनका शासकीय भूमि पर करीब 30 वर्षों से झोपड़ीनुमा मकान था। वे



दूसरों के घर में झाड़ू पोछा का काम कर अपना जीवन यापन करती है। करीब 15 दिन पूर्व उनके मीरगपुर निवासी भाई के घर में शादी थी उस शादी समारोह में शामिल होने में वह अपने भाई के घर गई हुई थी। इसी बीच किन्ही अज्ञात लोगों द्वारा 16 जून को उनके घर में बुलडोजर चला कर घर को तोड़ दिया गया है। महिला ने आगे बताया कि घर किसने तोड़ा है इसकी उन्हें जानकारी नहीं है लेकिन उनका घर ,व शौचालय को तोड़ दिया गया है।जिससे घर मे रखे बर्तन, कपड़े ,घरेलू सामग्री सब कुछ नष्ट हो गई है। जब वह भाई के घर से वापस अपने घर आई तो उसका घर और शौचालय टूटा हुआ था जिसकी शिकायत उन्होंने पूर्व भी कलेक्टर कार्यालय में की थी उस समय कलेक्टर साहब ने पटवारी को भेजकर मामले की जांच करने कहा था। लेकिन आज तक पटवारी नहीं आया। जिसके चलते वे पुन: कलेक्टर कार्यालय आई है। आज कलेक्टर साहब ने तहसीलदार को भेज कर मामले की जांच करने कहां है। महिला ने आगे बताया कि उनकी मांग है कि जिसने भी उनके घर व शौचालय को तोड़ा है उन पर वैधानिक कार्यवाही की जाए ,वहीं उन्हें नुकसान का मुआवजा देकर उनके साथ इंसाफ किया जाए।अपनी इसी मांग को लेकर उन्होंने कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौपा है ।

# वन विभाग ने छापामार कार्यवाही में जप्त की 30 नग चिरान

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। वन विभाग ने इन दिनों बहुकीमती वनोपज की चोरी कर उनकी तस्करी करने वालो के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्यवाही शुरू कर दी है।जहां वन अमले में उकवा सामान्य वन मंडल के अंतर्गत आने वाले 2 गावो में छापामार कार्यवाही कर दो दिनों में विभिन्न प्रजातियों की बेशकीमती 30 नग चिरान जप्त की है।वही आरोपियो पर वैधानिक कार्यवाही के लिए प्रकरण तैयार कर वरिष्ठ अधिकारियों को सौपा है। छापामार कार्यवाही का पहला मामला उकवा सामान्य वन मंडल के अंतर्गत ग्राम मोरिया का है जहां छापामार कार्यवाही कर एक व्यक्ति के घर से वन विभाग की टीम ने 27 नग चिरान पकड़ा है। आरोपी के विरूद्ध विभाग ने प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उकवा सामान्य वन मंडल के उपवनमंडल अधिकारी को जानकारी मिली थी कि ग्राम मोरिया निवासी हरिलाल तिलासी के घर बीजा लकडी का चिरान अवैध रूप से रखा गया है।जिस पर अधिकारी



द्वारा सर्च वारंट क्रमांक 41/48 दिनांक 1 जुलाई 2024 को जारी किया गया।सर्च के दौरान पुलिस ने हरिलाल के घर से 27 नग चिरान बरामद कि है। उक्त लकडी 0.126 घन मीटर पाई गई है। विभाग ने प्रकरण को पीओआर क्रमांक 2765/01 में मामला पंजीबद्ध कर जांच में लिया है।

इसी तरह छापे मार कार्यवाही दूसरे दिन भी जारी रही जहां 2 जुलाई को उकवा सामान्य वन मंडल के अंतर्गत आने वाले ग्राम अलीपुर में छापा मार कार्यवाही कर, वन टीम ने एक व्यक्ति के घर से तीन नग चिरान जप्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वनकर्मियों को जानकारी मिली थी कि ग्राम अलीपुर निवासी कृष्ण पिता शिवलाल उइके के मकान में अवैध तौर पर वन उपज चिरान रखी हुई है जिस पर वन कर्मियों मामले की सूचना वरिष्ठ अधिकारी को दी। जिस पर उपवनमंडल अधिकारी उकवा (सा0) द्वारा जारी सर्च वारंट क्रमांक 4149 जारी किया गया।जिसे लेकर वन कर्मी ग्राम अलीपुर पहुचे जहा निवासी कृष्णा पिता शिवलाल उइके के मकान की तलाशी ही ली गई।मकान से सागौन प्रजाति कुल 3 नग =0.031घन मीटर चिरान जप्त कर पी0ओ0आर0क्र0 2512/86 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया गया है।

# माली फूल माली समाज के अध्यक्ष बने एल. सी. लाजेवार

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। गत दिवस माली फूल माली सेवा समाज समिति जिला- बालाघाट के चुनाव कराए गए इस निर्वाचन प्रक्रिया में 10 ब्लॉक के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने हिस्सा लिया इसके तहत सामाजिक बंधुओ ने चुनाव अधिकारी के रूप में ए.एस. इंगले को मतदान अधिकारी नियुक्त किया गया श्री इंगले ने पूर्ण मतदान प्रक्रिया निर्विरोध रूप से संपन्न कराई इसके तहत अध्यक्ष के रूप मे एल. सी. लांजेवार बालाघाट, उपाध्यक्ष- नामदेव राऊत बिठली, सचिव - चंद्रप्रकाश कडुकार मोहगांव, कोषाध्यक्ष - टोरमल नंदरघने सैंल्वा, महासचिव -केवल कटं ?कार आलेझरी,और सदस्य के रूप में श्रीमती मीना चोपकर भरवेली,श्रीमती चंद्रकलाबाई बनकर,चेतन लाल सहारे मौदा,रूपेंद्र बनकर सावगी के रूप में निर्विरोध निर्वाचित हुए इसके अलावा समाज को गति देने और विकास की ओर अग्रसर करने के उद्देश्य से अध्यक्ष श्री लंजावर द्वारा अन्य पदों पर समाज के बंधु एवं महिलाओं को विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया जिसमें अतिरिक्त उपाध्यक्ष के रूप में सुखचंद बेले, सूरज कडूकार, सुनीता नेरकर, भोलाराम राऊत, को नियुक्त किया गया सह सचिव- कमलेश देशकर एवं नामदेव चेन्नने, मीडिया प्रभारी के रूप में प्रमोद भेदे, राजेश भूते प्रवक्ता नामदेव राऊत, टोरमल नंदरधने, लक्ष्मी ऊके के नाम सम्मिलित किए गए, इसी के तहत सांस्कृतिक प्रभारी लक्ष्मी ऊके, कमलेश देशकर , शिक्षा प्रभारी के रूप में संतोष लांजेवार,संतोष बनकर विनोद सहारे, दुलीचंद बागडे, वासुदेव भूते, रोशन बनेवर, रमेश डोगरवार, संतोष चोपकर,खेल कार्यक्रम प्रभारी मुकेश देशकर, सुनीता नेरकर, सूरज बागडे,




धनीशंकर भुसारी,को नियुक्त किया गया,तकनीकी प्रभारी के रूप में अतुल सहारे अश्विन बनेवार, कृष्णा नागरीकर प्रवीण बानेवर, संरक्षक सदस्य के रूप में ऐ. एस. इंगले, संतोष बनकर, मूलचंद बागडे, देवजी राऊत, ताराचंद नगरीकर,एम. एल.भूते, विजय बागडे, सक्रिय सदस्य के रूप में गणपत बागडे, हुकुम देशकर, मेघराज ऊपरीकर, दामोजी ऊपरीकर, संगठन प्रभारी के रूप में मधुकर नेरकर, एवं सुदेश नंदूरकर को सम्मिलित किया गया द्व नव नियुक्त अध्यक्ष श्री लांजेवार ने बताया कि वह समाज के विकास और समाज मे शिक्षा के ऊपर कार्य किया जाएगा ज्ञात हो की इसके पूर्व में भी अध्यक्ष के रूप में श्री लांजेवार रहे हैं उन्होंने समाज में भवन निर्माण वार्षिक उत्सव एवं अन्य संस्कृति और एवं सामाजिक कार्यक्रमों का सामाजिक बंधु और माता बहनों के सहयोग से संपन्न कराया इसमें 10 ब्लॉक के सामाजिक बंधु एवं महिलाओं अपना सहयोग प्रदान किया , इस निर्वाचन प्रक्रिया में बालाघाट जिले के 10 ब्लॉक के सामाजिक बंधु एवं महिलाओं ने हिस्सा लिय समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री लांजेवार ने बताया वह विगत 5 वर्षों से अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे हैं और इस बार भी समाज के लोगों ने उन्हें पुन- अध्यक्ष का पदभार सौंपा है इस पद की गरिमा को ध्यान में रखते हुए समाज के हित में कार्य करूंगा, इसके पहले में जो कार्य समाज के भीतर संपन्न कराया गया है उन्हें सभी सामाजिक बांधों का पूर्ण सहयोग मिला और आशा करता हूं कि इस बार भी मुझे सामाजिक बांधों का पूर्ण रूप से सहयोग प्राप्त होगा! केशवराव लांजेवर, लक्ष्मी चंद, अशोक सहारे, सुखदेव राऊत, भीमराज गायधने, मंसाराम बानेवार, मोती राम मांदूरकर, बिसराम बनाकर, सेवकराम लां जेवार, गणेश प्रसाद बानेवार, बेनी राम मंदुरकर फूलचंद नंदरधने, गणेश प्रसाद बनकर, चुन्नीलाल, दशरथ ऊपरीकर, बलिराम नेरकर, लेखराम बनकर, भोलाराम राऊत, सूरज नारायण बागडे हेमराज राऊत, चतुर्भुज बनकर, दादू लाल नंदरधने, संतोष सहारे, शैलेंद्र राऊत, अनंतराम नेरकार, सुरेंद्र ऊपरिकर, कोदोराव राऊत, देवीलाल सहारे, रोमिला लांजेवार, तारा डोगरवार, योगेश्वरी नंदरधने, सत्यभामा नंदरधने, जय श्री लांजेवार, योगेश्वरी लां जेवर मीराबाई बागड़े, अंजना बनकर, चंद्रकला बनकर, यशोदा बनकर, फूलवंता बनकर, वंदना मंदुरकर अनीता ऊपरीकार रुकमा बनकर सरिता लाजेवार, चेतनबाई तोरणकार, भूपेंद्र राऊत, मुकेश लांजेवार, मेघराज ऊपरीकर, शेषराम चोपकर, थानसिंह ऊपरीकर, सूरज कडूकर तुकाराम कडूकर उमेश्वरी बानेवार,एवं भारी संख्या में समाज सामाजिक बंधु एवं महिलाएं शामिल रही केशवराव लांजेवर, लक्ष्मी चंद, अशोक

सहारे, सुखदेव राऊत, भीमराज गायधने, मंसाराम बानेवार, मोती राम मांदूरकर, बिसराम बनाकर, सेवकराम लां जेवार, गणेश प्रसाद बानेवार, बेनी राम मंदुरकर फूलचंद नंदरधने, गणेश प्रसाद बनकर, चुन्नीलाल, दशरथ ऊपरीकर, बलिराम नेरकर, लेखराम बनकर, भोलाराम राऊत, सूरज नारायण बागडे हेमराज राऊत, चतुर्भुज बनकर, दादू लाल नंदरधने, संतोष सहारे, शैलेंद्र राऊत, अनंतराम नेरकार, सुरेंद्र ऊपरिकर, कोदोराव राऊत, देवीलाल सहारे, रोमिला लांजेवार, तारा डोगरवार, योगेश्वरी नंदरधने, सत्यभामा नंदरधने, जय श्री लांजेवार, योगेश्वरी लां जेवर मीराबाई बागडे, अंजना बनकर, चंद्रकला बनकर, यशोदा बनकर, फूलवंता बनकर, वंदना मंदुरकर अनीता ऊपरीकार रुकमा बनकर सरिता लाजेवार, चेतनबाई तोरणकार, भूपेंद्र राऊत, मुकेश लांजेवार, मेघराज ऊपरीकर, शेषराम चोपकर, थानसिंह ऊपरीकर, सूरज कडूकर तुकाराम कडूकर उमेश्वरी बानेवार,एवं भारी संख्या में समाज सामाजिक बंधु एवं महिलाएं शामिल रही।

# चार स्कूलों पर 2-2 लाख रुपये का जुर्माना किया गया

## 03 स्कूलों की जांच 3 सदस्यों की समिति करेंगी, पालकों को आपत्ति है तो दर्ज करा सकते है, 23 स्कूलों को नोटिस जारी किया जायेगा

बालाघाट ( पदमेश न्यूज़ )। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने मंगलवार देर शाम को फीस वृद्धि करने वाले स्कूलों के साथ बैठक की। बैठक में स्कूलवार जिला शिक्षा कार्यालय और ऑनलाईन प्रस्तुत की गई रिपोर्ट के आधार पर जानकारी ली गई। स्कूलों द्वारा प्रस्तुत की गई जानकारी के अनुसार स्कूलों से फीस स्ट्रक्चर, ड्रेसकोड, शूज और पुस्तकों के प्रकाशन और प्राप्ति स्थलों आदि के संबंध में विस्तार से पुछा गया। बैठक के पश्चात् कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने आयडियल पब्लिक स्कूल वारासिवनी, सेंटमेरी स्कूल बालाघाट, दिल्ली किड्स पब्लिक स्कूल और किड्स क्लाउड स्कूल पर 2-2 लाख रुपये का जुर्माना किया गया है। इसके अलावा तीन स्कूलों में हट्टा के विक्रम हायर सेंकेंडरी स्कूल, दिल्ली किड्स पब्लिक स्कूल और किड्स क्लाउड स्कूल की जांच एसडीएम की अध्यक्षता में तीन सदस्यों द्वारा की जायेगी। यह जांच बुधवार से ही प्रारंभ होगी तथा शनिवार तक इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये है। जांच के बिंदु फीस स्ट्रक्चर के अलावा मान्यता प्राप्ति के आधार और जिम्मेदार अधिकारियों के संबंध में भी छानबीन करने के निर्देश दिये गये है। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एके उपाध्याय, डीपीसी डॉ. महेश शर्मा और दोनो विभागों का अमला उपस्थित रहा।



### 10 प्रतिशत से अधिक फीस ली है तो अभिभावक आपत्ति ले सकेंगे

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने बैठक के दौरान उन स्कूलो को चेतावनी देते हुये कहा कि यदि स्कूल प्रबंधन द्वारा ऑनलाईन व शिक्षा कार्यालय में बढ़ाई गई फीस स्ट्रक्चर की प्रस्तुत की गई जानकारी से ज्यादा फीस वसुली गयी है तो अभिभावकों को फीस वापस करेंगे। इसके अलावा अगर अभिभावक और स्कूल प्रबंधन राजी है तो फीस एड्जेस्ट की जायेगी। ज्यादा फीस वसुली के मामले में अभिभावक ई-गवर्नेंस के विवेक मेश्राम के न. 7828665102 और शिक्षा विभाग के सहायक संचालक सीएस मरावी के न.9407051904 पर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है। फीस वृद्धि करने वाले स्कूलों की सूची जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा पृथक से जारी की जायेगी।

### राज्य शासन के निर्देशों के पालन में 23 स्कूलों ने जानकारी प्रस्तुत नही की

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने 23 स्कूलों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये है। जिन्होंने आज दिनांक तक राज्य शासन के निर्देशों के परिपालन में जानकारी प्रस्तुत नही की है। इन स्कूलों से 2-2 लाख रुपये का जुर्माना लगाने के संबंध में स्पष्टीकरण लिया जायेगा। जानकारी प्रस्तुत नही करने वाले स्कूलों में डीपीएस हायर सेकेंडरी स्कूल खुरसोड़ी, ओजस ग्लोबल स्कूल देवटोला, चित्रगुप्त हायर सेकेंडरी स्कूल बालाघाट, मेथोडिस्ट मिशन स्कूल बालाघाट, ज्ञानदीप हायर सेकेंडरी स्कूल, रोजवेली इंग्लिस स्कूल कोसमी, बाल विकास शिशु मंदिर कटंगी, गोल्डन ट्यूलिप इंटरनेशनल स्कूल कटंगी, शिवम हायर सेकेंडरी स्कूल कटंगी, कोबरा मोंटेशरी स्कूल बड़गांव, बिसेन इंग्लिस मीडियम स्कूल उकवा, गुरुकुल हाईस्कुल परसवाड़ा, रविंद्रनाथ टैगोर उकवा, ब्राईट फ्युचर इंग्लिस स्कूल बिरसा, एजुकेटर्स इंग्लिस स्कूल भीमजोरी बिरसा, मेथोडिस्ट मिशन स्कूल बैहर, मिशन को-एजुकेशन मिडिल स्कूल बैहर, सेंट्रल इंडिया एकेडमी लांजी, ग्रीनवेली पब्लिक स्कूल गर्रा, वैदिक कांवेंट हायर सेकेंडरी स्कूल लालबर्रा, एजुकेयर पब्लिक स्कूल लालबर्रा, गंगा हायर सेकेंडरी स्कूल डोंगरमाली और रिडल्स हायर सेकेंडरी स्कूल डोंगरमाली वारासिवनी स्कूल को नोटिस जारी किया जायेगा।







# बटांकन व सीमांकन नहीं करने पर दो राजस्व निरीक्षकों की वेतनवृद्धि रोकी जाएगी

## पब्लिक न्यूसेंस में प्रकरण दर्ज कर सुनवाई करने के निर्देश, 65 आवेदनों की जनसुनवाई कलेक्टर, अपर कलेक्टर, जिपं सीईओ और एसडीएम ने की

बालाघाट ( पदमेश न्यूज़ )। मंगलवार को हुई जनसुनवाई में 65 आवेदकों की समस्याओं को कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे, जिपं सीईओ डीएस रणदा और एसडीएम गोपाल सोनी ने गंभीरता पूर्वक सुनते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जनसुनवाई के दौरान आवेदकों द्वारा प्रस्तुत किये गए आवेदन पर दो राजस्व निरीक्षकों की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए है। एक मामला लांजी अनुभाग के बिझलगांव और एक खैरलांजी तहसील में नवेगांव का है। नवेगांव के झनकलाल मगरिया ने आवेदन के माध्यम से बताया कि बटांकन कर सीमांकन के लिए पहले 10 अगस्त 23 को और फिर 14 मार्च 24 को आवेदन दिया था। मगर अभी तक स्थिति वही है। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संज्ञान लेते हुए तहसीलदार से वीसी के माध्यम से चर्चा की। तहसीलदार द्वारा बताया गया कि आरआई द्वारा प्रकरण प्रस्तुत नहीं किया गया। इस पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने आरआई की एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए। साथ ही वारासिवनी एसडीएम आरआर पांडे को खैरलांजी तहसील न्यायालय का निरीक्षण करने के निर्देश दिए है। एक अन्य मामलें में लांजी में बिझलगांव के गेंदालाल बिलोने ने भी एक वर्ष पूर्व आवेदन बटांकन कर सीमांकन के लिए किया था। लेकिन तहसीलदार द्वारा आरआई को पत्र जारी करने के पश्चात भी आरआई द्वारा निरीक्षण रिपोर्ट आदि प्रस्तुत नहीं की गई। इस कारण अब तक सीमांकन नहीं हो पाया है। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने एसडीएम श्री प्रदीप कौरव से वीसी के माध्यम से वस्तुस्थिति जानी और आरआई की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिये है।

### पॉल्ट्री फॉर्म पर लिए संज्ञान

जनसुनवाई के दौरान बैहर में भीमजोरा के आवेदक ने वहां स्थापित पॉल्ट्री फॉर्म की शिकायत की। इस पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने एसडीएम को मौका निरीक्षण कर आवश्यक होने पर पब्लिक न्यूसेंस में धारा 133 में प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रकरण दर्ज कर सुनवाई करने के निर्देश दिए है।



### सोनेवानी के लक्ष्मीकांत को मिल रही है पेंशन कलेक्टर ने की रेडक्रास से आर्थिक सहायता

जनसुनवाई के दौरान सोनेवानी के लक्ष्मीकांत गौतम ने आवेदन प्रस्तुत कर आर्थिक सहायता की मांग की। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने आवेदक की स्थिति और दिव्यांगता देखी तो पेंशन के बारे में जाना। लेकिन आवेदक को इसकी कोई जानकारी नहीं थी। जिपं सीईओ श्री रणदा ने आवेदक की पेंशन सम्बंधी जानकारी निकाली तो पता चला पेंशन पूर्व से ही मिल रही है। साथ ही कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने लक्ष्मीकांत को 3 हजार रुपये की आर्थिक सहायता रेडक्रास से जारी करने के निर्देश दिए।

### आवेदक को भी मौके पर भेजा

एसडीएम श्री सोनी ने जनसुनवाई करते हुए बंधी हुई पर खुलवाने के लिए आवेदन की फोटो लेकर तुरंत पटवारी को मौके पर जाकर निराकरण के निर्देश दिए। साथ हो आवेदक को भी उन्होंने मौके पर जाकर पटवारी के सामने तुरन्त पार खुलवाने की बात कहीं।













स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.९, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट